दैनिक

# शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ ...



दैनिक शुभ भास्कर
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें
मो० : 7764978689



वर्ष-01 अंक-79 RNI UP HIN/2015/64737 पृष्ठ:8, मुल्य=4रूपया मंगलवार, 14 मार्च 2023


## संक्षिप्त समाचार

### मजदूरी नहीं मिलने से नाराज मजदूर ने मनरेगा कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**दैनिक शुभ भास्कर बांका।** जिले के धोरैया प्रखंड के अंतर्गत कुर्मा पंचायत के मजदूरों को मनरेगा कार्य करने के बाद भी मजदूरी नहीं मिलने से आक्रोशित मजदूरों ने सोमवार को मनरेगा कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। मंडार डेरु गांव के रहने वाले दर्जनों महिला और मजदूरों ने बताया कि उन लोगों ने शीतला मंदिर तालाब की खुदाई का कार्य किया। लेकिन 15 से अधिक दिन का समय हो गया फिर भी उनके बैंक खाते में मजदूरी नहीं नहीं भेजा गया। मजदूरी भुगतान को लेकर एक नहीं कई बार पंचायत रोजगार सेवा को भी कहा गया है लेकिन कोई प्रभाव नहीं पड़ा जिससे परेशान होकर महिला हाथों में डलिया और कुदाल लेकर प्रखंड मुख्यालय आ पहुंचे। जिसे देख मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार ने उनकी समस्या से अवगत होते हुए पंचायत रोजगार सेवक के कार्यों से नाराजगी जताते हुए अभिलंब बैंक जाकर मजदूरों के बैंक खाते में राशि भुगतान करने का निर्देश दिया। उसके बाद सीओ के आश्वासन पर सभी महिलाएं और मजदूर वापस लौट गए।

# विपक्षी दलों में दिख रही तालमेल की कमी, खरगे की बैठक से TMC-BRS और सपा ने बनाई दूरी; कहीं यह वजह तो नहीं

## क्षेत्रीय दलों के बीच तालमेल की कमी

कांग्रेस के साथ असहज रिश्तों के चलते विपक्षी बैठक से दूरी बनाने का तृणमूल कांग्रेस का रूख तो अब जगजाहिर है, मगर बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन समाजवादी पार्टी और भारत राष्ट्र समिति जैसे दलों ने भी विपक्ष की बैठक में शामिल न होकर विपक्षी खेमे में सब कुछ दुरूस्त नहीं होने के फिर पुख्ता संकेत दिए। वहीं, आम आदमी पार्टी का संसद में विपक्ष की साझा रणनीति की बैठक में शामिल होना भी इस बात के संकेत हैं कि तमाम क्षेत्रीय दलों के बीच भी आपसी तालमेल का अभाव है।

**● सपा की बैठक से दूरी विपक्ष के लिए बना चिंता का विषय**

बीआरएस नेता तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता की ईडी द्वारा दिल्ली शराब नीति विवाद में की गई पूछताछ के प्रकरण में कांग्रेस ने जिस तरह न केवल दूरी बनाई, बल्कि कविता पर इसमें शामिल होने का आरोप लगाया, उसे देखते हुए बीआरएस की खरगे की बैठक से अनुपस्थिति समझी जा सकती है, लेकिन जेपीसी मांग पर मुखर रही सपा की बैठक से दूरी जरूर विपक्षी खेमे की चिंता में इजाफा करेगा।

**● क्षेत्रीय दलों के बीच तालमेल की कमी**

विपक्षी खेमे की राजनीति करने वाले इन क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस के असहज रिश्ते नई बात नहीं है, मगर दिलचस्प यह है कि अब इन क्षेत्रीय दलों के बीच आपसी तालमेल की कमी नजर आ रही है। तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और बीआरएस के बीच तमाम मुद्दों पर पिछले कुछ अर्से के दौरान निकटता रही है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरूपयोग का मुद्दा प्रमुखता से उठाने को लेकर 'आप' आक्रामक है और खरगे की बैठक में भी उसने अदाणी के साथ इस मसले पर अपने तेवर दिखाए, लेकिन बीआरएस और टीएमसी यहां 'आप' के तेवरों में सुर मिलाने के लिए मौजूद नहीं थे।

**टीएमसी, सपा और बीआरएस के नेता बैठक से रहे गायब**

अदाणी मुद्दे पर बजट सत्र के पहले चरण में तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर विपक्ष की लगभग तमाम पार्टियां कांग्रेस की अगुवाई में सरकार को घेरने के लिए संयुक्त रणनीति बनाने पर एकजुट रही थीं, लेकिन सोमवार को सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में हुई विपक्षी दलों की बैठक में बेशक 16 पार्टियां शामिल हुईं, मगर टीएमसी, सपा और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का कोई नेता इसमें शामिल नहीं हुआ।

**खरगे की बैठकों में नहीं शामिल हो रही टीएमसी**

सत्र के पहले हिस्से में कुछ दिनों तक टीएमसी विपक्ष की बैठक में शामिल हुई थी, मगर अदाणी मुद्दे पर जेपीसी की कांग्रेस और अन्य दलों की मांग से दूरी बनाकर तृणमूल कांग्रेस ने खरगे की बैठकों में जाना छोड़ दिया था, जबकि सपा और बीआरएस के नेता लगभग हर विपक्षी बैठक का हिस्सा रहते थे।

# जलालपुर उपप्रमुख संजय यादव ने कंप्यूटर प्वाइंट का फीता काट कर किया शुभारंभ

**दैनिक शुभ भास्कर**
**सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

आपको बता दें कि रोजगार के अवसर पैदा करने और युवाओं को हुनरमंद बनाने को लेकर केंद्र और राज्य सरकार ने जोर दिया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने युवाओं को तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने की बात की जा रही है। गरीब तबके के बच्चों को उच्च शिक्षा पाने की चाह अब सपना बन कर नहीं रह जाएगी। गरीब बच्चों के सपनों को पंख स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत मिल रहा है। सरकार की नई योजना से उच्च शिक्षा की राह थोड़ी आसान हुई। योजना के तहत ग्रेजुएशन, एमबीए तथा अन्य कोर्स के लिए बच्चों को ऋण देकर उनको उच्च शिक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। कंप्यूटर प्वाइंट के डायरेक्टर भूषण ने बताया कि सरकार की ओर से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम तीन योजनाएं चल रही है। जो हमारे यहां भी कराई जाएगी। बच्चे यहां से भी आगे जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 42 विषयों के लिए आसान दर से छात्रों को ऋण देकर उनको उच्च शिक्षा दिलाना मुख्य उद्देश्य है। स्वयं सहायता भत्ता योजना के तहत इंटर पास करने के बाद पढ़ाई छोड़ देने वाले छात्रों को चिह्नित कर उनको भत्ता देने का काम किया जाता है। कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत तकनीक के क्षेत्र में बच्चों को शिक्षित करने के लिए कंप्यूटर आदि का ज्ञान दिया जाता है। अब क्रेडिट कार्ड योजना में ऋण की राशि में भी लैपटॉप, कोचिंग का फीस, हॉस्टल की सुविधा तथा किताबों के दाम भी शामिल कर दिए गए हैं। श्री भूषण ने बताया कि जो छात्र आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं वो कुछ शर्त तथा नियमों का पालन करते हुए ऑनलाइन आवेदन कर के इस योजना का लाभ पा सकते है। युवतियों के लिए मात्र एक प्रतिशत की दर से तथा युवाओं को चार प्रतिशत की दर से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। बिहार क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत बीकॉम, एमकॉम, बीसीए, एमसीए,बीबीए, बीएसी सूचना एवं प्रौद्योगिकी, बीएसी कंप्यूटर अप्लीकेशन, बीएसी एग्रीकल्चर, होटल मैनेजमेंट, फैसन डिजाइन, बीटेक, पॉलिटेकनीक समेत कुल 42 कोर्स के लिए इस योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराई जा रही है।

> श्री भूषण ने बताया कि जो छात्र आगे की पढ़ाई करना चाहते हैं वो कुछ शर्त तथा नियमों का पालन करते हुए ऑनलाइन आवेदन कर के इस योजना का लाभ पा सकते है। युवतियों के लिए मात्र एक प्रतिशत की दर से तथा युवाओं को चार प्रतिशत की दर से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

## बाइक टक्कर में घायल हुए की मौत

मनेर। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर रविवार की देर शाम बैंक ऑफ इंडिया के समीप दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में घायल व्यक्ति की सोमवार की सुबह मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मनेर थाना क्षेत्र के छिहत्तर गांव के निवासी मनोज राय के पुत्र कुणाल उर्फ बबलू व रामपुर दियारा निवासी सन्नी कुमार की बाइक आमने सामने टकरा गई थी।जबरदस्त टक्कर में दोनों ही गम्भीर रूप से घायल हुए थे दोनों को इलाज के लिए पटना रेफर किया गया था।जहां सोमवार को इलाज के दौरान छिहत्तर निवासी मनोज राय के पुत्र कुणाल कुमार और बबलू की मौत हो गई।

# कांग्रेस का केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोल

महंगाई, बेरोजगारी और अदाणी समूह के मामले में केंद्र सरकार की चुप्पी पर कांग्रेस ने आज देशभर में शक्ति प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने इन मुद्दों के साथ किसानों को गेहूं का समर्थन मूल्य तीन हजार रुपये प्रति क्विंटल देने की मांग को लेकर कई राज्यों के राजभवन का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं की पुलिस से झड़प भी हो गई। भोपाल में कांग्रेस कार्यकताओं जैसे ही राजभवन का घेराव करने के लिए निकले पुलिस ने उन्हें रंगमहल के नजदीक ही बैरिकेड लगाकर रोक दिया। इस बीच कार्यकताओं ने बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश की तो पुलिस ने वाटर कैनन से उन्हें खदेड़ दिया।उत्तराखंड कांग्रेस ने भराड़ी सेन में राज्य के बजट सत्र के पहले दिन अदाणी-हिंडनबर्ग मुद्दे पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकताओं ने पार्टी के झंडे लेकर सरकार की गलत नीतियों का विरोध किया। केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने चंडीगढ़ में भी विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी ने राजभवन के बाहर धरना दिया और अदाणी मामले की जांच की मांग की। इस बीच प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि राहुल गांधी ने इस मुद्दे को संसद में रखा और जेपीसी की मांग की, लेकिन सरकार कुछ करने का नाम नहीं ले रही है।

# हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा- राहुल गांधी ने भारतीय संसद का किया अपमान

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बनेगा विश्व गुरु

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कर्नाटक में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी लंदन यात्रा के दौरान अपनी टिप्पणी से विदेशी धरती पर भारतीय संसद का अपमान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के किसी भी देश में जाते हैं तो वह अपनी मातृभूमि की तारीफ करते हैं। चुनावी राज्य कर्नाटक के कोप्पल क्षेत्र के गंगावती में रविवार को एक 'विजय संकल्प' रैली में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी कर्नाटक और देश के बाकी हिस्सों के विकास के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी जब अमेरिका या फिर लंदन की यात्रा करते हैं तो वह हमारे देश की प्रशंसा करते है। हालांकि जब राहुल गांधी लंदन गए तो उन्होंने हमारी संसद को गाली दी। मुख्यमंत्री सरमा ने कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के लिए कर्नाटक आए और बाद में उन्होंने लंदन में जाकर भारत तोड़ो की बात की। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के लिए कर्नाटक आए और फिर लंदन में भारत तोड़ो के बारे में बात की। जब वह यात्रा के लिए कर्नाटक आए तो मैंने उनसे पूछा था कि साल 1947 में भारत को किसने तोड़ा। आपके नाना ने ऐसा किया था।" कर्नाटक के लोगों से आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता में वापस लाने का आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश 'विश्व गुरु' बनेगा। मालूम हो कि कर्नाटक में जून से पहले चुनाव होने हैं, क्योंकि 224 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 24 मई को समाप्त होने वाला है।

# अंकिता भंडारी हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जांच पर मांगी स्थिति रिपोर्ट, याचिका में CBI जांच कराने की मांग

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में सोमवार को प्रदेश सरकार से जांच को लेकर स्थिति रिपोर्ट दायर करने को कहा। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने एक पत्रकार और अंकिता के परिवार की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए उप महाधिवक्ता जतिंदर कुमार सेठी से कहा कि अब तक हुई जांच पर स्थिति रिपोर्ट दायर की जाए। याचिका में सीबीआई जांच कराने की मांग- याचिका में आग्रह किया गया है कि इस मामले की सीबीआई जांच कराई जाए।

सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं के वकील ने जांच के तरीके को लेकर कई सवाल खड़े किए और दावा किया कि राज्य पुलिस द्वारा की गई जांच में कई खामियां हैं। सेठी ने कहा कि इस तरह की याचिकाओं से राज्य पुलिस का हौसला टूटता है, जबकि उसने अच्छा काम किया है। अंकिता भंडारी की हुई थी हत्या- ऋषिकेश के निकट वनंतरा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करने वाली अंकिता भंडारी की उसके मालिक पुलकित आर्य और उसके दो साथियों ने कथित तौर पर हत्या कर दी थी। इस मामले में आरोपी जेल में है। इस हत्या मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने इनके खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया है। सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं के वकील ने उठाए जांच के तरीके पर सवाल- मालूम हो कि अंकिता भंडारी की हत्या के खिलाफ बढ़ते विरोध के बीच विनोद आर्य को भाजपा से निष्कासित कर दिया गया था। मामले में आर्य समेत तीन आरोपी हत्या के आरोपों का सामना कर रहे हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकताओं के वकील ने जांच के तरीके पर कई सवाल उठाए और दावा किया कि राज्य पुलिस द्वारा की गई जांच में कई खामियां थीं। सेठी ने वैज्ञानिक और फोरेंसिक उपकरणों के साथ एक पेशेवर काम करने और जांच में पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया।

# ईडी रेड को लेकर तेजस्वी यादव का खुलासा, बोले- छापेमारी खत्म होने के बाद भी बैठी रही टीम, जानें क्या था कारण

**रिपोर्ट : स्वेता कुमारी पटना :** राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने ईडी रेड को लेकर बड़ा खुलासा किया है. दिल्ली से पटना पहुंचे तेजस्वी यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए छापेमारी की पूरी कहानी शेयर की. उन्होंने कहा कि जब सीबीआई और ईडी वाले मेरे घर पहुंचे, तो उनकी तलाशी का काम आधे घंटे में ही खत्म हो गया. उसके बाद भी वे लोग बैठे रहे. हम लोगों ने उनसे पूछा कि भाई काम खत्म हो गया है तो जाइये. लेकिन वे बिना कुछ बोले बैठे रहे. थोड़ी देर बाद पता चला कि उन्हें ऊपर से आदेश था कि वहीं बैठे रहना है, ताकि मीडिया में लगातार खबर चलती रहे. लोगों को लगे कि बड़ी छानबीन हो रही है. तब हमलोगों ने छापेमारी करने आये अधिकारियों की जमकर खातिरदारी की. उन लोगों के लिए चाय-नाश्ता

और खाने की व्यवस्था की. तेजस्वी यादव ने कहा कि घर आये ईडी के अधिकारियों के स्वागत में उन्होंने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी. दिल्ली दौरे से पटना लौटने के बाद तेजस्वी यादव सदन की कार्यवाही में शामिल होने के लिए विधानसभा पहुंचे. हालांकि विधानसभा पहुंचने के बाद सदन में जाने से पहले वो सीधा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेंबर में गये. तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बात कर ईडी की छापेमारी से जुड़ी जानकारी उन्हें दी और बताया कि दिल्ली में उनके आवास में क्या-क्या हुआ. इस दौरान सीएम नीतीश के चैम्बर में पहले से कई जदयू के नेता और मंत्री मौजूद थे. तेजस्वी यादव सीएम के पास बैठ और पूरे मामले पर नीतीश से बात की. मंत्री संजय झा की मौजूदगी में तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री को मोबाइल पर कुछ दिखाया. इसके बाद मुख्यमंत्री अपने चैंबर से बाहर निकल गये और सदन की कार्यवाही में शामिल हुए, हालांकि तेजस्वी यादव काफी देर तक नीतीश कुमार के चैंबर में ही बैठे रहे और वहां मौजूद मंत्रियों से बात करते रहे. तेजस्वी यादव ने मंत्रियों से कहा कि सिर्फ मेरे यहां नहीं बल्कि मेरी बहनों के यहां छापेमारी की गयी. मेरी चार बहनों के यहां रेड डाला गया. मेरी कई बहन राजनीति में है भी नहीं उनके यहां भी छापा पड़ा. जिन बहनों के यहां छापा पडा उनकी शादी भी 2012 के बाद हुई है. मेरी बहनें अच्छे घर में ब्याही हैं. उनकी सास, ननद तक का पहना हुआ गहना सीज कर लिया गया और फोटो खींच कर डाल दिया गया कि इतना गहना बरामद हुआ. तेजस्वी यादव ने कहा कि ये भाजपाई राजनीतिक साजिश और फर्जी मुकदमा कर रहे हैं. जिस दिन सरकार बनी थी उस दिन मैंने कहा था कि ऐसी कोशिश होगी. पूर्णिया की रैली में जिस तरह से जनसमूह आया, उससे इन लोगों को डर लगा. ये लोग जानते हैं कि 2024 की असली लड़ाई में ये लोग कहीं टिकने वाले नहीं हैं. तभी झूठे मुकदमे और फर्जी छापेमारी का सहारा ले रहे हैं.

# भाजपा बुथ शशक्ति करण कार्यशाला आयोजन

**मनेर।** सोमवार को देवी स्थान, गौरैया टोली स्थित मनेर विधानसभा अल्पकालिन विस्तार एवं बुथ शशक्ति करण कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसमें मनेर विधानसभा के पाँच मंडल के विस्तारक एवं शक्ति केन्द्री प्रभारी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता व विधानसभा संयोजक शशांक धर शर्मा उर्फ चुन्नू शर्मा ने किया। कार्यक्रम में संगठन को विस्तार करने, संगठन और बूथ मजबूती पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ने पर निर्णय लिया गया। इसके अलावा आने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियां में अभी से जुटने की अपील की। मौके पर कार्यक्रम में नवनिर्वाचित भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार, दियारा मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, द्वारिका प्रसाद मुंशी, चन्द्रशेखर सिंह, चन्द्रभूषण पान्डे, अनोज कुमार, मनोज यादव, अजय यादव, धीरज यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मनेर में बालू लदे ट्रैक्टर पलटने से दो भाइयों की मौत

मनेर। सोमवार को डुमरिया बांध के पास ओवर लोड बालू लदा एक ट्रैक्टर के पलटने से दो लोग दब गए। जिसमें ट्रैक्टर ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। वही गंभीर रूप से घायल हुआ दूसरा युवक की इलाज के क्रम में पीएमसीएच में मौत हो गयी। दोनों मृतक आपस में संगे भाई बताए जा रहे है। मौत के बाद परिजनों के बीच कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि सुअर मरवा पश्चिमी निवासी उमेश राय के पुत्र रणजीत कुमार 30 वर्षीय व बिट्टू कुमार चौरासी सोन नदी के बालू घाट से बालू लोडिंग करने के बाद डुमरिया के रास्ते मनेर आ रहे थे। इसी क्रम में बांध के पास इनकी ट्रैक्टर का इंजन असंतुलित होकर ट्राली समेत पलट गई।जिसमे रंजीत कुमार एवं बिट्टू कुमार दोनों दब गए। आस पास के लोगों ने काफी मशक्कत के बाद ट्राली के नीचे से निकलने के बाद मनेर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया।

जिसमें डॉक्टर ने रंजीत को काफी देर पहले ही मरने की बात बताई। वही गंभीर रूप से घायल हुए बिट्टू को उचित इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। इलाज के दौरान बिट्टू की भी मौत हो गई। मौत की घटना के बाद परिजनों के बीच कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि रणजीत की शादी मनेर के ब्रह्मचारी में तय हुई थी। दो दिनों पूर्व में छेंका भी हुआ था। दोनों के शव का एक ही साथ रामपुर घाट पर अंत्योष्टि की गई।

# 18 हाफिजों का हुआ जलसा दस्तार ए बन्दी

**मनेर।** नगर के मेहदावा स्थित के जामिया दीनिया मदसरे में जलसा दस्तार ए बंदी का आयोजन किया गया। जिसमें अठारह बच्चों को हाफिज ए कुरआन मौलाना अयूब निजामी कासमी नाजिम मदरसा सौत अल-कुरान दानापुर के द्वारा दी गई। साथ ही हाफिजों की दस्तार ए बन्दी (पगड़ी ) बांधी गई। मौलाना अयूब निजामी कासमी ने कहाकि जिसने अपने नबी को छोड़ दिया वो कौम खत्म हो जाएगी। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के लोगों को झूठ से परहेज करने की नसीहत दी और कहा नबी की सुन्नत को अमल करें। ज्यादा से ज्यादा इल्म हासिल करें। वही मौलाना गुलाम सर्वरंदवी ने कहा कि जब तक हम धार्मिक शिक्षा और पैगंबर की सुन्नत और पैगंबर की नैतिकता से लैस नहीं होंगे और जब तक उम्मत दुनिया के सामने पैगंबर की नैतिकता को पेश

नहीं करेगी, तब तक इसका पतन होता रहेगा। जलसे में आए और आलिमों ने सामाजिक सद्भावना बनाने की गुजारिश की और इल्म पर जोर देने को कहा। वहीं बीच बीच मे आए शायरों के नात पर लोग झूमते नजर आए। मौके पर ब्यापुर मस्जिद के इमाम मुफ्ती इम्तियाज कासमी और मदरसा सौत-उल-कुरान के शिक्षक मुफ्ती हैदर कासमी, मोहम्मद खुर्शीद आलम, अब्दुल्ला आजाद रहमानी, सैय्यद इरफान अहमद, मोहम्मद परवेज, मोहम्मद सरफराज, सय्यद आसिफ अहमद समेत कई लोग थे।

## ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन सौराठ सभा में 19 मार्च को, तैयारी अंतिम चरण में : संजीव मिश्रा

**सौराठ सभा गाछी।**

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा परशुराम सेवा संस्थान के बैनर तले ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन सौराठ सभा 19 मार्च को आहूत है। कार्यक्रम की तैयारी अंतिम चरण पर है। उक्त बात राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के पंडित संजीव मिश्रा ने कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के दौरान कही । श्री मिश्रा ने सभी परशुराम चाणक्य परिवार को आमंत्रित करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक सम्मेलन 19 मार्च को सौराठ आना है। मधुबनी टाउन क्लब मैदान से 9 बजे सुबह सभा गाछी पहुंचेंगे ।

## अखिल भारतीय हिंदू जागरण सेवा समिति के सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ्यक्रम में पूर्व विधायक अमरनाथ गामी के साथ समिति के कई कार्यकताओं पर हुआ जानलेवा हमला

**दरभंगा से सुमित झा की रिपोर्ट**

अखिल भारतीय हिंदू जागरण सेवा समिति के द्वारा प्रत्येक शनिवार को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ आयोजन किया जाता है इसी क्रम में कल शनिवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन के क्रम में मनोकामना मंदिर के बाहर कुछ असामाजिक तत्व मोटरसाइकिल से आए और अखिल भारतीय हिंदू जागरण सेवा समिति के सदस्यों पर हमला किया जिसमें 2 लोगों को चोटे भी आई उसी क्रम में आज पूर्व विधायक अमरनाथ गामी के द्वारा प्रेस वार्ता कर घटनाक्रम को बताया गया जिसमें उन्होंने कहा की कल दिनांक 11 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में 4 परिवार वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच जन्मोत्सव विवाह उत्सव हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के साथ शुरूआत की गई जिसमें इस तरह की घटना हुई उसी के साथ उन्होंने बताया कि पूर्व से ही मंदिर के पुजारी को इस कार्यक्रम से दिक्कत महसूस हो रही थी लेकिन इस घटनाक्रम पर उन्होंने कहा कि इसमें वह हैं कि नहीं यह बात

की स्पष्टता उन्होंने नहीं किया लेकिन कल जो घटना हुई उसको लेकर के 2 लोगों के द्वारा विश्वविद्यालय थाना में आवेदन दिया गया आवेदन के साथ पुलिस प्रशासन वहां कार्रवाई के लिए पहुंची तो दो बाइक बरामद की गई है आगे इस तरह की घटना ना हो इसको लेकर उन्होने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था की भी गुहार की है ताकि सनातन धर्म को आगे बढ़ाने में सनातनी लोगों को भक्ति भाव से इस तरह का कार्यक्रम करने में कोई दिक्कत ना हो अगर सुरक्षा व्यवस्था नहीं दी जाती है इस तरह का कार्यक्रम आगे वहां किया जाएगा या नहीं मीडिया के इस सवाल पर उन्होने कहा की शुक्रवार को विशेष प्रेस वार्ता कर बताएंगे

## बांका डीएम अंशुल कुमार ने जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर बांका।** जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सोमवारीय बैठक 10:00 बजे पूर्वाहन में आयोजित की गई । जिसमें विभिन्न कार्यालयों में लंबित पत्रों के निष्पादन की प्रगति की समीक्षा की गई तथा काफी दिनों से लंबित पत्रों के तुरंत निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता, बांका, उप विकास आयुक्त, बांका, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बांका, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, बांका, वरीय कोषागार पदाधिकारी, बांका, जिला नियोजन पदाधिकारी, बांका, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, बांका, जिला मत्स्य पदाधिकारी, बांका एवं अन्य वरीय जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बांका के डीलरों ने लगाया संगीन आरोप, सवालों के घेरे में एमओ एवं एफसीआई गोदाम संचालक

**दैनिक शुभ भास्कर रंजन कुमार,धोरैया,बांका**

बांका जिले के धोरैया प्रखंड अंतर्गत ग्राम देवडांड़ में ग्रामीणों ने डीलर पर गंभीर आरोप लगाया हैं। राशन लेकर जा रहे स्थानीय लोगों ने बताया कि डीलर नीलम कुमारी के पति के द्वारा कम राशन दिया जाता है तथा लाभुकों का राशन कार्ड ले लिया जाता है। और लाभुक को रसीद भी नहीं दिया जाता है। इसके साथ साथ और कई ग्रामीणो ने कहा कि बहुत जगह उसना चावल दिया जाता है लेकिन यहां सब दिन अरवा चावल दिया जाता है। और जब इस मामले में डीलर से पूछा जाता है तो वह कहते हैं मुझे जो मिलेगा वही ना देंगे ऊपर से मुझे अरवा चावल ही मिलता है इसलिए देते हैं। साथ ही डीलर के ऊपर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डीलर कहता है लेना है

तो लो नहीं तो यहां से जाओ जहां मन है वहां जाकर ले सकते हो। जब इस मामले में डीलर से बात किया गया तो उन्होंने बचते हुए अपने वरीय अधिकारी को घसीटते हुए कहा राशन काटने का मुख्य कारण है कि मुझे ऊपर से ही कम राशन दिया जाता है। जिसके वजह से हम आधा किलो 1 किलो राशन काट कर दूसरे लोगों को पूरा को पूरा करते हैं जब उनसे पूछा गया की रसीद क्यों नहीं देते हैं तो उन्होंने कहा कुछ परेशानी चल रहा है जिसके वजह से हम रसीद नहीं दे पा रहे हैं आगे सभी को रसीद दिया जाएगा, लेकिन जब डीलर के पास रसीद मौजूद देखा गया तो अपना पूछा गया उन्होंने बताया कि ऊपर से आदेश नहीं है देने का, जब इस मामले की जानकारी के लिए धोरैया के स्थानीय पत्रकार रंजन कुमार ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को फोन किया गया तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। इसके बाद पत्रकारों के द्वारा जिला अधिकारी को फोन किया गया तो उन्होंने कार्रवाई करने की बात कही।

# बांका बालूघाट में गोलीबारी पेट में गोली लगने से जख्मी 13 वर्षीय बच्चे के मामा ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**दैनिक शुभ भास्कर बांका।** जिले के अमरपुर थाना क्षेत्र के तेतरिया किशनपुर बालू घाट पर 9 मार्च को हुए दो पक्षों में गोलीबारी में 13 वर्षीय राजवीर कुमार के पेट में गोली लगने से जख्मी हो गया था। जिसका इलाज जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भागलपुर में चल रहा है।

जख्मी बच्चे के मामा तेतरिया किशनपुर निवासी नंद लाल यादव के 30 वर्षीय पुत्र लालू यादव ने अमरपुर थानाध्यक्ष को आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। दिए आवेदन में कहा है 9 मार्च गुरुवार रात्रि 12:30 बजे मेरा भैगना राजवीर कुमार उम्र 13 वर्ष पिता कवित यादव भागलपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के लुदनीपुर गांव निवासी जो 3 वर्ष से रहते चले आ रहे थे। मेरे घर से निकल विनय यादव की लड़की रेनू कुमारी की शादी के बारात में डीजे देखने चला गया। इसी क्रम में राजवीर कुमार को शौच लगा और वह नदी किनारे शौच के लिए चला गया। इसी क्रम में बालू माफियाओं के दो गुटों के बीच गोलीबारी होने लगा और किसी अज्ञात लोगों के गोली से मेरा भैगना राजवीर कुमार के पेट में एक गोली लगा । जिससे मेरा भैगना बुरी तरह जख्मी हो गया। हल्लागुल्ला होने के बाद मै एवं अन्य गांव के लोग दौड़ कर गए तो देखा कि मेरा भैगना राजवीर कुमार जख्मी स्थिति में गिरा पड़ा था ।वहां से अपने गांव के लोगों के सहयोग से अपने भैगना को जख्मी स्थिति में अमरपुर रेफलर अस्पताल लाया। अमरपुर रेफरल अस्पताल के डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए भागलपुर जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल भागलपुर रेफर कर दिया ।घटना के रात में ही जख्मी स्थिति में अपने भैगना राजवीर कुमार को भागलपुर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है गंभीर स्थिति होने की वजह से थाना में लिखित सूचना देने में विलंब हो गया अतः इस मामले की प्राथमिकी दर्ज कर थाना प्रभारी से उचित कार्रवाई की मांग की है।

## शिक्षकों की समस्याओं का जल्द समाधान करें विभाग अन्यथा और तेज करेंगे आंदोलन : शिशीर कुमार पांडेय

पटना....परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के राज्य कार्यालय में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमें महासंघ के प्रदेश कार्यकारी संयोजक नवनीत कुमार के दिवंगत पिताजी एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक श्री गणेश झा को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखते हुए संघीय पदाधिकारियों द्वारा दिवंगत पुण्य आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई।

शोक सभा को संबोधित करते हुए परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश संगठन महामंत्री शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि श्री झा के रूप में संगठन ने एक सच्चा मार्गदर्शक और अभिभावक खो दिया। इसके उपरांत प्रदेश संयोजक प्रणय कुमार के नेतृत्व में महासंघ के शिष्टमंडल द्वारा मंत्रियों, विधायकों एवं विधान पार्षदों को शिक्षकों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि एनआईओएस से प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों के साथ विभाग के द्वारा जो मनमानी की जा रही है, उसका शीघ्र समाधान किया जाय। साथ ही अप्रशिक्षित शिक्षकों को सेवा मुक्त करने की कार्रवाई पर तत्काल विराम लगाया जाय। परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि एनआईओएस से प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों कि हकमारी कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चरणबद्ध आंदोलन के तहत मंत्रियों, विधायकों और विधान पार्षदों को ज्ञापन सौंपा गया है। अगर विभाग द्वारा शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता है तो महासंघ द्वारा और तेज आंदोलन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के सभी संघीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## ए एम डी मकतब के बच्चों ने दिखाया जौहर

हाजीपुर( वैशाली )नगर परिषद के वार्ड नंबर 45 स्थित चकफूल सैदपुर में ए एम डी मकतब के बच्चों ने तिलावत ए कुरान,नात व नज्म,तकरीर व मोकालमा पेश किया।कार्यक्रम में मौलाना आलमगीर,मुफ्ती जमील कासमी,मुफ्ती जावेद ने संबोधित किया।इस अवसर पर मौलाना बशीर अलकमा कासमी,मौलाना आफताब आलम इमाम व खतीब जामा मस्जिद थाना मस्जिद हाजीपुर,मौलाना दानिश इमाम व खतीब जामा मस्जिद मोकीम चक,रूहुल्लाह,कारी हबीबुल्लाह,हाफिज फसीह उद्दीन उर्फ फिरदौस मदनी सेक्रेटरी जमीयत उलेमा वैशाली व खादिम जामिया दारूल कुरान माइल बिदुपुर वैशाली,इंजीनियर सईद अहमद पटना,मोहम्मद हुसैन,मोहम्मद बरकत उल्लाह,मोहम्मद जहांगीर,मोहम्मद अशरफ,मोहम्मद अमजद,मोहम्मद मुस्तफा,मोहम्मद वसीम अख्तर,मोहम्मद रिजवान,मोहम्मद जहीर आफाकी,मोहम्मद इशतियाक,मोहम्मद फखरूद्दीन,मोहम्मद तुफैल,मोहम्मद नवाब,सरफराज शफीक,मौलाना सेराज नदवी,मास्टर जुबैर अहमद,मोहम्मद आलम,मोहम्मद शब्बीर,मास्टर मजहर,मोहम्मद असगर,मास्टर मोहम्मद अजीमउद्दीन अंसारी अध्यक्ष जिला उर्दू टीचर एसोसिएशन वैशाली,मोहम्मद गुलाम सरवर आदि समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## चौसा के घोषई में भीषण सड़क हादसा, हाईवा /टेंपू की टक्कर में 5 लोगों की मौत

**चौसा।** सोमवार की अहले सुबह दिनांक 13 /3/2023को मधेपुरा जिला के चौसा प्रखंड अंतर्गत घोषई गांव में हाईवा एवं टैंपू की आमने-सामने टक्कर हो जाने से पतरघट प्रखंड के भद्दी दुगार्पुर गांव से गंगा स्नान जा रहे 5 श्रद्धालुओं का मौके पर दर्दनाक मौत हो गई ।चौसा प्रखंड अंतर्गत घोषई में भीषण सड़क हादसा होने से पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि आज सुबह के लगभग 4 बजे के करीब ये हादसा एनएच-58 पर हुई है। घटना घोषई टावर के पास एक हाईवा और ऑटो के बीच हुई थी इस भीषण हादसे में ऑटो के परखच्चे उड़ गए।जबकि, दो गंभीर रुप से घायल लोगों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। फिलहाल घायलों और मृतकों के परिजान मौके पर पहुंच गए हैं। चौसा प्रखड के पुलिस बल की टीम भी मौके पर पहुचकर जांच में जुट गई है। गंभीर रूप से घायलों को भागलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया और मृतकों की शव को पोस्टमार्टम हेतु मधेपुरा भेजा गया।

## जो लौट नहीं सकते नाटक ने दर्शको को खूब लुभाया

हाजीपुर( वैशाली )महिला एवं बाल सेवा मंच रंगमंडल की ओर से पटना के कालिदास रंगालय में डॉक्टर प्रमोद कुमार सिंह लिखित एवं कृष्णा जी शर्मा ऊर्फ शालीमार एवं कुमार मानव निर्देशित नाटक जो लौट नहीं सकते का मंचन किया गया।नाटक के केंद्र में एक युवक किसन है,जो किशोरावस्था में पिता कि मृत्यु के पश्चात अपने जीविका के लिए एक ठेकेदार के साथ मजदूरी करने आता है।ठेकेदार की मृत्यु के बाद वहीं लंबे समय तक रहकर काम करता है।लेकिन गांव के नाम के सिवा उसे कुछ भी याद नहीं। एक दिन उसे अपने घर जाने के बारे में विचार आता है लेकिन सिर्फ गांव के नाम पर वह नहीं पहुंच पाता है। इस दौरान भीड़ भाड़ वाले शहर में उसकी कोई मदद नहीं करता सब लोग अपनी जिंदगी में ही व्यस्त और परेशान हैं।बीमारू राज्यों के अनेकों किशोर जो अपनी और अपने परिवार की जीविका के लिए दूसरे प्रदेशों में पलायन कर जाते है उसमे से अनेक की कहानियां किसन से मिलती जुलती है।यह नाटक आम लोगों में यह संदेश देता है कि मानवता को आधार मानकर ऐसे लोगों की मदद करनी चाहिए जो अपने घर परिवार से दूर हो गए हैं।भाग लेने वाले कलाकार थे सरबिन्द कुमार, मंतोष कुमार अर्चना कुमारी, विजय कुमार चौधरी, राजू कुमार, भुनेश्वर कुमार, बलराम कुमार एवं हिमांशु कुमार,प्रकाश परिकल्पना ब्रह्मानन्द पांडेय एवं संगीत संयोजन मानसी और मयंक का था।रूप सज्जा माया कुमारी व मंच परिकल्पना बलराम कुमार ने किया। इस अवसर पर संस्था महिला एवं बाल सेवा मंच के द्वारा लेखक ब्रह्मानन्द पांडेय को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर अतिथि कला सांस्कृतिक पुरुष व पत्रकार विश्वमोहन चौधरी"सन्त" के हाथो सम्मानित किया गया।

## भारत नेपाल बॉर्डर पिलर 167 के समीप एस एस बी ने 60 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार :ब्रजेश सिकरवार

कुसार्काटा। सोमवार 13 मार्च 2023 को श्री ब्रजेश सिकरवार कमांडिंग अधिकारी 52 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया के निर्देशन में वाहिनी के सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर कुआंरी सीमा चौकी प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार की अगुवाई में रात्रि के समय दल गठित कर बॉर्डर पिलर संख्या 167 (पी पी53) के नजदीक लगाया गया। तभी समय लगभग 12.30 बजे रात मे सूचना मिली की खुठहरा गांव के समीप कुछ अवैध गतिविधि प्रतीत हो रही है तत्पश्चात निरीक्षक विजय कुमार की अगुवाई वाली टीम वहां पहुंचा कर खुठहरा गांव के समीप संदिग्ध स्थान पर घात लगाकर कार्यवाही करते हुए नेपाल से भारत आ रहे 60 किलो गांजा के साथ दोनों अभियुक्तों को समय लगभग 01:00 बजे धर दबोचा गया। साथ ही, पूछताछ करने पर एक भारतीय मूल का और दूसरा नेपाली मूल का नागरिक बताया। इसी के साथ, सभी प्रक्रिया पूर्ण कर 60 किलो गांजा और दोनों अभियुक्तों को पुलिस चौकी कुआरी को सुपुर्द किया गया। इसी के साथ, श्री सिकरवार ने बताया कि अररिया जिला और इसके आसपास आए दिन विभिन्न विभागों द्वारा नशीली दवाईयों, नशीले पदार्थ व शराब पकड़ने की घटनायें सामने आती है साथ ही, बहुत से परिवार इस नशे की जद में समाहित होते जा रहे है खास कर युवा पीढ़ी नशे के बुरे लत के कारण शरीर के साथ-साथ परिवार भी बर्बाद हो रहे है। इस क्रम में, सशस्त्र सीमा बल अररिया द्वारा लगातार सीमावर्ती क्षेत्र से लेकर जिला मुख्यालय तक नशा मुक्त भारत अभियान चला रही है ताकि इससे मानव जीवन को बचाया जा सके, मानव ही नहीं रहेंगे तो देश का विकास सम्भव नहीं है।

## वंचित मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर शत्रुधन मंडल ने संजीव कुमार सिंह को दिया समर्थन :रामाशीष चौहान

**अररिया।** बिहार विधान परिषद महागठबंधन के उम्मीदवार कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र माननीय श्री संजीव कुमार सिंह जी कुशल नेतृत्व को देखते हुए जाति धर्म से ऊपर उठकर शिक्षको को लगातार वर्षो से सेवा की भाव देखते हुए वंचित मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर शत्रुधन मंडल जी के निदेर्शानुसार बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड प्रभारी रामाशीष चौहान अपने संगठन के पदाधिकारियों के विचार विमर्श करते हुए अपना समर्थन दिया, और जीत की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कोशी क्षेत्र के तमाम शिक्षको को आह्वान किया की अपना बहुमूल्य वोट महागठबंधन प्रत्याशी को दे कर कोशी क्षेत्र के विकाश में अपना योगदान देकर विकास पुरुष बिहार के मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार, वंचितों की आवाज राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय लालू प्रसाद यादव, देश का भविष्य कांग्रेस के नेता श्रीमती सोनिया गांधी के हाथो को मजबूत करे।अधिक से अधिक वोट दिलाने के लिए शेखपुरा, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, कटिहार, पूर्णिया, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा,अपना चुनाव प्रभारी नियुक्त करते हुए सभी को अपने अपने क्षेत्र में सभी उच्च विधायक, एवम महाविद्यालय के शिक्षको से संपर्क करे और अपना बहुमूल्य वोट महागठबंधन के देने का आग्रह करे।

## समाजसेवी उधोगपति महावीर की सुपुत्री की सगाई समारोह में शामिल हुए उधोगपति,प्रशासनिक अधिकारी,जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध जन

लक्ष्मणगढ़। शेखावाटी के जाने माने उधोगपति भामाशाह रामगढ़ शेखावाटी निवासी मुम्बई प्रवासी महावीर प्रसाद वर्मा (गौड़) की सुपुत्री व श्रीमती गिन्नी देवी वर्मा व स्व.बजरंग वर्मा ( गौड़,सैनी) की सुपौत्री प्रिया व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी कमिश्नर जोधपुर निवासी चेतन जी देवड़ा के सुपुत्र इंद्रजीत देवड़ा के साथ रविवार को निज निवास बजरंग कोठी रामगढ़ शेखावाटी में हर्षोल्लास से आयोजित हुई।सगाई समारोह में उधोगपति भामाशाह समाजसेवी अनिल कुमार बागड़ी लक्ष्मणगढ़, प्रेम प्रकाश सैनी सीकर, शिवभगवान कम्मा सरदारशहर, रामप्रसाद राकसिया जयपुर, गिरधारी लाल राकसिया लक्ष्मणगढ़,रवि सैनी नवलगढ़ महेंद्र मयंद झुन्झुनू, एडवोकेट चिरंजीलाल सिंगोदया जोधपुर, दिनेश राकसिया जयपुर, बनवारी इंदौरिया जयपुर, प्रेमप्रकाश बागड़ी दिल्ली, राकेश बागड़ी बैंगलोर,मुकेश बागड़ी बैंगलोर,राजकुमार कम्मा भादरा, सुंदरमल सैनी नीमकाथाना, पत्रकार बाबूलाल सैनी,डॉ. महमिया कन्हैया लाल राकसिया मुम्बई,कमल सैनी दिल्ली, महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति लक्ष्मणगढ़ के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया, महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति लक्ष्मणगढ़ के अध्यक्ष विनोद कुमार गौड महावीर जाजम भागीरथ गौड़ सहित बड़ी तादाद में उधोगपति व्यवसायी,जनप्रतिनिधि,प्रबुद्धजन पारिवारिक सदस्य व रिश्तेदार मौजूद थे।उधोगपति पृथ्वीराज गौड़,संपत गौड़,महावीर गौड़,ओमप्रकाश गौड़ ने आगन्तुको का स्वागत कर आभार जताया।

## जिले के सभी वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन

**अररिया ।** आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर इस माह आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेला में टीबी संबंधी जागरूकता व इससे जुड़ी सेवाओं की उपलब्धता पर विशेष जोर दिया जायेगा. इसे लेकर अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी यक्ष्मा ने सभी सिविल सर्जन व संबंधित अन्य अधिकारियों को पत्र जारी कर जरूरी दिशा निर्देश दिये हैं. गौरतलब है कि जिले में संचालित सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर हर महीने के 14 तारीख को विशेष स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाता है. इसमें ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, एएनसी सहित विभिन्न एनसीडी रोगों की समुचित जांच के बाद जरूरी दवा स्थानीय लोगों को निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती है. इसी क्रम में मार्च महीने महीने में आयोजित होने वाले मेला में टीबी जागरूकता व इससे जुड़ी सेवाओं पर विशेष जोर दिया जायेगा. सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि वेलनेस सेंटर पर आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेला में टीबी जागरूकता व सेवाओं से जुड़ी विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जायेगी. विभाग से प्राप्त दिशा निर्देश का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेला में उच्च जोखिम वाले समूह में टीबी स्क्रीनिंग पर जोर दिया जायेगा. पांच वर्ष से टीबी से पीड़ित रोगी, उपचार करा रहे टीबी मरीज व उनके परिवार के सदस्य, मधुमेह रोगी, कोरोना संक्रमण के शिकार रहे चुके व्यक्ति, डायलसिस व इम्यूनिटी डिसऑर्डर से शिकार लोग, कुपोषित बच्चे, गर्भवती महिलाओं की टीबी स्क्रीनिंग पर विशेष जोर दिये जाने की बात उन्होंने कही. सिविल सर्जन ने बताया कि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित है. इसे लेकर हर स्तर पर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मेला में टीबी जागरूकता व सेवाओं को लेकर संचालित विशेष पहल को व्यापक पैमाने पर प्रचारित व प्रसारित करने का निर्देश संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को दिया गया है. सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य प्रबंधक, सीएचओ, एसटीएस, एसटीएलएस को मेला के दौरान सक्रिय रहते हुए अधिक से अधिक लोगों तक इन सेवाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिये जाने की जानकारी उन्होंने दी.

## U-19 पू.च.क्रिकेट टीम का बीसीए पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन 20 मार्च तक

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन( बीसीए) के तत्वावधान में होनेवाले अंतर जिला क्रिकेट टूनार्मेंट(व-19)के लिए ईस्ट चम्पारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन( ईसीडीसीए) 20 मार्च तक पू.च. के 25 खिलाड़ियों की सूची बीसीए पोर्टल पर अपलोड कर देगा।प्रेस-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जानकारी देते हुए बीसीए टूनार्मेंट कमिटी के कन्वेनर सह ईसीडीसीए सचिव ज्ञानेश्वर गौतम ने बताया की पू.च.(व-19) क्रिकेट टीम कैंप के लिए 42 खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है।इसीडीसीए 15 और 16 मार्च को स्थानीय गाँधी मैदान मोतिहारी के ग्राउंड-1 पर इन खिलाड़ियों का कंडीशनिंग कैंप आयोजित करेगा तथा 17 से लेकर 19 मार्च तक इन खिलाड़ियों को 3 टीमों में बाँटकर मैच(50 ओवर) कराए जाएंगे कंडीशनिंग कैंप और मैच में दिखाए गए प्रदर्शन अनुशासन और टेंपरामेंट के आधार पर 25 खिलाड़ियों का चयन कर उनकी सूची 19 मार्च की शाम को जारी कर दिया जाएगा। चयनित 25 खिलाड़ियों का डाटा-बेस इसीडीसीए द्वारा बीसीए पोर्टल पर 20 मार्च को अपलोड किया जाएगा।16 सदस्यीय पू.च.क्रिकेट टीम(व-19)का चयन इन्हीं 25 खिलाड़ियों में से होगा जो इस महीने के अंतिम सप्ताह या अप्रैल के प्रथम सप्ताह में बीसीए के तत्वधान में होने वाले अंतर जिला क्रिकेट टूनार्मेंट में भाग लेंगे। साथ ही श्री गौतम ने यह भी बताया कि पू.च.की व-16 क्रिकेट टीम का चयन के लिए भी इसीडीसीए 1 और 2 अप्रैल को स्थानीय गाँधी मैदान के ग्राउंड-1 पर ट्रायल आयोजित करने जा रहा हैं। इसीडीसीए से सम्बद्ध इस जिले के क्रिकेट खिलाड़ी(व-16) इस ट्रायल में भाग ले सकते हैं।ट्रायल में भाग लेनेवाले खिलाड़ी (व-16 खिलाड़ी) रजिस्ट्रेशन के लिए 20 से 25 मार्च के बीच अपना बोन टेस्ट सर्टिफिकेट व आवश्यक डाक्यूमेंट्स खेल-भवन में राशिद जमाल खान को जमा करेंगे।मौके पर ईस्ट चम्पारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजु कुमार सिंह,उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार ठाकुर,बीसीए टूनार्मेंट कमिटी के कन्वेनर सह सचिव ईसीडीसीए ज्ञानेश्वर गौतम,कोषाध्यक्ष मनोज कनौजिया, चीफ मैनेजर प्रकाश कुमार कन्हैया,मीडिया प्रभारी सह चयनसमिति सदस्य प्रीतेश रंजन,चयनसमिति के वरीय सदस्य रामप्रकाश सिन्हा, संजय कुमार टुन्ना,राशिद जमाल खान,गुलाब खान,दिवाकर कुमार सिंह इत्यादि की उपस्थिति रही।

## निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों को लें गोद : सिविल सर्जन

**अररिया ।** जिले को टीबी मुक्त बनाने की कवायद तेज हो गयी है. इसे लेकर विभिन्न स्तरों पर जरूरी प्रयास किये जा रहे हैं. रोगी खोज अभियान व संक्रमितों तक जरूरी चिकित्सकीय सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित कराने को लेकर जरूरी पहल की जा रही है. वहीं सक्षम व्यक्ति, सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं को टीबी मरीजों को गोद लेने के लिये विभागीय स्तर से प्रेरित व प्रोत्साहित किया जा रहा है. इसी कड़ी में डॉ फजले इमाम ने टीबी संक्रमित 10 मरीजों को गोद लिया है. उन्होंने टीबी रोगियों को जरूरी चिकित्सकीय सहायता के साथ फूड बास्केट उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया है.

जिला टीबी व एड्स समन्वयक दामोदर शर्मा ने बताया कि एसटीएसयू टीबी पटना के हारूण रशीद, डब्ल्यूएचओ के सलाहकार डॉ मेजर अवकाश सिन्हा सहित डीटीयू के टीबीएचभी शाएक वसीली ने टीबी उन्मूलन के प्रयासों के तहत सरकार द्वारा संचालित निक्षय मित्र योजना की समुचित जानकारी डॉ फजले इमाम को उपलब्ध कराया. इस पर उन्होंने विश्व टीबी दिवस के मौके पर टीबी संक्रमित 10 मरीजों को गोद लेने पर अपनी सहमति जतायी. उन्होंने बताया कि गोद लिये गये टीबी मरीजों के बीच हर माह उनके द्वारा फूड बास्केट उपलब्ध करायी जायेगी. बास्केट में तीन किलो चावल, डेढ़ किलो दाल, खाद्य तेल, विटामीन टैबलेट सहित बेहतर पोषण से जुड़ी अन्य जरूरी चीजें शामिल होंगे. सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि कोई भी व्यक्ति टीबी मरीजों को गोद ले सकता है. इसके लिये निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन किया जा सकता है. गोद लेने वाले व्यक्ति व संस्था नियमित अंतराल पर संक्रमितों से मुलाकात करते हुए मरीजों को नियमित दवा सेवन व सेहत का विशेष ध्यान देने के लिये प्रेरित करेंगे. साथ ही मरीजों को बेहतर पोषण व स्वास्थ्य देखभाल के लिहाज से जरूरी मदद कर सकेंगे. मरीज की सेहत बेहतर होने पर गोद लेने वाले व्यक्ति को विभागीय स्तर से प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया जायेगा. गोद लिये गये व्यक्ति की पहचान किसी से साझा नहीं की जा सकती है. उन्होंने सक्षम व्यक्ति, जिम्मेदार सरकारी व गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधियों से टीबी उन्मूलन अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित निक्षय मित्र अभियान से जुड़ने की अपील की.

## कालाजार छिड़काव के लिए कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

**कटिहार ।** लोगों को कालाजार बीमारी से सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर छः महीने में कालाजार छिड़काव अभियान चलाया जाता है। इसके तहत पिछले तीन वर्षों में जिले के विभिन्न गांवों/कस्बों में पाए जा रहे कालाजार के संभावित मरीजों के क्षेत्र में सिंथेटिक पैराथायराइड (एसपी) का छिड़काव कराया जाता है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कालाजार छिड़काव सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कोढ़ा में छिड़काव कर्मियों को एकदिवसीय आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में सभी कर्मियों को संभावित कालाजार क्षेत्रों की जानकारी देते हुए लोगों को कालाजार से सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. जय प्रकाश सिंह के साथ भीडीसीओ एन. के. मिश्रा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमित आर्या, भीबीडीएस अमरनाथ सिंह, बीसीएम सचिन कुमार, सीफार एडीसी अमन कुमार, बीसी अंशुमन कुमार, प्रधान लिपिक मनोज मोदी, बीएमएनई आशीष झा, अस्पताल भण्डारपाल ब्रजेश कुमार, बीएएम विकास कुमार, एसएफडब्लू नंद कुमार साह, शम्भू, रविदास सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी व छिड़काव कर्मी उपस्थित रहे। जिले के सभी प्रखंडों के 116 गांवों/कस्बों में चलाया जाएगा छिड़काव अभियान : जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. जय प्रकाश सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर छः महीने में जिले लोगों को कालाजार से सुरक्षित रखने के लिए छिड़काव अभियान चलाया जाता है। इस दौरान पिछले तीन वर्षों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पाए गए ज्यादा कालाजार मरीजों को देखते हुए वहां छिड़काव अभियान चलाया जाएगा। मार्च महीने में चलाए जा रहे कालाजार छिड़काव अभियान के लिए जिले के सभी प्रखंडों के 116 गांवों/कस्बों को चिह्नित किया गया है। इन क्षेत्रों में वर्ष 2020 में कुल 63, वर्ष 2021 में कुल 59 तथा वर्ष 2021 में कुल 49 कालाजार संक्रमित मरीज पाए गए हैं। सम्भावित मरीजों की संख्या देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 116 गांवों के 01 लाख 11 हजार 709 घरों में सिंथेटिक पैराथायराइड का छिड़काव किया जाएगा। इससे उन क्षेत्रों में कालाजार बीमारी के लिए जिम्मेदार बालूमक्खी को समाप्त किया जा सकता है। इससे संबंधित क्षेत्र के अन्य लोगों को कालाजार बीमारी से सुरक्षित किया जा सकता है। डॉ. जय प्रकाश सिंह ने बताया कि वर्ष 2023 के पहले छमाही में कालाजार छिड़काव के लिए 15 मार्च की तिथि संभावित की गई है। संभावित कालाजार मरीजों को चिकित्सकीय सहायता के लिए भेजा जाएगा अस्पताल : भीडीसीओ एन. के. मिश्रा ने कहा कि कालाजार बीमारी बालूमक्खी के काटने से होने वाला रोग है लेकिन इसका इलाज आसानी से संभव है। यह रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी प्रवेश कर जाता है। दो सप्ताह से अधिक बुखार, पेट के आकार में वृद्धि, भूख नहीं लगना, उल्टी होना, शारीरिक चमड़ा का रंग काला होना आदि कालाजार बीमारी के लक्षण हैं। ऐसा लक्षण शरीर में महसूस होने पर अविलंब जांच कराना जरूरी होता है। नमी एवं अंधेरे वाले स्थान पर कालाजार की मक्खियां ज्यादा फैलती हैं। मुख्य रूप से पोस्ट कालाजार डरमल लिश्मैनियासिस (पीकेडीएल) एक त्वचा रोग है जो कालाजार के बाद होता है। इसके उपचार में विलंब से हाथ, पैर और पेट की त्वचा काली होने की शिकायतें मिलती हैं। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कालाजार का इलाज आसानी से हो सकता है। छिड़काव अभियान के दौरान क्षेत्रों में ऐसे मरीजों की भी खोज की जाएगी और उन लोगों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा जाएगा। कालाजार मरीजों को इलाज के साथ श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाती है सहायता राशि : भीबीडीएस अमरनाथ सिंह ने बताया कि कालाजार के मरीजों को सरकारी अस्पताल में इलाज आसानी से किया जाता है। इलाज के साथ ही कालाजार संक्रमित मरीजों को सरकार द्वारा श्रम क्षतिपूर्ति के रूप में सहायता राशि भी प्रदान की जाती है। सरकार द्वारा प्रति कालाजार पीड़ित मरीज को 7100 रुपये की श्रम-क्षतिपूर्ति राशि भी दी जाती है। यह राशि भारत सरकार के द्वारा 500 एवं राज्य सरकार की ओर से कालाजार राहत अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री प्रोत्साहन राशि के रूप में 6600 सौ रुपये दी जाती है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ख्वाब फाउंडेशन के गर्ल्स विंग को मिला बिहार वूमेन आइकॉन अवार्ड

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतीहारी,पू०च०'**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर टीच बाई मीडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बिहार के अलग- अलग जिलों से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने और प्रेरणा जागृत करने वाली 51 महिला शक्ति को "बिहार वूमेन आइकॉन अवार्ड" से सम्मानित किया गया। सामाजिक क्षेत्र में 12 वर्षों से लगातार कार्य कर रही ख्वाब फाउंडेशन के गर्ल्स विंग के जिला सचिव श्वेता कुमारी ,प्रदेश सचिव जयंती सिन्हा और दो बच्चों की मां होने के बाद सब-इंस्पेक्टर बनी रूबी कुशवाहा को किसान चाची से मशहूर पद्म श्री से सम्मानित राजकुमारी देवी के पवित्र हाथों से "बिहार वूमेन आइकॉन अवार्ड" से सम्मानित किया गया। बताते चले कि ख्वाब फाउंडेशन की गर्ल्स विंग प्रकोष्ठ द्वारा महिलाओं और लड़कियों को अपने अधिकार के प्रति जागृत करती रही है। लड़कियों को मजबूत कर इन्हे सशक्त बनाने का कार्य करते रही और ये गर्ल्स विंग की पधाधिकारी अपनी सक्रिय भागीदारी निभाती रही है। टीच बाई मीडिया के संस्थापक रंजीत रजक ने बिहार के ऐसे 51 महिलाओं को चयनित कर सम्मानित कर अनोखा कार्य किया है। मोतीहारी से श्वेता कुमारी ,पटना से जयंती सिन्हा, समस्तीपुर से रूबी कुशवाहा,छपरा से अनीशा कुमारी का चयन हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में बॉलीवुड के अभिनेता हीरो राजन कुमार ,ऑक्सीजन मैन राजेश कुमार सुमन ,यूथ आइकॉन मुन्ना कुमार उपस्थित रहे। सम्मान मिलने से ख्वाब फाउंडेशन परिवार के सदस्यों में खुशी की लहर और शहर के गणमान्य लोग बधाई दे रहे। प्रदेश अध्यक्ष अमित कुशवाहा, जिला अध्यक्ष टी वाई साहब, अंजना जैसवाला, सोशल मीडिया प्रभारी, कादिर जिल्लानी, नितेश कुमार आनंद, सुषमा,मनीषा जैसवाल, धर्मेंद्र सहनी आदि ने बधाई और शुभकामना दिए।

## किसी भी वार्ड में नगर निगम द्वारा ही कोई फंड आता है, लेकिन कुछ पार्षद रोना रोते हैं

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

भागलपुर बिहार नगर निगम का पोल उस समय खुलता है, जब बरसात का समय आता है रिमझिम बारिश के फुहारे से नगर निगम द्वारा निर्माण किया नाला पूरा पानी से लबालब भर जाता है। लेकिन कई वैसे पार्षद है झूठ का डोल पीटते हैं। कुछ जनता का कहना हुआ नगर आयुक्त द्वारा खुद वैसे वार्ड को चिन्हित कर उक्त वार्ड में विकास कार्य करवाएं। तब ऐसे पार्षद को पता चलेगा झूठ बोलने व जनता को गुमराह करने का बहाना ये ठीक नहीं है। जनता का यहां तक कहना हुआ कि जीत हासिल करने के पहले पार्षद बड़े-बड़े वादे करते है ।लेकिन धरातल पर सच्चाई कुछ और ही देखने को मिलता है। बता दें कि ये सत्य है कि कुछ वैसे भी पार्षद प्रतिनिधि हैं जो विकास को लेकर अपने वार्ड के क्षेत्र में अपने अस्तर से भी कई विकास कार्य को करवाएं।जो कि वैसे पार्षद जनता के बीच धन्यवाद के पात्र हैं।

## अश्लील गाना ना बजे, इसके लिए प्रशासन को चौकस होना होगा

**दैनिक शुभ भास्कर संजीव कुमार की रिपोट**

सुल्तानगंज बिहार के नगर परिषद वार्ड आठ में अश्लील गाना बजाने को लेकर डीजे पर खुले आम बजरहा था और लोग डान्स पर कुछ युवक झूम रहे थे । जब एक संवाददाता ने जब कहाँ कि अश्लील गाना मत बजाओ। लेकिन जवाब आया हम तो बजाएंगे। ऐसे में प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है ।कुछ जगह अश्लील गाना इस तरह भोजपुरी गाना परोसा जा रहा है जिससे आने वाले कल पर बूरा प्रभाव पड़ेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर परशुराम यादव की रिपोट**

गोपालगंज बिहार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गोपालगंज के तत्वावधान में श्रीमान जिला व सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मालवीय के निर्देश पर आज दिनांक 13 मार्च 23 को अपराहन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम का आयोजन व्यवहार न्यायालय गोपालगंज के नई भवन के भूतल में किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के महिला पदाधिकारीगण, महिला न्यायिक पदाधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं आदि भाग लिया ' कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमान जिला एवम सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मालवीय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया जिसमें कमला राय महाविद्यालय की छात्रा जुली कुमारी एवम बिट्टू कुमारी द्वारा देवी गीत, स्वागत गीत, बेटी गीत प्रस्तुत किया गया वहीं स्नेहा कुमारी द्वारा क्लासिकल नृत्य भी किया गया ' दूसरी तरफ बी एम इंटर कॉलेज की छात्रा प्रीति राय द्वारा भाषण कार्यक्रम तथा नेहा कुमारी द्वारा मैं भारत की नारि हू पर गीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा डी ए वी उच्च विद्यालय की छात्रा शिखा कुमारी द्वारा महिला सशक्तिकरण पर स्लोगन, शांति कुमारी द्वारा बेटी सम्मान पर गीत, खुशी कुमारी द्वारा महिला सशक्तिकरण पर भाषण, गोल्डी कुमारी द्वारा नृत्य, जैनब प्रवीण द्वारा भाषण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ' महेंद्र महिला कॉलेज की छात्रा मेघना कुमारी द्वारा भाषण प्रस्तुतीकरण किया गया वहीं हर्षिता कुमारी द्वारा कविता पाठ किया गया ' एस एस बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा प्रतिभा वर्मा द्वारा नारी सशक्तिकरण पर भाषण, आराध्या सोनी द्वारा नारी शक्ति हम है शक्ति पर गाना तथा तपेश्वरी कुमारी द्वारा मेरे ढोलना सुन पर नृत्य प्रस्तुत किया गया ' वह बूसू खिलाड़ियों द्वारा सेल्फ डिफेंस एवम पिरामिड कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## शीतलपुर पंचायत के नागर गाँव के रहने वाले व्यक्ति कनिक लाल टुड्डू की बिजली के हाई वोल्टेज तार से करंट लगने से हुई मौत

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

कटिहार बिहार जिला के आजमनगर थाना के शीतलपुर पंचायत के नागर गाँव के रहने वाले व्यक्ति जिसका नाम कनिक लाल टुड्डू उम्र 45 वर्ष थी बिजली के करंट लगने से इनकी मौत हो गईआज कनिक लाल टुड्डू अपने घर से मकई के पटवन के लिए खेत गया था और वहीं बिजली के मोटर को सेट करने के दौरान हाई भोलटेज करंट का तार जो उसके मकई के खेत से होकर गुजरता थो मोटर सेट करने के दौरान करंट लगने से उसी जगह उसकी मौत हो गईपरिजनो के द्वारा फिर पुलिस को इसकी खबर दी गईसुचना मिलते ही पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए कटिहार भेज दिया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

गोपालगंज बिहार जिला विधिक सेवा प्राधिकार गोपालगंज के तत्वावधान में श्रीमान जिला व सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मालवीय के निर्देश पर आज दिनांक 13 मार्च 23 को अपराहन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम का आयोजन व्यवहार न्यायालय गोपालगंज के नई भवन के भूतल में किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के महिला पदाधिकारीगण, महिला न्यायिक पदाधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं आदि भाग लिया ' कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमान जिला एवम सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मालवीय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया जिसमें कमला राय महाविद्यालय की छात्रा जुली कुमारी एवम बिट्टू कुमारी द्वारा देवी गीत, स्वागत गीत, बेटी गीत प्रस्तुत किया गया वहीं स्नेहा कुमारी द्वारा क्लासिकल नृत्य भी किया गया ' दूसरी तरफ बी एम इंटर कॉलेज की छात्रा प्रीति राय द्वारा भाषण कार्यक्रम तथा नेहा कुमारी द्वारा मैं भारत की नारि हू पर गीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा डी ए वी उच्च विद्यालय की छात्रा शिखा कुमारी द्वारा महिला सशक्तिकरण पर स्लोगन, शांति कुमारी द्वारा बेटी सम्मान पर गीत, खुशी कुमारी द्वारा महिला सशक्तिकरण पर भाषण, गोल्डी कुमारी द्वारा नृत्य, जैनब प्रवीण द्वारा भाषण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ' महेंद्र महिला कॉलेज की छात्रा मेघना कुमारी द्वारा भाषण प्रस्तुतीकरण किया गया वहीं हर्षिता कुमारी द्वारा कविता पाठ किया गया ' एस एस बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा प्रतिभा वर्मा द्वारा नारी सशक्तिकरण पर भाषण, आराध्या सोनी द्वारा नारी शक्ति हम है शक्ति पर गाना तथा तपेश्वरी कुमारी द्वारा मेरे ढोलना सुन पर नृत्य प्रस्तुत किया गया ' वह बूसू खिलाड़ियों द्वारा सेल्फ डिफेंस एवम पिरामिड कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## उपायुक्त ने नीति आयोग अंतर्गत संचालित योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक की

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़ जिला समाहरणालय सभागार में उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में नीति आयोग अंतर्गत आंकाक्षी जिला योजना, अनाबद्ध निधि योजना, एनआरईपी, ग्रामीण विकास विभाग एवं डीएमएफटी अंतर्गत संचालित योजनाओं का समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने डीएमएफटी की राशि से किए जा रहे पीसीसी पथ निर्माण, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, आंगनबाड़ी केंद्र, पेयजल इत्यादि की समीक्षा कर निर्माण कार्य को अभिलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य के प्रगति के रिपोर्ट के साथ कार्य का गुणवता फोटोग्राफ अवश्य संलग्न करें। इसके अलावा उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर सभी संचालित योजनाओं को तय समयावधि के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही वैसी योजनाएं जो पूर्ण कर ली गई है, उन्हें जांचोपरांत भुगतान करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में विभिन्न परिक्षेत्रों में की जा रही योजनाओं में तीव्रता लाने एवं निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति करने का निर्देश दिया। सभी संबंधित विभाग आवंटित राशि के विरुद्ध शत प्रतिशत डीसी बिल, उपयोगिता प्रमाण पत्र अभिलंब समर्पित करेंगे। बैठक में उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, कार्यपालक दंडाधिकारी आशुतोष, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुजूर, विशेष प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता अमरेंद्र कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अंजू देवी, जिला मत्स्य पदाधिकारी रचना निश्चल समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं पूर्व भाजपा विधायक ने किया

**शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत रामघाटी फुटबॉल मैदान में शहीद बजल क्लब द्वारा आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच का उद्घाटन सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भाजपा नेता मिस्त्री सोरेन,सुफल मरांडी ने मैदान में खिलाड़ियों के साथ हाथ मिलाकर एवं फुटबॉल उछाल कर किया ।इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष चुन्डा टूडू, सचिव कोरनालियुस टुडु, कोषाध्यक्ष चुंका बेसरा ने माला पहना कर किया ।प्रतियोगिता के दौरान फाइनल मैच नीमडांगा और रामघाटी टीम के बीच खेला गया, जिनमें रोमांचक मुकाबले में रामघाटी टीम ने नीमडांगा को एक गोल से पराजित कर प्रथम पुरस्कार पर कब्जा जमा लिया । प्रतियोगिता के उपरांत अतिथियों ने विजेता टीम रामघाटी को नगद दस हजार एवं उप विजेता टीम नीमडांगा को सात हजार नगद देकर पुरस्कृत किया ।मौके पर पूर्व विधायक सुफल मरांडी , प्रखंड प्रमुख कालिदास मरांडी , बरसन टुडू , अभिमन्यु मंडल मौजूद थे।

## घंटो तक जाम में रहे बीजीआर कोल माइंस में चलने वाले हाइवा

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

महेशपुर( पाकुड़ ) :झ प्रखंड के शहरग्राम पंचायत के धवाडंगाल गांव में बीजीआर कोल माइंस कंपनी के अमडापाड़ाझ पाकुड़ मुख्य सड़क को कोयला गाड़ियों से उड़ते धूल को लेकर धवाडंगाल गांव के ग्रामीणों ने मिलकर घंटों तक को सड़क जाम किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उड़ते धूल के कारण कोल कंपनी द्वारा सड़क में पानी का छिड़काव नही किया गया जिस कारण ग्रामीण उड़ते धूल से परेशान हो कर सड़क जाम किया।घंटों सड़क जाम रहने का बाद बीजीआर कोल माइंस कंपनी के पदाधिकारी आ कर ऐसा गलती दोबारा न करने का आश्वासन देकर सड़क जाम को हटाया। सड़क जाम से दोनो ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गया था।

## खसरा रोग से बचाव हेतु एएनएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**दैनिक शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में सोमवार को मिजेल्स रूबेला ( खसरा ) रोग से बचाव हेतु एएनएम का एक दिवसीय प्रशिक्षण चिकित्सा पदाधिकारी अभय कु यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यादव ने बताया कि एक अभियान के तौर पर आगामी 2 अप्रैल से गांव गांव में टीकाकरण अभियान चलाया जायेगा जिसका प्रशिक्षण एएनएम को दिया जा रहा है, इसके तहत नौ माह से 15 साल तक के बच्चों को यह टीका लगाया जायेगा, इसमें शत प्रतिशत बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।यह अभियान सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों , आंगनबाडी केंद्रों एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों में चलाया जायेगा ताकि खसरा रोग पर लगाम लगाई जा सके, प्रशिक्षण में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अलावे चिकित्सक डॉ भरत भूषण , डब्लूएचओ के अताउर रहमान सहित एएनएम अनुपम रुन्दा , सबिता हेम्ब्रम , पिंकिशिला टुडू , कल्पना कुमारी, मेरी हेम्ब्रम , मंजुलता हेम्ब्रम आदि अन्य मौजूद थे ।

## पंचायती राज विभाग की हुई समीक्षात्मक बैठक

**शुभ भास्कर रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़/ विकास भवन स्थित सभागार कक्ष में उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने 15 वें वित्त के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं का सभी ग्राम पंचायतों को सही से सही योजनाएं चयनित कर प्रारंभ करने व गति देकर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी को सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। ताकि पारदर्शिता एवं सुनियोजित तरीके से उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं ताकि सभी योग्य लोगों को इसका लाभ मिल सके ।बैठक के दौरान पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर खर्च की गई राशि की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान उन्होंने ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर प्रमुख एवं समिति के सदस्यों के साथ तथा ग्राम पंचायत स्तर पर मुखिया एवं वार्ड सदस्य के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए 15 वें वित्त आयोग की राशि को खर्च करें। उन्होंने बताया कि इस महीने के अंत तक 15 वें वित्त आयोग की राशि का 75% राशि खर्च करना सुनिश्चित करें। 15 वें वित्त आयोग के तहत सड़कों की मरम्मती, क्लस्टर की मैनेजमेंट, उच्च विद्यालयों में किचेन गार्डन का निर्माण, शौचालय, पेयजलापूर्ति आदि के निर्माण पर राशि खर्च करें। बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद समेत अन्य उपस्थित थे।

## रामनवमी महोत्सव की तैयारी को लेकर हनुमान मंदिर में एक बैठक आयोजित की गई

**शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया रामनवमी महोत्सव की तैयारी को लेकर रविवार की देर शाम को हनुमान मंदिर पाकुड़िया में एक बैठक का आयोजन पंडित अरुण कुमार झा की अध्यक्षता में हुई । बैठक में पहले रामनवमी उत्सव संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष शंभू भगत,सचिव तारक साव,कोषाध्यक्ष विजय भगत के साथ सदस्य के रूप में ओमप्रकाश भगत,शिवशंकर भगत, पूर्णेंदु कुमार विमल,राजकुमार गौतम,रोहित भगत,मुकेश यादव,सोनू भगत, बिकी भगत,जैकी भगत, सुबीध भगत,आलोक भगत,अंगूर गुप्ता, मनी साहनी,मोहन भगत,प्रमोद कुमार सिंह चयनित किए गए, बैठक में निर्णय लिया गया कि राम नवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय संगीतमय राम कथा का भव्य आयोजन होगा, अंतिम रोज जुलूस के उपरांत महा प्रसाद वितरण की जाएगी, इस अवसर पर मंदिर एवं पंडाल को आकर्षक रूप में सजाया जाएगा, कार्यक्रम का आयोजन के लिए पाकुड़िया प्रखंड के सभी सनातनियो से आर्थिक सहयोग ली जाएगी। बैठक में पंडित अरुण कुमार झा,शंभू भगत,विजय भगत,तारक साव, ओमप्रकाश भगत,शिवशंकर भगत, पूर्णेंदु कुमार विमल,राजकुमार गौतम,रोहित भगत,मुकेश यादव,सोनू भगत, बिकी भगत,जैकी भगत, सुबीध भगत,आलोक भगत,अंगूर गुप्ता,संजय भगत, मनी साहनी,मोहन भगत,प्रमोद कुमार सिंह आदि दर्जनों लोगो ने भाग लिया ।

## थाना प्रभारी अरुणिमा बागे ने स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ की बैठक

**शुभ भास्कर रिपोर्ट प्रशांत मंडल**

पाकुड़/लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी अरुणिमा बागे ने सोमवार को स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ ओपचारिक बैठक कर सभी से परिचय प्राप्त किया। बागे ने स्थानीय जनप्रतिनिधि से शिष्टाचार मुलाकात कर क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की ।उन्होंने कहा अगर क्षेत्र में किसी प्रकार की घटना घटती है तो पुलिस को सूचना करे त्वरित कार्रवाई करेगी। आपकी सहयोग से ही लिट्टीपाड़ा क्षेत्र में अपराध को रोका जा सकता हैं। मौके पर एसआई मिथुन कुमार, एएसआई बिरेंद्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि निपेन मंडल,राम केवल मंडल, नादो पहाड़िया, शिव टुडू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो बुजुर्ग असहाय जरूरतमंदो को इंसानियत फाउंडेशन के सदस्यों ने किया रक्तदान

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

इंसानियत फाउंडेशन पाकुड़ मे जाती-धर्म की दीवारे तोड़कर एक नई मानवता की सेवा भाव से संस्था चल रहा है जिनमे काफी सारे शिक्षित बेरोजगार युवा सब मिलकर जिला पाकुड़ मे किसी असहाय गरीब की रक्त की वजह से मृत्यु न हो इसकी पहल चालू किया है ` हर रोज जरूरतमंदो को खून दान कर सहायता करते है उसी तरह मनीरामपुर के सोफी शेख उम्र 42 साल ओ पॉजिटिव ब्लड ग्रुप डाइलेसिस पीड़ित है एमरजेंसी रक्त की जरूरत रही है एवं सादेका बीबी पृथ्वीनगर के थाइराइड रोगी उम्र 40 साल दोनों पेसेंट को डॉ ने ब्लड चढ़ाने की सलाह दी है सदर अस्पताल सोनाजोड़ी पाकुड़ मे एडमिट दोनों पेसेंट को महेशपुर के कुस भंडारी ओ पॉजिटिव एवं सितेसनगर के कादिर अली समय पर जाकर रक्तदान किया अहम भूमिका - उप सचिव आसादुल, कोषाध्यक्ष फरजन शेख, जाहेद आलम, सद्दाम हुसैन मोसारफ, आला कर्मचारी नविन कुमार का रहा हैं

## एमआर कैंपेन के सफल संचालन हेतु प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक

**शुभ भास्कर रिपोर्ट प्रशांत मंडल**

पाकुड़/लिट्टीपाड़ा प्रखंड में सोमवार को बीडीओ संजय कुमार की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय में आयोजित किया गया। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष टुडू , बीईईओ प्रकाश मंडल मुख्य रूप से उपस्थित थे ।बैठक में आगामी 12 अप्रैल से शुरू होने वाले एमआर कैंपेन को सफल बनाने के लिए चर्चा किया गया ।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष टुडू ने बताया की मीजल्स एवं रूबेला बीमारी से बचाव हेतु प्रखंड के सभी 9 माह से 15 वर्ष की आयु के बच्चों को एमआर का टीका लगाया जाएगा ।उन्होंने बताया मीजल्स एवं रूबेला बीमारी को भारत सरकार 2023 तक खत्म करने हेतु प्रतिबद्ध है। इसके लिए लक्षित समूह के बच्चों को एमआर टीकाकरण अभियान के तहत एक डोज टीका लगाया जाएगा ।साथ ही अभियान से जुड़े मिक्रोप्लानिंग,प्रशिक्षण, निगरानी, मीटिंग, विभागों में आपसी समन्वय, शत प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण करने पर बिंदुवार चर्चा की गई ।बैठक में बीडीओ ने बताया कि कैंपेन संबंधित माइक्रोप्लान बनाने प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सभी विद्यालयों के प्रिंसिपल एवं नोडल को प्रशिक्षित करने स्वास्थ्य विभाग के कर्मी जैसे एएनएम एवं ,सहिया को ट्रेनिंग देने, सभी शिक्षकों, ग्राम प्रधान, मुख्य सचिव वार्ड मेंबर का प्रशिक्षण करते हुए उनका सहयोग लेने एवं लोगों को जागरूक एवं अवगत कराने से संबंधित बिंदुवार चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रखंड के 40,600 लक्षित समूह के बच्चों को टीका करने का लक्ष्य रखा गया है।

## क्रिकेट मैच का फाईनल खेल यंग फाईटर झरिया और पीसीसी के बीच खेला गया

**शुभ भास्कर रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड/पाकुड़िया प्रखंड क्षेत्र के भतरीकुंड प्रिमियार लिग किक्रेट का फाईनल खेल चौकीशाल क्रिकेट मैदान मे सोमवार को यंग फाईटर झरिया और पीसीसी के बीच खेला गया ।फाईनल खेल मे यंग फाईटर झरिया टस जीतकर फिलडिंग करने का फैसला लिया। पहले बैटींग करते हूए 92 रन ऑल आउट हो गया ।दूसरी पारी मे यंग फाईटर ने 10अवार मे4 उईकेट खोकर93 रन का लक्ष को प्राप्त कर कप पर कब्जा जमाया ।मौके पर मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष तपन मंडल सिक्का उछाल कर टस किया और अपने संबोधन मे खिलाड़ियो से अच्छे खेल प्रदर्शन का अपिल किया ।खेल मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष तपन मंडल ने विजेता टीम यंग फाईटर को नगद 15000/- और उपविजेता टीम पीसीसीको 10000/-रुपए एवं ट्रफी देकर सम्मानित किया ।फाईनल मैच का मेन अफ दा मैच सुभाष यादवऔर पुरे टूरनामेंट मे अच्छे प्रदर्शन के लिए मैन अफ दा सिरिज बीट्टू रय को ट्रफी देकर सम्मानित किया गया ।मौके पर बीपीएल क्रिकेट टूरनामेंट का संयोजक उत्तम मंडल,सचिव सुमन मंडल,तापस घोष,समीर घोष आदि मोजुद थे।

## पुलिस द्वारा नशे की हालत में दो पियक्कड़ को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रीना कुमारी/दैनिक सुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल**

जिले के निर्मली थाना पुलिस ने निर्मली लिंक रोड से शराब के नशे के हालत में दो पियक्कड़ को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि निर्मली नगर के वार्ड 10 निवासी चंदन कुमार मंडल व निर्मली नगर के वार्ड 07 निवासी मो. मुझाइद को रविवार की देर शाम गस्ती पुलिस ने निर्मली लिंक रोड से शराब के नशे में गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जहां मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। बताया कि पुलिस कागजी प्रक्रिया के बाद आरोपी को कोट भेज दिया गया है।

## मृत्यु भोज बहिष्कार का फैसला चरणें पंचायत के लोगों ने लिया

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**

जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत चरणें पंचायत में सामूहिक रूप से मृत्यु भोज बहिष्कार का फैसला लिया गया। सड़क हादसे में बीते दिनों कुमारखंड में रितेश कुमार राम का मौत हुआ था। राष्ट्रीय युवा महासंघ के डेलिगेशन टीम ने राष्ट्रीय युवा महासंघ के अध्यक्ष ई. एलके निराला के अध्यक्षता में पीड़ित परिवार से मिलकर संतावना व्यक्त किया, डेलिगेशन टीम में मुख्य से युवा समाजसेवी कृष्णा राज, धीरेन्द्र राम संरक्षक मनोज राम, विजय कुमार राम शामिल हुए। पीड़ित परिजन को आर्थिक सहयोग भी किया गया और उनके छोटे-छोटे नोनिहाल बच्चों के शिक्षा की जिम्मा भी उठाया। राष्ट्रीय युवा महासंघ के अध्यक्ष ई. एलके निराला ने कहा मृतकों के बच्चों की शिक्षा का ज़िम्मा लिया। युवा समाजसेवी कृष्णा राज ने कहा मृत्युभोज मृतक का अपमान है, समाजिक कलंक हैं. इस अपमान और कलंक से मृतक को बचाने के लिए सबसे पहले सभी लोगों को मन से इस बात को निकालना परेगा की लोग क्या कहेंगे वाले भेद भाव को मिटाकर खुलकर मृत्युभोज का बहिष्कार करना होगा तभी हमारा समाज आर्थिक मानसिक और बैचारिक रूप से मजबूत हो सकता हैं। सभी लोगों ने मृत्युभोज बहिष्कार का फैसला सर्वसमत्ति से स्वीकार किया है जो सबों के हित में है। मनोज राम ने कहा राष्टीय युवा महासंघ बहुजन समाज तथा सभी वर्ग के लोगों के सुख दुःख में सहभागी बनते हैं. आर्थिक सहायता के साथ साथ अनाथ हुए बच्चों के शिक्षा की व्यवस्था करवाने का भी हर संभव प्रयास करते हैं. हम लोग मृत्युभोज जैसे सामाजिक अभिशाप और इस मृत्युभोज जैसे कुप्रथा को खत्म कराना चाहते हैं ताकि खासकर गरीब वर्ग के लोग भी आर्थिक और बैचारिक रूप से बच सकें। ौके पर सुरेन्द्र राम, संजीत कुमार राम, विकास कुमार राम, सुभाष राम, राजेश राम, नाथो राम, चंदन राम, मनीष राम, शिवन राम, विजय कुमार राम, अर्जुन कुमार राम, उपेन्द्र राम, सुधीर राम, कृत्यानंद राम, बालेश्वर राम, श्रीलाल राम, बलदेव राम, कंजेश राम रंजीत कुमार राम, श्रीदेव राम, राजेश राम, अजय राम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## दाउदपुर में खुला स्टेट बैंक का सीएसपी

**दैनिक शुभ भास्कर माँझी/मनीष पाण्डेय मिन्टू**

दाउदपुर बस स्टैंड में भारतीय स्टेट बैंक के सी एस पी का उद्घाटन शाखा प्रबंधक सौरभ कुमार के द्वारा सोमवार को फीता काटकर किया। संचालक भूषण सिंह द्वारा शाखा प्रबंधको को अंगवस्त्र एवं फलदार पौधा देकर समान्नित किया गया।उद्घाटन के पश्चात शाखा प्रबंधक ने बताया कि यह सीएसपी बैंक खोलने का मकसद आम लोगों को बैंकिंग सेवा से जोड़ना। जहां यह बैंक स्थापित हुआ है वहां से मेन ब्रांच की दूरी महज 300 मी हैं ऐसे में छोटे ग्राहकों को इससे काफी फायदा होगा।,पहले छोटे ग्राहकों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब ग्राहक कम समय में पैसा का लेनदेन भी कर सकते हैं। शाखा प्रबंधक ने उपस्थित लोगों को बताया कि इस बैंक के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री किसान समृद्धि योजना का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बैंक से खाता खुलवा कर एटीएम कार्ड लेंगे उन ग्राहकों को बैंक के तरफ से दो लाख का मुक्त बीमा किया जाएगा। उदघाटन समारोह के दौरान मुखिया अभिषेक सिंह,भाजपा नेता हरिमोहन सिंह गुड्डु,युवा नेता राणा प्रताप डब्लू सहित अन्य आगंतुकों को अंगवस्त्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से मिथलेश सिंह,नारायण तिवारी,अमित सिंह, पीयूष राठौड़, आनंद सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## घर के बगल मिला एक युवती का गला रेता हुआ शव, रात्रि में अचानक हो गई थी गायब

**दैनिक शुभ भास्कर अर्जुन सिंह**

सारण : गड़खा थाना क्षेत्र से इस समय एक बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां एक युवती का गला रेता हुआ शव उसके घर के समीप से ही बरामद किया गया है. मृत युवती की पहचान गड़खा थाना अंतर्गत आलोनी गांव निवासी ललन राय की 18 वर्षीय पुत्री कविता कुमारी के रूप में की गई है। बताया जाता है कि रात्रि में अचानक वह घर से गायब हो गई थी और सुबह में उठने के बाद बाद घर वाले उसकी खोजबीन कर रहे थे. तभी उन्हें जानकारी हुई कि गांव में एक सुनसान जगह पर कविता की गला रेत कर हत्या कर शव फेंका हुआ है। इस सूचना के बाद परिजन भागे-भागे वहां पहुंचे और रोना पीटना लग गया. वहीं सूचना के बाद गड़खा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा है, जहां शव का पोस्टमार्टम कराए जाने की प्रक्रिया की जा रही है। इस मामले में प्राथमिकी की प्रक्रिया चल रही थी. फिलहाल किन परिस्थितियों में उसकी गला रेत कर हत्या की गई है, इस बात की जानकारी नहीं हो सकी है. वैसे इस घटना को फिलहाल आपसी रंजिश से जोड़कर देखा जा रहा है. क्योंकि, ललन राय का अपने पाट्टीदारों से पूर्व में कई बार विवाद हुआ था. हालांकि हत्या के सही कारणों का पता प्राथमिकी दर्ज कराए जाने के बाद ही चल सकेगा.।

## युवक नहीं मिला तो उसकी मां की पीटकर हत्या

**दैनिक शुभ भास्कर, अर्जुन सिंह सारण:**

छपरा में कब किसकी हत्या हो जाएगी यह कहना बहुत मुश्किल है, क्योंकि दबंगई और गुंडागर्दी तो यहां हर दूसरे तीसरे व्यक्ति में मौजूद है. ताजा मामला रंगदारी को लेकर सामने आया है जहां युवक के नहीं मिलने पर दबंगों ने उसकी मां की पीटकर हत्या कर दी. मृत महिला जिले के रिविलगंज थाना क्षेत्र के समरिया खुर्द गांव निवासी स्वर्गीय राम गोपाल सिंह की 55 वर्षीय पत्नी शांति देवी बताई गई है। इस मामले में उसके पुत्र मन्नु कुमार सिंह एवं अमरजीत कुमार सिंह ने बताया कि गांव के 3 लोग उनके घर पहुंचे और उनके विषय में पूछताछ किया, उब उनकी मां ने उनसे पूछा की क्या बात है तो उन लोगों ने बोला कि जमीन बेचे हो लोग उसमें से रंगदारी लेना है. इसी बात को लेकर उन लोगों के साथ विवाद हो गया और उन लोगों ने उनकी मां को पीटना शुरू कर दिया। जिसकी सूचना के बाद वे घर पहुंचे और उनको पकड़ने की कोशिश की तो उन लोगों ने उनके साथ भी मारपीट कर भाग निकले. जिसके बाद वे लोग जख्मी हालत में मां को लेकर छपरा सदर अस्पताल पहुंचे, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक के द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. इस घटना के बाद दोनों भाइयों का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया. वहीं शांति देवी के बड़े पुत्र मन्नु कुमार सिंह ने बताया कि उनके द्वारा अपनी बहन की शादी के लिए खेत बेचा गया था और उस रकम से नवंबर महीने में उन लोगों ने अपनी बहन की शादी की थी। उसी जमीन को बेचने पर रंगदारी की मांग कुछ लोगों के द्वारा की जा रही थी, जिसको लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया है. इस घटना की सूचना उनके द्वारा थाना पुलिस को दे दी गई है. हालांकि समाचार प्रेषण तक इस मामले में प्राथमिकी की प्रक्रिया चल रही थी. रात्रि होने के कारण शव का पोस्टमार्टम अगले दिन कराया जाएग।

## रेलवे ट्रक से जच्चा-बच्चा का शव बरामद

**दैनिक शुभ भास्कर, अर्जुन सिंह सारण-** पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा जंक्शन के समीप तेनुआ डुमरिया हाल्ट पर ट्रेन से कटकर जच्चा-बच्चा की मौत मौके पर हो गई. सूचना के बाद रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान में जुटी. जिसके बाद दोनो शवों की पहचान छपरा शहर के मुफस्सिल थाना अंतर्गत डुमरिया गांव निवासी विक्की कुमार विक्रम कुमार की 20 वर्षीय पत्नी प्रियंका कुमारी के रूप में की गई। वहीं रेलवे ट्रैक पर उसके समीप बरामद दुधमुंहे बच्चे के शव की पहचान प्रियंका कुमारी के 6 माह के पुत्र आर्यन कुमार के रूप में की गई है. जिसके बाद पुलिस के द्वारा इस घटना की सूचना उसके परिवार वालों को दी गई. वही सूचना के बाद मृत महिला के पिता भेल्दी थाना क्षेत्र के योगियां परसा गांव निवासी मनोज प्रसाद राय भी पहुंचे. उन्होंने बताया कि उन्होंने बीते वर्ष 28 नवंबर 2021 में अपनी पुत्री प्रियंका की शादी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी शंभू राय के पुत विक्की उर्फ विक्रम के साथ हिंदू रीति रिवाज से की थी। शादी के कुछ दिन बाद प्रियंका के ससुराल वाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे. जिससे उनकी पुत्री प्रियंका ने अपने दुधमुंहे बच्चे आर्यन के साथ ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है. वही समाचार प्रेषण तक इस मामले में प्राथमिकी की प्रक्रिया चल रही थी. वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराए जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

## अपनी मांगों को लेकर वार्ड 25 के पार्षद ने नगर निगम परिसर में दिया एक दिवसीय सांकेतिक धरना

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

भागलपुर बिहार नगर निगम भागलपुर में वार्ड नंबर 25 के पार्षद गोविंद बनर्जी ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन करते हुए नगर निगम के रवैया पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए आवाज बुलंद की उन्होंने कहा वार्ड नंबर 25 में एक शौचालय की स्थिति जर्जर थी जिसे मैंने अपने खुद के राशि से उसे दुरुस्त कराया यह आदेश वर्तमान नगर आयुक्त श्याम बिहारी मीणा के द्वारा मुझे दिया गया था लेकिन अभी तक उसकी राशि नहीं मिल पाई है जिसको लेकर आज हम लोगों ने सांकेतिक एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया है उन्होंने कहा केस 2019 का है आज तक हम लोगों को इसकी राशि नहीं मिल पाई है जिसको लेकर संवेदक राजकिशोर राम के साथ कई लोग धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों की पूर्ति करने के लिए नगर आयुक्त से गुहार लगा रहे हैं।

## सांसद ने किया मायागंज अस्पताल का निरीक्षण, पाई गई कई अनियमितता, सांसद ने कहा- दोषियों पर होगी कार्रवाई

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

भागलपुर बिहार सांसद अजय मंडल ने आज भागलपुर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय मायागंज अस्पताल का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने सभी विभागों में जाकर बारीकी से जांच की वहीं उन्होंने हर विभागों में त्रुटियां पाई जिसको लेकर कई विभागों के अधिकारियों को फटकार भी लगाई, सांसद ने कहा जल्द इसे दुरुस्त करें वरना होगी कार्रवाई, साथ ही साथ जांच विभाग में कई तकनीकी प्रशिक्षक नहीं थे वहीं कई विभागों में चिकित्सकों की भी कमी पाई गई उन्होंने कहा जो भी चिकित्सक व कर्मी कार्य समय में अपने कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं थे उस पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी साथ ही साथ कुछ लोगों को निलंबित भी किया जाएगा। गौरतलब हो कि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल अपने क्षेत्र का सबसे बड़ा अस्पताल है।

## सड़क हादसे में पिता और पुत्र की मौत, किताब खरीदने जा रहे थे बाजार

**दैनिक शुभ भास्कर विवेक कुमार की रिपोट**

भागलपुर बिहार के कहलगांव थाना क्षेत्र से आ रही अमापुर गांव के समीप हाईवा की चपेट में आने से सड़क हादसे में पिता और पुत्र की मौत हो गई घटना की सूचना मिलते ही कहलगांव थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती दल बल के साथ पहुंचकर हाईवा को जप्त कर लिया है चालक मौके से फरार हो गया वही ग्रामीणों ने भागलपुर कहलगांव मुख्य मार्ग को जाम कर घंटो बवाल काटा वहीं मृतक की पहचान खरीक थाना क्षेत्र के अठगामा निवासी रवि शंकर निराला और उनके 14 वर्षीय पुत्र शुभम शास्त्री के रूप में की गई है , शुभम कहलगांव पकड़ तल्ला के सेंट जोसेफ स्कूल के साथ में कक्षा का छात्र था जो कहल गांव के एक निजी हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता था, अगली कक्षा के लिए वह अपने पिता के साथ किताबें लेने बाजार निकला था इसी क्रम में तेज रफ्तार से आ रही वाहन की चपेट में आने से पिता और पुत्र दोनों की मौत हो गई वहीं परिजनों ने बताया कि पिता अपने पुत्र को हॉस्टल से लेकर किताब खरीदने बाजार जा रहा था तभी तेज रफ्तार में आ रही हाईवा ने ठोकर मार दिया जहां दोनों की मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय भागलपुर भेज दिया है।

## एनएच 31 पर शव को रखकर जाम किया था, हुआ केस दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

नवगछिया बिहार राजेंद्र कॉलोनी में हुए गोलीकांड में आशीष की मौत हो जाने के बाद 9 मार्च को एनएच 31 पर शव को रखकर प्रदर्शन कर रहे 18 लोगों को नाम दर्ज करने के साथ एक सौ अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। अभियुक्त के साथ शव को सड़क पर रखकर जाम किया था। पुलिस के मुताबिक वीडियो फुटेज के आधार पर इस मामले में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।

## पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत ओलापुर की सड़कों पर 13 साल से बह रहा है नाला का पानी

**दैनिक शुभ भास्कर जिला चीफ ब्यूरो दिलीप कुमार साह की रिपोट**

भागलपुर बिहार जिले के पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत ओलापुर गांव के वार्ड 13 में वर्षों से नाला नाला निर्माण नहीं होने से घर के शौचालयों का गंदा पानी सड़क बह रहा है। इसके कारण स्थानीय लोग इस गंदे कीचड़ भरे मार्ग पर चलने को विवश है। इस वार्ड में गली नाली योजना का काम भी नहीं हुआ है। नतीजा मंदिर स्कूल जाने वाले बच्चे कीचड़ युक्त रास्ते से होते हुए ही गुजरते हैं। बता दें कि इस सड़क पर कीचड़ के साथ-साथ कई घरों से शौचालय निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर ही बह रहा है। महादलित टोला जाने से पहले सड़क पर पानी जमा है। लोग जाम पानी से निकल रहे दुर्गेंद्र से परेशान है। इस गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से गुहार भी लगाई। लेकिन अभी तक समाधान नहीं हो पाया है । कहीं मुखिया जिला परिषद पंचायत समिति विधायक सांसद बदल गए। लेकिन व्यवस्था आज तक नहीं बदली। ग्रामीणों की माने तो यहां पर काफी दिनों से चल नाली योजना का पाइप फटा पड़ा है। सुबह और शाम पानी छोड़ते ही सड़क पर पानी बहने लगता है। बता दें कि पीएचडी विभाग द्वारा हर घर नल जल योजना के तहत जल कलेक्शन दिया है।

## समाहरणालय परिसर में यत्र तत्र वाहन खड़ा करने वालों से वसूला गया जुमार्ना

**दैनिक शुभ भास्कर जिला ब्यूरो चीफ शैलेश कुमार तिवारी की रिपोर्ट**

गोपालगंज बिहार जिला पदाधिकारी,गोपालगंज डॉ० नवल किशोर चौधरी के निदेश पर समाहरणालय परिसर में अनाधिकृत रूप से लगाये गये वाहनों पर जुमार्ना लगाया गया ज्ञात हो कि परिसर मे अनाधिकृत रूप से यत्र- तत्र वाहनों के लगाये जाने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।जिसको देखते हुए जिला पदाधिकारी के निदेश पर तीसरी बार आज अभियान चलाकर अनाधिकृत रूप से खड़े किये गये वाहनों पर जुमार्ना लगाया गया। समाहरणालय परिसर में वाहन खड़ा करने के लिए पश्चिमी गेट के बगल में स्टैण्ट की व्यवस्था भी कराया गया है ,परन्तु वहॉ न खड़ा कर पूरे परिसर में कहीं भी अनाधिकृत रूप से खड़ा करनें से अन्य सरकारी वाहनों के आवागमन मे लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार रजक द्वारा बताया गया कि यह अभियान लगातार चालाया जायेगा और आगे से वाहनों के फिटनेस,इंश्योरेंश आदि की भी जॉच कर वृहद जुमार्ना लगाया जायेगा ।

## अल्पसंख्यक अधिकार मंच के सदस्यों ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन, कहा- सरकारी कार्यालयों में उर्दू जानकारों की करे जल्द बहाली

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

भागलपुर बिहार के समाहरणालय परिसर में आज अल्पसंख्यक अधिकार मंच की ओर से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया इस धरना प्रदर्शन में सभी प्रदर्शनकारी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की साथ ही उन्होंने केंद्र की सरकार को पूर्णरूपेण फेल बताया, अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर अल्पसंख्यक अधिकार मंच के सदस्यों ने समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया. इस दौरान अल्पसंख्यक अधिकार मंच के जिला संयोजक फैज अहमद ने बताया कि सरकार अल्पसंख्यकों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है. उर्दू भाषा भाषी को उदासीन नजरों से देख रही है, सरकारी कार्यालयों में उर्दू जानकारों की बहाली नहीं हो रही है. अल्पसंख्यक समुदाय के समस्याओं के निदान हेतु आज एक दिवसीय धरना दिया गया है. अगर सरकार हमारी मांगे पूरी नहीं करती है तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## छापेमारी के दौरान आबकारी पुलिस से महिला उलझी ऐसे में पुलिस ने पीटा, विरोध में लोगों ने डीएम का आवास घेरा

**दैनिक शुभ भास्कर प्रभात कुमार मिश्रा की रिपोट**

बिहार भागलपुर छापेमारी के लिए पहुंची उत्पाद विभाग की टीम ।टीम में शामिल पुलिस जवानों ने महिलाओं व एक किशोरी की पिटाई कर दी। इसके बाद गुस्साए लोगों ने जिलाधिकारी आवास व बरारी थाने का घेराव किया। लोगों ने तिलकामांझी बरारी सड़क को भी कुछ देर के लिए जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचे सीआईटी एस आर बी के जवानों ने प्रदर्शनकारियों को समझा कर शांत कराया। उत्पाद विभाग की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही 40 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। हालांकि कुछ शराब कारोबारी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। उत्पात अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि टीम बरारी इलाके में छापेमारी के लिए गई थी।

## खलीफाबाग इलाके से एक बाइक चोरी

**दैनिक शुभ भास्कर आनंद कुमार की रिपोट**

भागलपुर बिहार खलीफा बाग चौक के पास खरीदारी कर रहे एक प्रिंसिपल की बाइक चोरी हो गई। घटना शाम के समय घटित हुआ। मिरजानहाट लड़का स्कूल के प्रिंसिपल मनोज कुमार ने बताया कि वह बाइक लगाकर सामान खरीदने गए थे। जब खरीददारी कर वापस लौटे तो बाइक नहीं थी। आसपास लगे सीसीटीवी के जरिए भी पता लगाने का प्रयास किया। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला । वहीं कोतवाली थाने में शिकायत दी है।

## दुर्घटना में घायल युवक के लिए फरिश्ता बने युवा नेता

**दैनिक शुभ भास्कर माँझी/मनीष पाण्डेय मिन्टू**

सोमवार की सुबह एकमा माँझी मुख्य पथ पर अवस्थित मदनसाठ के समीप एक अनियंत्रित बोलेरो ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक बोलेरो में ही फंस गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया जाता है कि बोलेरो चालक ने लगभग 100 मीटर तक बाइक सहित चालक को घसीटता रहा। एक झटके के साथ ब्लारो से बाइक अलग होने पर चालक बोलोरो लेकर भाग निकला। मिली जानकारी के मुताबिक भवनवलिया निवासी जय प्रकाश सिंह का 22 वर्षीय पुत्र भोलू कुमार बाइक से घर आ रहा था, तभी विपरीत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित बोलेरो ने जोरदार ठोकर मार दिया और लगभग 100 मीटर घसीट दिया। लोगों के शोर मचाए जाने पर चालक बोलोरो लेकर भागने में सफल रहा। उस रास्ते से उसी वक्त गुजर रहे युवा नेता राणा प्रताप सिंह डब्ल्यू ने अपनेए सहयोगियों के मदद से आनन-फानन में घायल युवक को उठाकर अपनी गाड़ी से माँझी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया,और अपने देख रेख में प्राथमिक उपचार कराने के बाद घायल युवक के परिजनों को सूचित किया।वहीं घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने छपरा रेफर कर दिया।

## अपराध पर लगाम लगाने को लेकर एसएसपी ने की विशेष बैठक, कहां फरार अपराधियों को जल्द से जल्द करें गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर प्रभात कुमार मिश्रा की रिपोट**

भागलपुर बिहार आसपास के क्षेत्रों में इस महीने लगातार हत्याएं हो रही हैं ,अपराध का ग्राफ बढ़ता ही चला जा रहा है। शहर में बढ़ रहे अपराध को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक ने विशेष बैठक का आयोजन किया इस क्राइम मीटिंग में सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ सभी थाने के थानाध्यक्ष मौजूद थे।वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने बताया कि सभी थानों में जितने भी केस अभी तक निष्पादित नहीं हुए हैं उन पर जल्द से जल्द संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए, साथ ही उन्होंने कहा जो भी अपराधी फरार चल रहे हैं उस पर नकेल कसते हुए जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जाए। वही गश्ती दल को भी सख्त हिदायत दी गई है गस्ती हर क्षेत्र में सुचारू रूप से करें जिससे अपराध पर नकेल कसा जा सके।

## आटा चक्की के फीते की चपेट में आने से संचालक की ,मौके पर मौत

**दैनिक शुभ भास्कर अनुमडल पत्रकार कनैया खंडेलवाल की रिपोट**

कहलगांव बिहार अनुमंडल के महेशमुंडा पंचायत में आटा चक्की चलने के दौरान चीते की चपेट में आने से आटा मिल संचालक मोहम्मद खुर्शीद का 36 वर्षीय पुत्र मोहम्मद अमुल्लाह की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक रात में आटा चक्की मशीन से अनाज की पिटाई कर रहा था। इसी दौरान अचानक चक्की का फीता उतर गया। और वह पिता की चपेट में आ गया। जिसमें उसका एक पैर कट गया। अधिक मात्रा में खून पाए जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पड़ोसी और परिजन आटा मिल के समीप पहुंचे और उन्हें उठाकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकचारी में 8 दिनों से एमडीएम भोजन बंद

**दैनिक शुभ भास्कर की रिपोट**

पीरपैती बिहार विद्यालय में चावल रहते हुए भी एमडीएम भोजन नहीं पक्का। जी हां एक विद्यालय होता है एमडीएम भोजन बच्चों के लिए विद्यालय में तैयार किया जाता है। कहीं भी घटना घोटाले के बारे में तब मालूम होता है,जब प्रकाश मे आता है । बता दे कि चावल रहते हुए भी बच्चों को भोजन नहीं दिया जा रहा है' जब उत्क्रमित मध्य विद्यालय एकचारी में जांच के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी पहुंचे तो शिकायतों की अंबार लग गई। वीडियो से बच्चे और अभिभावक ने शिकायत की 8 दिनों से एमडीएम नहीं बन रहा है। जांच की गई तो भंडारण में चावल उपलब्ध था।

# मक्का खेत में लावारिश अवस्था में राजमिस्त्री की शव बरामदगी होने से इलाके में सनसनी फैल गई

फारबिसगंज : फारबिसगंज थाना क्षेत्र के ढोलबज्जा पंचायत स्थित कटहरा घाट के समीप मक्का खेत में लावारिश अवस्था में राजमिस्त्री की शव बरामदगी होने से इलाके में सनसनी फैल गई। वह रविवार की शाम करीब छह बजे से गायब था। शव बरामदगी की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। वहीं सूचना पर थाना से पहुंची पुलिस ने जांच शुरू करते हुए पीड़ित परिजनों से पुछताछ करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पैंतीस वर्षीय मृतक का नाम विजय मंडल उर्फ पहाड़ी मंडल बताया गया है जो ढोलबज्जा वार्ड संख्या एक निवासी नरेश मंडल का पुत्र था। मृतक चार पुत्रियों के पिता थे। घटना के संबंध में पीड़ित परिजनों के अनुसार मृतक विजय रविवार की शाम छह बजे से लपता था। घर से लापता राजमिस्त्री विजय के देर रात तक घर नहीं लौटने के बाद परिजनों द्वारा उनके मोबाईल पर संपर्क साधने की काफी कोशिश किया मगर रिंग होने के बावजूद मोबाईल रिसीव नहीं हो सका। जहां सोमवार की सुबह से परिजनों द्वारा खोजबीन शुरू की गई। वहीं फारबिसगंज कॉलेज से पश्चिम घास काटने के उद्देश से जा रही महिलाओं ने मक्का खेत में पड़ा शव देख शोर मचाने लगा। जहां मौके पर पहुंचे लोगों ने शव की शिनाख्त विजय उर्फ पहाड़ी के रुप में की। जिसके बाद गांव सहित परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना थाना में दिए जाने के बाद मौके पर दारोगा नरेन्द्र सिंह सदल बल मौके पर पहुंच कर शव की जांच करते हुए पीड़ित परिजनों से पुछताछ किया। जिसके बाद शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अररिया भेज दिया गया है। इधर पुलिस ने मृतक के पॉकेट से एक मोबाईल फोन बरामद किया है जिसका स्विच ऑफ बताया गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर हाल बुरा है। मौके पर पहुंचे मुखिया प्रतिनिधि कफील अंसारी, वीरेन्द्र पासवान आदि के द्वारा पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए ढाढस बंधाया जा रहा है। मृतक की शादी तकरीबन पंद्रह साल पहले नरपतगंज थाना क्षेत्र के चकरदाहा के पास मंडल टोला में होने की जानकारी दी गई है। वहीं दूसरी ओर घटना से आहत परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए उसे कही दुसरे स्थान पर मारे जाने तथा शव को मक्का खेत ठिकाना लगाने की बात कही गई है। परिजनों की मानें तो जिस मक्का खेत से शव की बरमदगी की गई है उस स्थान पर किसी भी तरह की क्षति या फिर किसी भी तरह के स्पॉट नहीं पाए जाने की जानकारी दी गई है। वहीं पूछे जाने पर दारोगा नरेन्द्र सिंह ने पीड़ित परिजनों द्वारा अभी तक किसी पर आरोप प्रत्यारोप नही लगाया गया है। उन्होंने शव के शरीर पर पहने कपड़े पानी से पूरी तरह भींगे होने की बात कही। प्रथम दृष्टया हत्या के संदेह पर दारोगा ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचने या फिर कुछ कहने की बात कही।

## मनीष राज को मिला बाबु कुँवर सिंह आवार्ड

अररिया जिला के फारबिसगंज प्रखंड के रेणु धरती के लाल सैफगंज पंचायत मे जन्म लेने वाले मनीष राज ने शिक्षादान से लेकर रक्तदान के क्षेत्र मे इतिहास रच दिया। राजधानी पटना मे आयोजित बाबु कुँवर सिंह सम्मान समारोह में मनीष राज द्वारा स्थापित लाईफ सेवियर फाऊण्डेशन को रक्तदाता सम्मान से सम्मानित किया गया। वही मनीष राज के द्वारा चलाए जा रहे इस संस्था द्वारा अररिया ही नहीं भारत वर्ष के हर राज्य मे इस संस्था के लोग सदस्य है।जहाँ जरुरत पडती है वहाँ इस संस्था के सदस्य पिडित को रक्त मुहैया कराते है।।एक खास बात की यह संस्था रक्तदान के अलावा वस्त्रदान के साथ साथ कृत्रिम हाथ पैर भी निःशुल्क लगवाने का कार्य करती है।जो अररिया जिला के लिये गौरव का विषय है। वही संस्था के संस्थापक मनीष राज को मिले इस सम्मान से जिले भर मे खुशी का महौल है। विधायक विधासागर केशरी, अंशु कनोजिया, आदित्य भगत,रजत साह मुखिया दिलिप पासवान, पैक्स अध्यक्ष रंजन मंडल,पुर्व सरपंच कृष्णानंद कुँवर,नीरज भगत,सुजीत झा,मिन्टु साह,संतोष यादव ,मनीष यादव,शिवकांत मल्लिक,अमोद मेहता,निशांत झा,बाबु मंडल,सुमन सौरव,सुजीत सिंह,लाल झा,मो०शमशाद, गौरव चन्द्रवंशी,सुबोध मंडल,बिट्टू साह,रोशन वर्मा, अविनाश वत्स ,मिरा झा,उमेश बहरदार,बबिता देवी पम्मी देवी ने शुभकामनाएं दी।।

## विद्यालय शिक्षा समिति सचिव के जन्मदिन पर छात्रों के बीच तिथि भोजन का किया गया आयोजन

**भरगामा/अररिया-** शादी व जन्मदिन की खुशियों को पदाधिकारी से लेकर जनप्रतिनिधि स्कूली छात्रों के साथ साझा करेंगे।केंद्र सरकार द्वारा जारी निर्देश के परिपेक्ष्य में सिरसिया कला पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मुसहरी बांध टोलो विद्यालय शिक्षा समिति सचिव शांति देवी के जन्मदिन पर छात्रों के बीच तिथि भोजन का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुषमा कुमारी ,बी आर पी पी एम पोषण योजना मनोज कुमार भारती मुख्य रूप से उपस्थित थे।मौके पर उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुषमा कुमारी एवं बी आर पी मनोज कुमार भारती ने विद्यालय शिक्षा सचिव शांति देवी को जन्मदिन की बधाई दी।साथ ही तिथि भोजन के अवसर पर बच्चों को पूरी, मिक्कर सब्जी, सलाद, खीरे खिलाया गया।मौके पर उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सिरसिया कला के विद्यालय प्रधान सरोज कुमार,कुंदन कुमार ,विद्यालय प्रधान कुमार गौरव,आलोक कुमार प्रधानाध्यापक कुमार गौरव सहायक शिक्षिका सांत्वना कुमारी नेहा कुमारी विद्यालय शिक्षा समिति अध्यक्ष मोहम्मद सलाम विद्यालय शिक्षा समिति सचिव शांति देवी ग्राम पंचायत सिरसिया कला की मुखियो सुनीता देवी मुखिया प्रतिनिधि राम कुमार साह ,पंचायत समिति सदस्य रंजना कुमारी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शंकर कुमार रजक वार्ड नंबर 5 के वार्ड सदस्य निर्मल कुमार झा शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार पासवान , प्रखंड कोषाध्यक्ष मोहम्मद मसनून आलम , सिरसिया कला पंचायत के सभी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मौजूद थे ।

## नगर परिषद कार्यालय में मुख्य पार्षद वीणा देवी और उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बुलबुल यादव ने कर्मचारियों के साथ किया समीक्षात्मक बैठक

फारबिसगंज : फारबिसगंज शहर की समस्या और उसके निराकरण को लेकर सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में मुख्य पार्षद वीणा देवी और उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि बुलबुल यादव ने कर्मचारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की, जिसमें नप ईओ दीपक कुमार झा मौजूद थे।शहर में प्रमुख रूप से साफ सफाई और मुख्य सड़कों पर पसरे गंदगी के ढेर के साथ विभिन्न स्थानों पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण नाला के पानी का सड़क और पसरे रहने के मुद्दे को लेकर चर्चा की गई और उसके निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई को लेकर मंथन किया गया।जहां मुख्य पार्षद एवं उप मुख्य पार्षद ने शहर में बेहतर सफाई करने पर कर्मियों के बीच हो रहे विभिन्न समस्याओं के निदान व उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। मौके पर जानकारी देते हुए मुख्य पार्षद वीणा देवी व बुलबुल यादव ने कहा कि शहर को साफ सुथरा रखना उनका पहला प्राथमिकता है और आने वाले दिनों में शहरवासियों को बखूबी यह देखने को मिलेगा।उंन्होने कहा कि शहर की ज्वलंत समस्याओं में साफ सफाई के साथ साथ जलनिकासी का समुचित प्रबंध नहीं होना है और इसके लिए सकारात्मक रूप से पहल करेगी।उंन्होने नगर परिषद के कर्मचारियों के साथ इसी मुद्दे को लेकर मीटिंग की है।इस मौके पर कर्मचारी संघ के सूरज कुमार सोनू,कन्हैया मारिक सहित अन्य मौजूद थे।

## विभिन्न योजनाओं के द्वारा मुखिया फिरोज आलम बदल रहे हैं पंचायती राज कमलदाहा की तस्वीर

**कुसार्काटा ।** प्रखण्ड मुख्यालय से सबसे चर्चित और कमलादाहा पंचायत के तकदीर व तस्वीर बदलने में हमेशा जुटे मुखिया फिरोज आलम की चर्चा जिला मुख्यालय तक सबके जुबान पर सुनने को लगातार मिलता रहा है।इसका मुख्य वजह अपने कार्य और जवाबदेही के प्रति हमेशा सजग रहने वाले मुखिया फिरोज आलम विभिन्न योजनाओं के द्वारा पंचायत को सुंदर व स्वच्छ बनाने की जुनून हमेशा इनके ऊपर सवार रहता है।जिसका मुख्य उदाहरण हमारे संवाददाता को आज देखने को मिला जिसमें एक कदम कमलदाहा पंचायत विकास की ओर निर्माण कार्य प्रगति के तहत छठ घाट निर्माण कार्य पोखर टोला वार्ड नं 05 में,W P व कचड़ा घर का निर्माण कार्य वॉर्ड न 07 सोनापुर में साथ ही छठ घाट निर्माण कार्य वॉर्ड न 07 सोनापुर देखने को मिला। वही पंचायत के लोगो का कहना हैं मुखिया नित्य प्रतिदिन अपने कार्यों का निरीक्षण करते हैं।साथ ही वहा कार्यरत मजदूर व राजमिस्त्री ने बताया मुखिया जी मजबूत कार्य करने हेतु हमेशा प्रोत्साहित करते हैं।इनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रसंशा पदाधिकारी से पंचायत तक के आम लोगो से सुनने को मिला।

## पूर्व विधायक पदम पराग राय वेणु ने सीएम से मुलाकात कर स्टार्च फैक्ट्री चालू कराने की लगाई गुहार

फारबिसगंज : पूर्व विधायक पदम पराग राय वेणु के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पटना स्थित आवास पर मुलाकात की और फारबिसगंज के निमार्णाधीन स्टार्च फैक्ट्री को जल्द चालू कराने की मांग की। मुलाकात के दौरान क्षेत्र को विभिन्न समस्याओं के साथ किसानों को होने वाली परेशानियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए मक्का के रिकार्ड उत्पादन के बावजूद बाजार नहीं मिल पाने के कारण हो रही समस्याओं से निजात दिलाने के लिए फारबिसगंज के बियाडा में निमार्णाधीन स्टार्च फैक्ट्री को जल्द चालू कराये जाने को इलाके की मांग करार दिया।जिसे मुख्यमंत्री की ओर से संज्ञान में लिये जाने का दावा दक्षिणेश्वर प्रसाद राय ने किया। उन्होंने जिले में चल रहे रेल परियोजनाओं और निमार्णाधीन कार्यों के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया।भूमि अधिग्रहण के बाद रेल परियोजना के कार्यों में तेजी आने की जानकारी दी गई।मौके पर मौजूद पूर्व विधायक पदम पराग राय वेणु ने मुख्यमंत्री को औराही हिंगना घर आने का न्यौता दिया,जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए आने की बात कही। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का रेणु के परिवार वालों से काफी आत्मीय संबंध है और इससे पहले दो बार उनके आवास पर उनके परिजनों से मुलाकात करने के साथ पटुआ का साग सहित भक्का का स्वाद ले चुके हैं।इतना ही नहीं स्व.रेणु की पत्नी के कहने पर भाजपा और जदयू गठबंधन वाले 2010 के चुनाव में नीतीश कुमार के पहल पर भाजपा की ओर से रेणु जी के बड़े पुत्र पदम पराग राय वेणु को टिकट भी दिया गया था और रिकार्ड मतों से जीत भी दर्ज करवाया था।

## समाज सुधार सम्मेलन का हुआ आयोजन

**एक संवाददाता/दैनिक सुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल**

जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय करजाईन में रविवार को आयोजित समाज सुधार सम्मेलन का उद्घाटन वशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक उदय प्रकाश गोईत ने किया। वहीं अध्यक्षता सर्वोदय नेता अवध नारायण यादव ने की। अतिथियों का स्वागत समाजसेवी डॉ. रमेश प्रसाद यादव ने की। इस मौके पर सामूहिक भोज को बंद करने का निर्णय लेते हुए लोगों को इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। सम्मेलन में पहुंचे वक्ताओं ने कहा कि आज दहेज, मृत्युभोज, भगैत, भंडारा आदि कार्यों में लोग झूठी शान दिखाने के लिए पुरखों की अर्जित सम्पति को बेचकर लोग भोज करते हैं। यहां तक की लोग कर्ज लेकर भोज करते हैं। इस दिखावे को बंदकर यह रुपया अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं बीमार को इलाज करवाने में खर्च करें। ऐसे रीति-रिवाज को अविलंब बंद करें इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। सम्मेलन को मुख्य अतिथि सोमित लाल पघिया, आचार्य रामविलास मेहता, प्रशान्त कुमार, अमन कुमार, सियाराम यादव, पैक्स अध्यक्ष विंदेश्वर मरीक, उपेंद्र सहनोगिया, महेंद्र सहनोगिया, ललन कुमार आर्य, डॉ. इंद्रभूषण यादव, अमरेंद्र, विशेश्वर भारती, राजीव आर्य, रामानंद यादव, इन्द्रनारायण कुसियैत आदि ने संबोधित किया।

## बैंक ऑफ इंडिया परिसर में ऋण मुक्ति शिविर का हुआ आयोजन

**एक संवाददाता/दैनिक सुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल**

जिले में राघोपुर प्रखंड अंतर्गत मोतीपुर स्थित बैंक ऑफ इंडिया परिसर में एकदिवसीय ऋण मुक्ति शिविर का आयोजन अंचल प्रबंधक भागलपुर राजेश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को किया गया। इसमें ऐसे ऋणधारक जिनका ऋण खाता एनपीए हो गया ऐसे ऋणधारकों को बैंक के द्वारा उसके ऋण राशि में रियात कर एनओसी दिया गया। जानकारी देते हुए अंचल प्रबंधक ने बताया कि आरबीआई के वन टाइम सेटलमेंट स्कीम के तहत इस शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे ऐसे पुराने ऋणधारक जो छोटा- छोटा लोन लिए हैं और नहीं चुका पा रहे है। साथ ही जिसे बैंक से किसी अन्य योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है बैंक से दूरी बनता जा रहा है। ऐसे लोगों को इस स्कीम के तहत लोन का सेटलमेंट कैम्प के माध्यम से किया जा रहा है । मौके पर मोतीपुर शाखा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक नवीन कुमार, एनजीओ जेजेबीएफ से परियोजना प्रबंधक पवन कुमार, एनिमेटर अशोक कुमार, बैंक बीसी मोतीपुर चितरंजन झा, हरिराहा बीसी कमलेश कुमार, अर्जुन मेहतर, संतोष कुमार सहित खाताधारक उपस्थित थे।

## सेव स्थापना दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**एक संवाददाता/दैनिक सुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल**

जिले के राघोपुर प्रखंड अंतर्गत करजाईन बाजार में सेव के स्थापना दिवस के मौके पर करजाईन एसबीआई के सामने स्थित ग्राहक सेवा केंद्र में संचालक सुजीत कुमार उर्फ छोटू द्वारा ग्राहकों को कैलेंडर, कलम व टॉफी दिया गया। इस दौरान ग्राहक सेवा केंद्र को सजाया गया। साथ ही केंद्र पर आने वाले ग्राहकों को कैलेंडर, कलम एवं टॉफी दिया गया। साथ ही संचालक सुजीत कुमार उर्फ छोटू ने ग्राहकों को सीएसपी सेंटर में मिलने वाली सुविधाएं एवं बैंक की नई योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर जनार्दन मेहता, जितेंद्र कुमार, अमित कुमार, मु. सद्दाम सहित ग्राहक उपस्थित थे।

## पुलिस द्वारा देसी शराब के साथ एक कारोबारी को किया गिरफ्तार भेजा जेल

**सरोज कुमार/दैनिक सुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल**

जिले में किसनपुर थाना पुलिस ने रविवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलापट्टी गांव से एक बोड़ा देसी शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। मामले में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष महबूब आलम ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना मिला के एक शराब कारोबारी बाइक पर शराब लेकर कहीं जा रहा है तत्पश्चात सूचना के आलोक में गश्ती दाल को उक्त जगहों पर भेजा गया तो शराब कारोबारी शराब के 1 बोरा छोड़कर बाइक लेकर भाग गया था। ग्रामीण के द्वारा बताया गया कि बाइक नंबर बीआर 50 यू 6972 से पिपरा थाना क्षेत्र के देवी पट्टी बथनाहा गांव निवासी नीतीश कुमार और उनके साथ में एक और शराब कारोबारी शराब लेकर मथुरा के तरफ जा रहा था इस बीच तुलापट्टी गांव निवासी अमर कुमार कामत ने भी ग्रामीण को बताया कि यह शराब मेरा है और मेरा दोस्त शराब लेकर जा रहा है जिसे आप लोग क्यों पकड़े हैं इस दौरान जब शराब का गिनती किया गया तो नेपाली देसी शराब के 300एमएल के 88 बोतल में रखा कुल 26 लीटर शराब के साथ साथ शराब कारोबारी नितेश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में सुपौल भेज दिया गया है

## भागलपुर मुख्य मार्ग एनएच 80 स्थित त्रिभुहान आमापुर के पर हइवा की चपेट में आने से पिता एंव बेटा की घटना स्थल पर मौत हो गई

**दैनिक शुभ भास्कर/भागलपुर निबराज आलम**

भागलपुर मुख्य मार्ग एनएच 80 स्थित त्रिभुहान आमापुर के पर हइवा की चपेट में आने से पिता एंव बेटा की घटना स्थल पर मौत हो गई। मृतक की पहचान अठगामा गांव खरीक (नवगछिया) निवासी रवि शंकर निराला उम्र करीब 45 वर्ष स्कूल( शिक्षक) पिता उपेन्द्र मंडल दुसरा शुभम शास्त्री उम्र करीब 14 वर्ष पिता रवि शंकर निराला के रूप में पहचान की गई है। जो रवि शंकर निराला अपने बेटा शुभम शास्त्री को लेकर संतजोसेफ स्कूल कहलगांव बाइक पर जा रहा था घटना सोमवार दिन करीब 10 बजे की है। घटना को लेकर मृतक के स्वजन ने बताया कि रवि शंकर निराला स्कूल का शिक्षण था सोमवार को वह अपने बेटा शुभम शास्त्री को संतजोसफ स्कूल कहलगांव लेकर जा रहा था इस बीच भागलपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार हइवा ने उसे रौंद दिया। सड़क को करीब चार से पांच घंटे तक परिचालन बाधित कर दी गई इसकी सूचना परिजन को दिया गया इसके बाद परिजन घटना स्थल पर आने के बाद जहां देखा कि रवि शंकर निराला एंव उनका बेटा शुभम शास्त्री का शव सड़क पर पड़ा हुआ है इधर घटनास्थल पर कहलगांव थाना एंव रसलपूर ओ पी और कहलगांव सीओ राम अवतार यादव एंव परिजनो के बीच वातार्लाप करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया है। वही पुलिस ने हइवा गाड़ी नम्बर इफ10 ऋ0553 को जब्त कर लिया है। घटना के बाद चालक व खलासी गाड़ी छोड़कर फरार हो गए हैं। थानाध्यक्ष श्रीकांत भारती ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है।

## एसपी डी अमरकेश के आदेशानुसार की गई वाहन चेकिंग

**मो0 नजीर/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**

जिले में एसपी डी अमरकेश के आदेशानुसार पुलिस की ओर से वाहन चालकों पर सख्ती की गई। इस दौरान सोमवार को बिना कागजात वाले 22 के करीब वाहन चालकों के चालान काटे गए। वहीं कार्रवाई के दौरान पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि पुलिस हमेशा लोगों की सुरक्षा में 24 घंटे मौजूद है। उन्होंने नगरवासियों से अपील कर कहा कि पुलिस कर्मचारियों का सहयोग करें। उन्होंने दुकानदारों और रोड पर ठेला गाड़ी वालों को भी अपील की कि वह सड़को पर अनावश्यक रूप से जाम न लगाए। गौरतलब है कि रविवार को पुलिस ने सुपौल के जिले भर में चेकिंग अभियान शुरू करते हुए ऐसे बाइक चालकों को पकड़ा जिनके पास हेलमेट ,गाड़ी के कागज और ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। वाहनों पर चालान का कार्रवाई करते हुए 22000 राजस्व भी वसूला। वहीं पुलिस ने पकड़े गए वाहन चालकों को हिदायत देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति कानून का उल्लंघन करता है तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बाबा रामदास ठाकुर बारी सनी मंदिर प्रांगण में रामनवमी को लेकर हुई अहम बैठक

**ब्यूरो/दैनिक सुभ भास्कर, सुपौल**

जिले में नगर परिषद अंतर्गत रविवार को श्री श्री 108 संत बाबा रामदास ठाकुरबाड़ी सह शनी मंदिर अखाड़ा वार्ड नंबर 24/26 वीणा रोड सुपौल के प्रांगण में स्थाई एवं रामनवमी (श्रीराम जन्मोत्सव) सालाना बैठक आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता चंद्रकांत झा ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा,सात दिवसीय मेला लगाने का निर्णय लिया गया। समिति निर्माण का निर्णय लिया गया जिसमें स्थाई समिति के अध्यक्ष राघवेंद्र झा राघव,उपाध्यक्ष विनय भूषण सिंह,अरुण कुमार चौधरी,सचिव मणिकांत कामत,संयुक्त सचिव वैद्यनाथ चौधरी,कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न ठाकुर,व्यवस्थापक हीरालाल कामत,अंकेक्षक राम कुमार चौधरी,संरक्षक के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार दास,नागेंद्र नारायण ठाकुर,डॉ विजय शंकर चौधरी उर्फ खोखा जी,अमित झा,चंद्रकांत झा, रामाधीन ठाकुर,उपेंद्र कुमार सिंह। श्री राम जन्मोत्सव रामनवमी पूजा समिति सत्र 2023 के लिए अध्यक्ष के रूप में सरोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राम कुमार चौधरी,संजीव झा,सचिव मणिकांत कामत,संयुक्त सचिव विकास कुमार, कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न ठाकुर, व्यवस्थापक हीरालाल कामत,सह व्यवस्थापक सुरेश चौधरी,पप्पू जी, पूजा प्रभारी संजीव कुमार सिंह बबलू ,मेला मंत्री नलिन जायसवाल, अंकेक्षक रामाधीन ठाकुर,पुजारी देवेंद्र झा। संरक्षक राघवेंद्र झा राघव, वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद कुमार दास,नागेंद्र नारायण ठाकुर,डॉ विजय शंकर चौधरी उर्फ खोखा जी, रमन कुमार सिंह,विनय भूषण सिंह,चंद्रकांत झा, और कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में उपेंद्र कुमार सिंह,शिवनंदन कामत,कामेश्वर पासवान, रंजन विश्वास, कुंदन कामत,कृत्यानंद कामत,अरविंद रजक, मीडिया प्रभारी अभिषेक कुमार गुप्ता,शंभू चौधरी मिंकू सिंह। बैठक में इसके अलावा विराट जायसवाल,मुकेश पासवान,मनोज कुमार, बमबम, संजीव गुप्ता,सियावर बढ़ई, शिवकुमार कामत,राजकुमार कामत सहित दर्जनों रामभक्त उपस्थित रहे ।

# भीम बराज पुल का अस्तित्व है खतरे में, इस ओर कोई तो नजर डाले

**संवाददाता- विवेक चौबे**

**दैनिक शुभ भास्कर गढ़वा :** जिले के कांडी प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत कोयल नदी पर बना भीम बराज पुल, जिसकी अनुमानित लागत अरबों में है। इसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी टायर के सहारे अस्थायी अवरोधक टंगा हुआ है। भीम बराज पुल का अस्तित्व खतरे में है। इस पुल पर केवल हल्के वाहनों के आवागमन का ही परमिशन है, जिसके लिए गढ़वा जिला की तरफ पूल के पश्चिमी छोर पर "पुल पर भारी वाहनों का प्रवेश निषेध" का बोर्ड लगा हुआ है। परंतु आदेश की अनदेखी कर उक्त पुल पर तमाम तरह की भारी वाहन यथा बस, ट्रक, छरी गट्टी लदे हाइवा, कुट्टी भूसा लदे ट्रक, ट्रैक्टर व पिकअप गाड़ियों का बेरोकटोक आना-जाना हो रहा है।सिंचाई विभाग ने पुल की सुरक्षा की जिम्मेवारी होमगार्ड के जवान के हाथों में सौंप रखा है। पुल के दोनों छोर पर होमगार्ड अपनी ड्यूटी देते हैं। भीम बराज पूल पर कोई भारी वाहनों का आना-जाना

नही हो, इसके लिए ही पांच-पांच की संख्या में पुल के दोनों किनारे गढ़वा व पलामू की ओर होमगार्ड अपनी ड्यूटी देते हैं। उसी के लिए उनकी ड्यूटी लगी है और वेतन प्राप्त करते हैं, लेकिन उक्त सारे आदेश की अवहेलना करते हुए वहां पर तैनात होमगार्ड के जवान महज 100 ₹200 के लिए सारे नियमों का धजी उड़ा कर अवैध रूप से वाहनों को पार होने का परमिशन दे रहे हैं। ओवरलोडिंग वाहनों के आवागमन से निश्चय ही सीमित समय के अंतराल में भीम बराज पुल का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा एवं सैकड़ों ग्रामीणों को मोहम्मद गंज रेलवे स्टेशन से जोड़ने वाली एकमात्र पुल सपना बनकर रह जाएगा। यह बराज पुल गढ़वा जिला को पलामू जिला व बिहार राज्य से जोड़ता है। इस पुल की क्षमता उतनी नही है कि इस पर से भारी वाहन गुजरे, लेकिन पूरे वर्ष इस कम क्षमता वाली पुल से भारी वाहन को गुजारा जाता है, जिससे इस पुल की अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। अगर इस पर लगाम नही लगा तो संभावना है कि पुल टूट जाएगा। पुल पर से कोई भारी वाहन न गुजरे उसके रोकथाम के लिए पुल के दोनों किनारों पर लोहे के पिलर गाड़कर ऊपर से भी लोहे का अवरोधक लगाया गया है। उक्त अवरोधक को स्थायी रूप से फिक्स न कर चलायमान रूप में लगाया गया है।

उक्त अवरोधक को साइकिल के टायर के सहारे टांग दिया गया है, जिसे बड़ी गाड़ी को पुल से पार कराने के समय अवरोधक को टायर से बड़ी आसानी से हटाकर गाड़ी को जाने दिया जाता है। इसके पीछे का कारण मात्र पैसे की लालच है।होमगार्ड के जवान पैसे की लालच में आकर भीम बराज पुल के अस्तित्व को मिटाने पर उतर आए हैं। इस तरफ कोई तो नजर डाले। इस विषय में गार्ड श्रवण तिवारी ने बताया कि मैं पिछले तीन चार दिनों से छुट्टी में आया हूँ, लेकिन पुल से कोई भी भारी वाहन नही आता-जाता है।

# गोला रेलवे स्टेशन में रेलवे साइडिंग से हो रही प्रदूषण का शिकार कमता और आस पास के गांव

**दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवादाता रामगढ़।** गोला रेलवे स्टेशन में खुलेआम पर्यावरण की धज्जियां उड़ाई जा रही है।रेलवे साइडिंग में रात दिन धुल उड़ने से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। यहां स्टेशन के अलावा आस पास के गांव जैसे कामता,

बरवाटांड और गोला प्रदूषण से पूरी तरह प्रभावित हो चुके है। पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के अनेको उपाय किए जा रहे है।वही गोला रेलवे स्टेशन में खुलेआम पर्यावरण का हनन किया जा रहा है।भारत सरकार का ये नारा स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत असत्य साबित हो रहा है।आए दिन बच्चे, नवयुवक,बूढ़े स्वास की बीमारी और टी. बी. से ग्रसित हो रहे है। रेलवे के ओर से पर्यावरण संरक्षण के लिए हजारों पेड़ लगाया गया था।गोला रोड स्टेशन परिसर में जंगल के होने से गोला रोड रेलवे स्टेशन की सुंदरता में चार चांद लग गया था परंतु ढाई तीन वर्षो में अनेकों पेड़ सुख चुके है और जो बचे है वो भी सूखने के कगार में है।प्रदूषण के संबंध में प्रदूषण विभाग को समाचार के माध्यम से अनेको बार अवगत कराया गया है फिर भी रेलवे विभाग आजतक कोई कार्यवाही नहीं की।गोला,कामता और बरवाटांड कृषि प्रधान गांव है।प्रदूषण से कृषि पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है।इसके अलावे पशु पक्षी भी प्रदूषण के शिकार हो रहे है।

# छपरा में सरहुल पूजा का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता रामगढ़।** मांडू प्रखंड के किमो पंचायत ग्राम छपरा में सरहुल पूजा का आयोजन ग्रामीणों द्वारा हुडूर बिजली आदिवासी सरना समिति के द्वारा अध्यक्ष देवीराम टूडू के नेतृत्व में सरहुल पूजा मनाया गया। इस पूजा में मुख्य अतिथि के रूप में बिरसा हंसदा अधिवक्ता रांची मांझी परगना बबनबई परगना के अध्यक्ष रूपम मुर्मू राजकुमार हांसदा देवीराम हेंब्रोम महेन्द्र कुमार बिरजू नायक कुलदीप मेहता अनिल करमाली एवं बोकारो जिला गिरिडीह जिला हजारीबाग जिला रामगढ़ जिला के अनेकों पंचायत के प्रतिनिधि एवं सामाजिक संगठन के समाजसेवी लोग पहुंचे हुए थे। इस सरहुल में ग्रामीणों ने सारे नियम एवं विधि विधान के साथ संपन्न किया गया और शपथ लिया गया की जंगल में आग नहीं लगाया जाएगा जंगल में पेड़ पौधा को बचाया जाएगा। इसलिए आदिवासियों का जीविकोपार्जन जंगलों से ही होता है जितने भी जरूरत का चीज है वह जंगलों के द्वारा ही पूरा होता है इसलिए जल जंगल जमीन का रक्षा करना है।

# 26 से आरंभ होगा कैथा महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार

**दैनिक शुभ भास्कर राजेश सिंह संवाददातारामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 26 कैथा के महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर महादेव मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद श्री देवधारी महतो व संचालन राजेश महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से 26मार्च से महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य आरंभ करने का निर्णय लिया गया। बैठक में वार्ड पार्षद श्री देवधारी महतो ने कहा कि कैथा महादेव मंदिर हमारे पूर्वजों द्वारा बनाया गया है। वर्षा से हम ग्रामीण कैथा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करते रहे हैं।अब समय के साथ हम ग्रामीणों ने कैथा महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया है। वहीं कैथा मंडा पूजा के निवर्तमान अध्यक्ष राजेश महतो ने कहा कि दशकों से कैथा महादेव मंदिर में हम ग्रामीण आस्था और श्रद्धा से मंडा पूजा करते रहे हैं।साथ अन्य अवसरों पर विधि पूर्वक भगवान का पूजन

करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि कैथा महादेव मंदिर का भव्य तरीके से जीर्णोद्धार कर मंदिर को नया रूप दिया जाएगा।24 मार्च को ग्रामीणों और चटिया के द्वारा विधि पूर्वक पूजन किया जाएगा।और 26 मार्च को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एव रामगढ़ विधानसभा की विधायक सुनिता चौधरी के करकमलों द्वारा जीर्णोद्धार कार्य आरंभ किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से कोलेश्वर महतो,गणेश महतो,डिया महतो, रामप्रकाश महतो,संतोष महतो,बहाली ओहदार, बालिस राम महतो, राजकुमार महतो,ईश्वर ओहदार,अमरलाल करमाली, शोभनाथ महतो,संदीप महतो, रतनलाल महतो, बालमुखी महतो, प्रदीप महतो, राजेंद्र महतो, हेमलाल महतो,कुलदीप महतो, सजंय कुमार,प्रकाश महतो, छोटेलाल महतो,अजय आस्था, अमित दास,अमित कुमार, अरविंद महतो आदि लोग उपस्थित थे।

# उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय साइकल स्वीकृति समिति के बैठक

रामगढ़ ।सोमवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ श्री नागेंद्र कुमार सिन्हा ने अपने कार्यालय कक्ष में वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान जिले के सरकारी विद्यालयों के कक्षा आठ में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ी जाति एवं अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को साइकिल की स्वीकृति देने हेतु जिला स्तरीय साइकिल स्वीकृति समिति की बैठक की।बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने सर्वप्रथम साइकिल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली। साथ ही उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि वे सभी विद्यालयों से प्राप्त सूची के विरुद्ध प्रमाण पत्र अवश्य ले वहीं उप विकास आयुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी/अधीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि कोई भी योग्य विद्यार्थी लाभ से वंचित ना रहे। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, एसएमपिओ रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने किया दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड का दौरा

**दैनिक शुभ भास्कर रामगढ़।** सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने रामगढ़ जिला अंतर्गत दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उपायुक्त ने दुलमी एवं चितरपुर प्रखंड में निमार्णाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम से अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता को ध्यान में रखने एवं जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने निमार्णाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संबंध में भी कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।चितरपुर प्रखंड के दौरे के क्रम में उपायुक्त ने राजकीय मध्य विद्यालय बड़कीपोना का

औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं कि जांच करने के उपरांत बच्चों से उन्हें विद्यालय के माध्यम से मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली एवं सभी को मन लगाकर पढ़ने एवं जीवन में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे मिड डे मील की जांच करते हुए गुणवक्ता का विशेष ध्यान रखने व रोस्टर का पालन करते हुए बच्चों को भोजन उपलब्ध कराने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण निगम सहित अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड के स्थानीय लोगों के लिए 90% नौकरियों को रखा जाए सुरक्षित, 60:40 नियोजन नीति में किया जाए बदलाव- अंबा प्रसाद

**दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता रामगढ़।** बड़कागांव से कांग्रेस विधायक ने राज्य के स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक नौकरी प्राप्त हो यह सुनिश्चित करने के लिए विधानसभा बजट सत्र के दौरान 90% नौकरी को सुरक्षित रखने की मांग की है। उन्होंने राज्य सरकार से यह मांग किया है कि 60, 40 नियोजन नीति में बदलाव करते हुए 90% नौकरी स्थानीय लोगों के लिए सुरक्षित रखा जाए। शून्यकाल के माध्यम से उन्होंने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि झारखंड कैबिनेट ने विगत दिनों नियोजन नीति को मंजूरी दी है जिसमें 60 प्रतिशत सीट झारखंड वासियों के लिये एवं 40 प्रतिशत सीट को ओपेन रखा गया है। पूर्व में सरकार ने अत्यंत सराहनीय कदम उठाते हुए राज्य में कार्यरत पीएसयू एवं प्राइवेट कंपनियों को स्थानीय लोगों के लिए 75% नौकरी देने का निर्देश दिया है। इसी प्रकार उक्त नियोजन नीति में बदलाव करते हुए झारखंड के स्थानीय लोगों के लिये राज्य सरकार की 90% नौकरियों को सुरक्षित रखा जाय।

# भुरकुंडा रामनवमी महासमिति की हुई बैठक

रामगढ़। सयाल मोड़ भुरकुंडा स्थित शीतला मंदिर प्रांगण में सोमवार को रामनवमी महासमिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वसहमति से महासमिति का गठन किया गया। जिसमें मुख्य संरक्षक शंकर यादव, अध्यक्ष अभिषेक पटेल और महासचिव अभिषेक सोनी को मनोनीत किया गया। बैठक में कोयलांचल में भव्य मंगला शोभा यात्रा को लेकर चर्चा की गई। कहा गया कि भुरकुंडा के हर पंचायत से सारे सनातनी को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी। हर पंचायत में महासमिति के द्वारा समिति बनाई जायेगी। मौके पर दुर्गा वाहनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, विश्व हिंदू परिषद भुरकुंडा के अध्यक्ष सुनील कुमार, अर्जुन कुमार, विशाल सोनी, राजकुमार यादव, रोशन कुमार, अक्षय शर्मा, साहिल शर्मा, आशीष कुमार, गोविंद कुमार, सौरभ कुमार, आलोक कुमार, अंकित कुमार, भीमदेव, उत्तम तुरी, राज तुरी, संजय मुंडा, सुजीत सिंह, राजेंद्र मुंडा, रोहित बेदिया, सुशील उरांव, रोहित सोनी, कुलदीप उरांव, रोशन कुमार, मनु नायक, दारा सिंह, सोनू कुमार गोस्वामी, अंकित कुमार सहित दर्जनो लोग मौजूद थें।

# संयुक्त संचालन समिति बनाकर हिस्सेदारी मांगना न्यायसंगत नहीं : कुलदीप यादव

**दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता भुरकुंडा (रामगढ़)**

स्थानीय विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष कुलदीप यादव ने चार गांव के कुछेक लोगों द्वारा संयुक्त संचालन समिति बनाकर सेल में हिस्सेदारी मांगने को उचित नहीं बताते हुए इसका विरोध किया है। सोमवार को कुलदीप यादव ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि स्थानीय विस्थापित मोर्चा में बलकुदरा, कुरसे सहित 15-20 गांव के लोग शामिल हैं। पूर्व में विस्थापित-प्रभावित 15-20 गांव के सैंकड़ों महिलाएं मेरे नेतृत्व में बलकुदरा खदान में दिन भर भूखे-पियासे रहकर खदान को बंद कराने के आंदोलन में शामिल होकर जुलुस के शक्ल में रोजगार देने की मांग की थी। इस आंदोलन के बाद ही लोकल सेल खुल रहा है ताकि रोजगार मिल सके। ऐसे में कुछेक लोगों द्वारा संयुक्त संचालन समिति बनाकर सेल में हिस्सेदारी मांगने की बात कहीं से भी उचित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 15-20 गांवों का 5-7 सदस्यीय मंडल सीओ से मिलेगा। सीसीएल भी स्थानीय विस्थापित मोर्चा के अध्यक्ष कुलदीप यादव को ही मान रहा है। उन्होंने कहा कि लोकल सेल संचालन समिति बनाकर जल्द ही सीसीएल व सीओ को सूचित की जायेगी। उन्होंने अगुवा साथियों से 5-7 सदस्यीय चयन कर टीम बनाकर अंचल कार्यालय चलने का आहवान किया है।

# सरहुल पूजा को ले करमाली टोला में आदिवासी समाज की हुई बैठक, तैयारियों की चर्चा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अपनी वास्तविक गौरवशाली इतिहास बताने, संस्कृति, हक-अधिकार पर होने वाले घुसपैठ पर सतर्क करने और सरहूल पूजा को ले रविवार को पटेलनगर भुरकुंडा स्थित करमाली टोला में आदिवासी समाज की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से श्याम सुंदर करमाली, देवानंद बेदिया, गुलाब करमाली उपस्थित थें। बैठक में सरहुल पूजा की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसमें सर्वसम्मति निर्णय हुआ कि पटेलनगर करमाली टोला से जुलूस झांकी निकली जाएगी। इसके तहत 24 मार्च को करमाली टोला सरना स्थल में विधिवत पूजा एवं 25 मार्च को भव्य जुलूस का निकाला जायेगा। इस दौरान महिलाएं-पुरूष व बच्चे पारंपरिक वेषभूषा में वाद्ययंत्र, तीर-धनुष, फरसा आदि पारंपरिक हथियार के साथ जुलूस में सैंकड़ों लोग शामिल होंगे। मौके पर श्रीनाथ करमाली, संतोष राम, विक्रम करमाली, पृथ्वीराज करमाली, राजकुमार गोंड़, उमेश मुंडा, अरुण करमाली, शशि करमाली, अदित्य करमाली, संजय करमाली, भास्कर करमाली, रतन करमाली, नंदु करमाली, चंचल करमाली, रविन्द्र करमाली, राजेश करमाली, प्रेम किशन, विकास करमाली, सन्नी लोहरा, छोटा राजन, अरविंद करमाली, मंजू देवी, रंजिता करमाली, सोनी करमाली, लालो देवी, रिंकी देवी, तिलो देवी, सरिता देवी आदि मौजूद थें।

# दुर्गा मोबइल के गोदाम में लगी आग, जनरेटर, कुलर, फ्रीज सहित हजारों के समान जलकर राख

**दैनिक शुभ भास्कर भुरकुंडा (रामगढ़)**

बिरसा चैक भुरकुंडा स्थित दुर्गा मोबाइल के गोदाम में सोमवार की सुबह 9 बजे आग लग गई। काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया गया। आग लगने के कारण जनरेटर, कुलर, फ्रीज सहित हजारों रुपए के अन्य समान जलकर राख हो गया। कयास लगाया जा रहा है कि शॉट

सर्किट के कारण आग लगी होगी। जानकारी के अनुसार घटना में 2-3 लाख रुपए के समान जलकर खाक हो गया।

# 27% ओबीसी आरक्षण जल्द सुनिश्चित करने के लिए कराया जाए जाति आधारित जनगणना- अंबा प्रसाद

**दैनिक शुभ भास्कर राजीव सिंह संवाददाता रामगढ़।** बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने ओबीसी समुदाय को 27% आरक्षण जल्द सुनिश्चित कराने के लिए जाति आधारित जनगणना कराने की मांग बजट सत्र के दौरान विधानसभा में रखी। विधायक अंबा प्रसाद ने प्रश्न करते हुए यह कहा था कि पूरे देश में आरक्षण संबंधी मात्र तमिलनाडु राज्य का विधेयक को नौंवी अनुसूची में 90 के दशक में रखा गया था और उसके बाद इस प्रकार के आरक्षण विधेयक को नौवीं अनुसूची में जगह नहीं मिली है। अंबा प्रसाद के पूछे गए प्रश्न पर सरकार ने बताया कि तमिलनाडु राज्य के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर आरक्षण संबंधित मामले को 76 वे संविधान (संशोधन) अधिनियम 1994 द्वारा संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल किया गया। विधायक अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि ओबीसी आरक्षण की सीमा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा पारित

विधेयक जिसे माननीय राज्यपाल के पास नौवीं अनुसूची में शामिल करने के उद्देश्य से भेजा गया है उसे अंजाम तक पहुंचाने के लिए जाति आधारित जनगणना अति आवश्यक है। झारखंड राज्य के आरक्षण संबंधी मामला को भी संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने के मामले पर देरी हो रही है। इसीलिए ओबीसी समुदाय का 27% आरक्षण सुनिश्चित कराने के लिए जाति आधारित जनगणना पूरे राज्य में कराया जाए ताकि उक्त विधेयक नौवी अनुसूची में जल्द से जल्द शामिल हो अथवा नौवीं अनुसूची में शामिल ना होने की स्थिति में माननीय उच्च व सर्वोच्च न्यायालय से इसकी स्वीकृति करायी जा सके।

# भरगामा पुलिस ने अपहृत लड़की को किया बरामद

**भरगामा/ अररिया**

भरगामा थाना में दर्ज कांड संख्या 215 / 22 के अपहृत रुकमिणी कुमारी 19 वर्ष, पिता स्वर्गीय सत्यानंद साह थाना भरगामा 5-10-2022 को अचानक घर से गायब हो गई जिसे परिजन के द्वारा संभावित जगह पर खोजबीन की गई। काफी खोजबीन के बाद निराश होकर परिजन के द्वारा 19-10-2022 को भरगामा थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया। एवं धनगाडा निवासी प्रिंस कुमार 21 वर्ष पर आरोप लगाया। भरगामा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खोजबीन जारी किया। इसी क्रम में भरगामा थाना अध्यक्ष आदित्य कुमार को गुप्त सूचना मिली की अपहृत लड़की रुकमणी कुमारी अररिया जिले के रजोखर के पास अन्यंत्र जाने की तैयारी में हैं। एएसआई चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में एवं महिला सशस्त्र बल के साथ रजोखर पहुंचकर रुकमणी कुमारी को बरामद कर लिया। रुकमणी कुमारी ने बताया कि हम दोनों आपसी रजामंदी से उत्तर प्रदेश के आगरा में एक मंदिर में शादी कर ली हूं इसमें किसी की जोर जबरदस्ती नहीं है मैं लड़के के साथ खुश हूं। लड़की से विभिन्न बिंदुओं पर पूछताछ जारी हैं।

# अपराध नियंत्रण को लेकर चला गया वाहन जांच अभियान

**भरगामा/अररिया**

क्षेत्र मे अपराध निरंत्रण को लेकर भरगामा पुलिस ने इन दिनो क्षेत्र मे सघन वाहन जॉच बढा दी है ।सोमवार को थाना अन्तर्गत भरगामा - महथावा सडक मार्ग पर सुपौल जिला क्षेत्र से सटे जिलेविया मोड , कदम आदि स्थानो पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया ।अभियान का नेतृत्व अनि कुलदीप कुमार ने की ।इस दौरान आने जाने वाले मोटरसाइकिल , चार चक्का वाहनो की जॉच की गयी ।जॉच के क्रम मे चालक का ड्राइविंग लाइशेंस , प्रदूषण , सहित कागजातो की जॉच हुई ।वही चार चक्का वाहनो का डिक्की खुलवाकर जॉच की गई । जॉच के दौरान चालको को ट्रैफिक नियमो का पालन करने का सख्त निर्देश दिया गया ।साथ ही वाहन से संवंधित अन्य कागजात साथ रखने की हिदायत दी गई ।इधर थानेदार आदित्य कुमार ने बताया कि इन दिनो अपराध के नियंत्रण और लहरिया कट बाईक चालको पर लगाम लगाने के दृष्टिकोण से क्षेत्र मे सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है ।

# एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**भरगामा /अररिया**

भरगामा थाना पुलिस और एएलटीएफ की टीम की संयुक्त छापेमारी में शनीवार को भरगामा थाना क्षेत्र के खजूरी वार्ड नंबर 4 से 10 लीटर देसी शराब विनष्ट किया गया एवं एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया। एएलटीएफ टीम ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार पर छापेमारी किया गया मौके पर 10 लीटर कच्चा शराब का विनष्टीकरण किया गया जबकि 10 लीटर देशी चुलाई शराब भी बरामद किया। शराब कारोबारी बसंत ऋषि देव उम्र 50 वर्ष पिता कमलेश्वरी ऋषि देव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया। छापेमारी दल में एएलटीएफ टीम के साथ भरगामा थाना के एएसआई कुलदीप कुमार, एएसआई शबनम खान, महिला सशस्त्र बल एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बांका जिला संतमत सत्संग का 31वां वार्षिक अधिवेशन 14 एवं 15 मार्च 2023 को भदरिया गांव में आयोजित !

न्यूज लक्ष्मण पासवान ( बांका ) बिहार ! बांका ! ( अमरपुर ) प्रखंड अंतर्गत भदरिया गांव में आज 14 मार्च 2023 ईसवी दिन मंगलवार से बांका जिला संतमत सत्संग का 31 वां वार्षिक अधिवेशन का आयोजन प्रारंभ हो गया है ! यह 31 वां वार्षिक अधिवेशन का आयोजन 15 मार्च 2023 ईस्वी बुधवार तक आयोजित है ! दिनांक 14 मार्च से 15 मार्च 2023 ईस्वी तक इस वार्षिक अधिवेशन में प्रातः 6:00 बजे से एवं अपराहन 2:00 बजे से प्रतिदिन दो पाली में भजन कीर्तन स्तुति विनती के साथ ग्रंथ पाठ एवं महान साधु महात्माओं द्वारा प्रवचन किया जाएगा ! बांका जिला संतमत सत्संग का 31 वां वार्षिक अधिवेशन के अवसर पर ग्राम भदरिया में संत सतगुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज के कुप्पाघाट भागलपुर स्थित आश्रम से संतमत के वर्तमान आचार्य पूज्य पाद महर्षि हरिनंदन परमहंस जी महाराज , गुरु सेवी स्वामी भागीरथ दास जी महाराज स्वामी प्रमोद बाबा , स्वामी रघुनंदन बाबा स्वामी गुरु नंदन बाबा स्वामी सत्यप्रकाश बाबा स्वामी नरेश आनंद बाबा स्वामी परमानंद बाबा , आनंद स्वामी दीपक बाबा के साथ अन्य साधु महात्माओं तथा विद्वानों का पदार्पण होने जा रहा है ! बांका जिला संतमत सत्संग समिति एवं क्षेत्रीय धर्म प्रेमी गण द्वारा सभी धर्मावलंबियों वैदिक बौद्ध जैन ईसाई सिख इस्लाम से इस अवसर पर अधिकाधिक संख्या में पधार कर संत महात्माओं के दर्शन एवं प्रवचन से लाभ उठाने का आह्वान किया गया है ! सत्संग समिति एवं क्षेत्रीय धर्म प्रेमी गण आनंद स्वामी , तपेश्वर ब्रह्मचारी मुकेश प्रसाद सिंह वशिष्ट कुमार एवं अभिनव कुमार आदि ने बताया कि इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संत मत दर्शन यूट्यूब चैनल पर भी प्रसारित किया जाएगा ! सत्संग प्रेमी सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता अभिनव कुमार ने बताया कि भागलपुर की तरफ से आने वाले धर्म प्रेमी गण गुरहट्टा चौक से बस द्वारा रायपोखर पर उतरेंगे और रायपोखर से पूरब तरफ जाने वाले नहर जो प्रधानमंत्री सड़क बना हुआ है उसी रास्ते से भदरिया आएंगे और बांका अमरपुर की तरफ से आने वाले धर्म प्रेमी गण भी राय पोखर उतरकर पूरब दिशा की ओर जाने वाली नहर के रास्ते सीधा सत्संग स्थल पर आएंगे , ऐसे अवसर पर रायपोखर से सत्संग स्थल भदरिया के लिए सवारी की व्यवस्था की गई है जिससे सत्संग में आने वाले सभी भाई बहनों धर्म प्रेमियों को किसी प्रकार का कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े !

## सिलाई कटाई केन्द्र का हुआ शुभारंभ

**दैनिक शुभ भास्कर दरियापुर/नित्यानंद**

प्रखण्ड क्षेत्र के हरिहरपुर गांव के समीप पेट्रोल पंप के सामने आर्यन सिलाई कटाई केन्द्र का शुभारंभ इसकी निदेशिका सीता देवी व मनोरमा देवी संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया इस मौके पर सीता देवी ने कहा कि गांव की रहने वाली लड़कियों व महिला को स्वरोजगार के उद्देश्य से सिलाई कटाई की सेंटर खोलने का मन मे विचार आया इस कार्य मे अपने पुत्र बिरेन्द्र कुमार से आर्थिक सहायता लेकर सिलाई मशीन की खरीदारी की और सेंटर के लिए जगह का चुनाव भी महत्वपूर्ण था ताकि अधिक से अधिक लड़कियां व महिलाएं यहां बिना परेशानी के गांव से आ सके और हरिहरपुर गांव के समीप एक भवन मिल गया और विधिवत दर्जनों गांव तक सिलाई कटाई सेंटर खोलने की सूचना लड़कियों को दी गई इन लड़कियों ने खोलने के लिए प्रेरित करते हुए उत्साह दिखाई तो आज सोमवार के दिन सेंटर खोल दिया गया खोलने के साथ ही दर्जनों लड़कियों ने अपना अपना नामांकन कराया इन लड़कियों के उत्साह को देखकर लगता है कि लकड़ियों के लिए और भी कुछ स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण केन्द्र बनाया जाये जिससे लड़कियां चारदीवारी के कैद न रहकर स्वालम्बी होकर अपने जीवन को बेहतर ढंग से चलाये इस अवसर पर संगीता कुमारी,रूबी कुमारी,गुंजा कुमारी,ऐश्वर्या कुमारी,अंजू कुमारी,गुड़िया कुमारी,अरविंद कुमार,मुन्ना कुमार,रविन्द्र राय तथा सञ्चालक रंजन कुमार सहित अन्य शामिल हुए

## सारण में तीन फीट के दूल्हे और 3.5 फीट की दुल्हनियां की शादी में उमड़े सैकड़ों लोग

**दैनिक शुभ भास्कर सारण ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

छपरा जिले में तीन फीट के दूल्हे ने साढ़े तीन फीट की दुल्हनियां से शादी रचाई है। दोनों के घरवालों ने जातीय बंधन तोड़ रिश्ता जोड़ने का फैसला किया और अंतरजातीय शादी कराई। सैकड़ों लोगों ने अपने मोबाइल में इस अनोखी शादी के दृश्य को कैद किया। रिश्ते भले ही जमीन पर निभाए जाते हैं, लेकिन जोड़ियां तो आसमान में ही बनती है। ऊपरवाले की बनाई एक ऐसे ही अनूठे जोड़े की शादी की चर्चा जोरों पर है, जहां छपरा जिले के मढ़ौरा में तीन फीट के दूल्हे ने साढ़े तीन फीट की दुल्हनियां से शादी रचाई है। तीन फीट के दूल्हे और साढ़े तीन फीट की दुल्हनियां की शादी मढ़ौरा के गढ़देवी मंदिर में सम्पन्न हुई। सदर प्रखंड के चनचौरा रामकोलवा निवासी भुटेली साह का 23 वर्षीय पुत्र श्याम जिनकी हाइट तीन फीट है। छोटे कद के कारण उनकी शादी नहीं हो पा रही थी। परिवारवालों ने शादी को लेकर कई जगहों पर बातचीत की, लेकिन कोई उन्हें अपनी पुत्री देने को राजी नहीं हुआ, जिस वजह से परिवार में लंबे समय से मायूसी थी। वहीं, दूसरी तरफ मढ़ौरा प्रखंड के भावलपुर के रहने वाले गुदेली महतो की 20 वर्षीय पुत्री रेणु कुमारी भी सिर्फ साढ़े तीन फीट की है। कम कद होने की वजह से उनकी शादी में अनेकों बाधाएं आ रही थी। परिवारवालों ने उनकी शादी को लेकर कई जगहों पर लड़का देखा, पर साढ़े तीन फीट की हाइट होने की वजह से कोई शादी को तैयार नहीं होता था। दोनों की जीवन में फरिश्ता बनकर आए शैलेश इस बीच मढ़ौरा के भावलपुर के ही रहने वाले शैलेश सिंह श्याम और रेणु के जीवन में फरिश्ता बनकर आए। वे किसी काम से चंचौरा गए थे, जब श्याम के परिवारवालों ने उनसे शादी की चर्चा की। शैलेश को उसी वक्त रेणु का ख्याल आया। फिर क्या था, उन्होंने दोनों परिवारवालों से बातचीत कर शादी की चर्चा की। परिवारवालों ने दोनों की खुशी के लिए जातीय बंधन तोड़ा शादी की बात शुरू हुई तो बीच में दोनों परिवार की अलग-अलग जाति अडंगा बन गई। तभी परिवारवालों ने दोनों की खुशियों के लिए जातीय बंधन तोड़ रिश्ता जोड़ने का फैसला किया और अंतरजातीय शादी के लिए राजी हो गए। उसके बाद अगले सप्ताह ही शुक्रवार को शुभ मुहूर्त में दोनों शादी के बंधन में बंधने मढ़ौरा से प्रसिद्ध गढ़देवी मंदिर पहुंचे। साढ़े तीन फीट की दुल्हनियां और तीन फीट के दूल्हे को देख आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गढ़देवी मंदिर में दोनों की शादी संपन्न हुई। इस शादी में पहुंचे सैकड़ों लोगों ने अपने मोबाइल में इस अनोखी शादी के दृश्य को कैद किया और बोले- रब ने मिला दी जोड़ी।

## एस डी एस ग्लोबल पब्लिक स्कूल का 9 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

प्रखंड के अनवल बाजार स्थित एसडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सह एसडीएस ग्लोबल पब्लिक स्कूल का 9वां वर्षिकोत्सव रविवार को आयोजित किया गयोजिसमे बच्चों ने एक से बढकर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर धमाल मचा दियो वही रागनी कुमारी ने नृत्य कर सबका मन मोह लिया। अमृषा खुशबू संध्या रौशनी ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ विषयक लघु नाटिका प्रस्तुत कर लोगों को भाव विभोर कर दियो साक्षी ,प्रिया,अनु सोनम ने ह्लचिकित्सक सच्चे कोरोना वारियर्सह्व व निशांत मयंक रितिक ने परीक्षा का नो टेंशन. जिंदगी अनमोल लघु नाटक प्रस्तुत कर लोगो की जमकर तालियां बटोरी इसके पहले कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन राजेंद्र महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार सिन्हा मां साईंस इंस्टिट्यूट छपरा के डायरेक्टर मनोज वर्मा संकल्प गोपालगंज के पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी रामाकांत भक्त पूर्व एच एम जलेश्वर पंडित ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कियोअध्यक्षता मनोज वर्मा संकल्प ने वही संचालन गुरुचरण गुरु ने कौ कार्यक्रम मे हास्य कलाकार सत्येंद्र दूरदर्शी ने अपनी रचनाओं को प्रस्तुत कर सभी सभी को लोटपोट कर दियो धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य अवध किशोर सिंह. ने किया मौके पर निदेशक ब्रजेश कुमार सिंह, राजकीयकृत प्राथमिक शिक्षक संघ के राज्याध्यक्ष उदय शंकर गुड्डू शिक्षक नेता डॉ राजेश यादव अखिलेश्वर पांडेय शिक्षक नेता अमित प्रकाश बबलू सिंह, राहुल श्रीवास्तव, बबलू साह शिक्षिका शोभा कुमारी, नेहा श्वेता, नीतु स्नेहा, सलोनी, शिक्षक नेता दिलीप कुमार सिंह डॉक्टर वरुण प्रकाश आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

## सारण में पहुंची जन सुराज पदयात्रा प्रशांत किशोर का हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

हजारों की संख्या में पहुंचे युवा, सारण वासियों ने लगाए 'जन सुराज जिंदाबाद' के नारे जन सुराज पदयात्रा के 162वें दिन की शुरूआत महाराजगंज प्रखंड अंतर्गत सिकटिया पंचायत के सिकटिया ग्राम स्थित पदयात्रा शिविर में सर्वधर्म प्रार्थना से हुई। इसके बाद प्रशांत किशोर सैकड़ों पदयात्रियों के साथ सिकटिया गांव से निकले। आज जन सुराज पदयात्रा सिवान के मिरजुमाला, शंकर पुर पंचायत होते हुए सारण जिले में प्रवेश कर गई। पदयात्रा सारण में दंदशपुर, दयालपुर, बनपुरा, कटैया पंचायत होते हुए एकमा प्रखंड के पुचाती कला पंचायत के लगुनी मैदान में जन सुराज पदयात्रा शिविर में रात्रि विश्राम के लिए पहुंची ।प्रशांत किशोर पदयात्रा के माध्यम से अबतक लगभग 2000 किमी पैदल चल चुके हैं। इसमें पश्चिमी चंपारण, शिवहर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज जिले में पदयात्रा पूरी करते हुए, सिवान जिले में अब तक 250 किलोमीटर से अधिक पैदल चल चुके हैं। प्रशांत किशोर सारण में 20 से 25 दिन रुकेंगे और इस दौरान वे जिले के अलग अलग गांवों और प्रखंडों में पदयात्रा के माध्यम से जाकर लोगों की समस्यायों को समझने का प्रयास करेंगे।

## पांचवी वर्षगांठ पर सांस्कृतिक एवं आदर्श अवाड्र्स कार्यक्रम का आयोजन किया

**दैनिक शुभ भास्कर सारण/ब्यूरो पवन कुमार सिंह**

आदर्श किड्स केयर,कोपा के प्रथम एवं आदर्श इंग्लिश पाठशाला , कोपा के पांचवी वर्षगांठ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं आदर्श अवाड्र्स 2023 का आयोजन किया गया। जिसमें आए हुए सभी शिक्षकगण, अभिभावकगण, मित्रगण, समाजसेवी, विद्यार्थीगण, प्रतिनिधि, कोचिंग संचालक एवं पदाधिकारियों ने मुझे शुभकामनाएं एवं इतना प्यार दिया इसके लिए आप सभी को आदर्श परिवार के तरफ से तहे दिल से बहुत बहुत धन्यवाद एवं आभार। विदित हो की वर्तमान कोपा थानाध्यक्ष, अजीत कुमार सर, सिविल कोर्ट, छपरा अधिवक्ता, आर० के० पाण्डेय सर, नगर पंचायत कोपा के वर्तमान मुख्य पार्षद, रोकशाना खातून, अपीक्स इंस्टीट्यूट छपरा के निदेशक, रिपुसुधन सर, आदर्श कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र कोपा के निदेशक, अमरजीत शर्मा व अन्य के हाथो द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच संचालक के रूप में श्री आर० के० पाण्डेय सर व सहायक मंच संचालन हेतु अमरजीत शर्मा के द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित वार्षिक समारोह में Top 10 चयनित विद्यार्थियों के सम्मान में उनके माताओं को वस्त्र प्रदान कर मदर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिसे प्राप्त कर सभी माताएं गर्व महसूस कर रही थी। साथ ही प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी टॉप 10 चयनित प्रतिभागियों में से मंच पर ही प्रतिभा का प्रदर्शन करवा कर किसी एक को स्टूडेंट ऑफ द ईयर अवार्ड हेतु चयन किया गया और इस वर्ष सुहानी कुमारी ने अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान एवं द स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2023 अवार्ड की हकदार रही। द्वितीय प्राइज आरती कुमारी एवं तृतीय प्राइज संजू कुमारी को मिला। जिन्हे समारोह में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा ढेर सारी बधाइयां व शुभकामनाए दी गई। आदर्श अवार्ड 2023 से सम्मान्नित सदस्यों में लियो क्लब के सदस्य, रोटी बैंक के सभी सदस्य, छपरा मां यूथ आगेर्नाइजेशन, जी० एस० बंगरा सर्वज्ञ यूथ आगेर्नाइजेशन, कोपा आदर्श कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र, कोपा सनराइज कंप्यूटर सेंटर, उत्तरप्रदेश के निदेशक श्री संदीप सिंह बी० आर० बी० डी० कॉलेज, कचनार के निदेशक श्री रवि सर , ए० बी० एस० कॉलेज, उत्तरप्रदेश ,ए० पी० पब्लिक स्कूल, नयका बाजार के प्राचार्य, राजीव सर आकांक्षा पब्लिक स्कूल, मांझी शिक्षक संघ के अध्यक्ष, राजेश तिवारी सर रचित कंपटेटीव जोन, छपरा के निदेशीका, नेहा सिंह कोपा नगर पंचायत मुख्य पार्षद रोकसाना खातून एवं प्रतिनिधि, बुस्तामी खान। कोपा नगर पंचायत,

उप मुख्य पार्षद, श्रीमति माधुरी सिंह राष्ट्रीय नमो सेना जिलाध्यक्ष, श्री कुंदन कुमार खैरवार पंचायत के वर्तमान मुखिया श्री मति मिक्की सिंह खैरवार पंचायत के वर्तमान बी० डी० सी०, चंदन कुमार की मां एवं आदर्श किड्स केयर के सभी प्रतिभागी जिन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य प्रदर्शन कर समारोह में उपस्थित सभी सम्मानित सदस्यों को अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया, उन्हें भी गोल्ड मेडल देकर उनका प्रतिभा का प्रोत्साहन हेतु सम्मानित किया गया।

## सांसद ने कैंसर पीड़ित व्यक्ति को अस्सी हजार रुपए स्वीकृत किया

**दैनिक शुभ भास्कर मकेर (सारण)संजीव शर्मा**

पूर्व केंद्रीय मंत्री सह छपरा सांसद राजीव प्रताप रुढि ने कैंसर पीड़ित व्यक्ति को अस्सी हजार रुपये इलाज के लिए स्वीकृति पत्र प्रदान किया मुख्यमंत्री चिकित्सा कोष से अमनौर थाना क्षेत्र के कृष्ण कुमार सिंह पिता राम पारस सिंह ग्राम सिरसा खेमकरण को 80 हजार रुपये इलाज हेतु स्वीकृत किया ।स्वीकृति पत्र भाजपा जिला महामंत्री अनिल कुमार सिंह, ने परिजनों को सौंपा साथ में राजकुमार सिंह श्रीनिवासन सिंह रमेश सिंह रामेश्वर सिंह प्रेम बाबा सरपंच चंदन सिंह थे । कैंसर पीड़ित कृष्णा सिंह का इलाज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान फुलवारी शरीफ पटना में चल रहा है ।सांसद द्वारा असाध्य रोग के इलाज हेतु किया गया राशि से परिजनों के साथ ग्रामीणों ने हृदय से आभार व्यक्त किया ।

## नो बेटियों के बीच चंदन सिंह फाउंडेशन के द्वारा उपहार सामग्री का वितरण

**चकाई जमुई चुन्ना कुमार दुबे**

चकाईःचकाई प्रखंड अंतर्गत चहबच्चा गांव स्थित चंदन सिंह फाउंडेशन कार्यालय में सोमवार को विवाह पूर्व 9 लड़कियों के बीच वितरण किया गया वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व फाउंडेशन के वरीय सदस्य अनिल सिंह ने की इस मौके पर चकाई उप प्रमुख धांति देवी माधोपुर पंचायत के मुखिया पंकज साह, परांची पंचायत के पंचायत समिति सदस्य जानकी दास डढ़वा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मनोज पासवान सरौन पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि अरुण साह द्वारा संयुक्त रूप से बेटियों के बीच उपहार समाग्री वितरित की गई कार्यक्रम में सरौन पंचायत के घुटिया गांव निवासी स्व0 अधीर राम की पुत्री रानी कुमारी सरौन बाजार निवासी उमेश शर्मा की पुत्री अंजली कुमारी चरघरा गांव निवासी भुनेश्वर दास की पुत्री अझोला कुमारी पोझा पंचायत के गंगारायडीह गांव निवासी गोखुल यादव की पुत्री गणिता कुमारी चकाई पंचायत के तीनघारा गांव निवासी बच्चन देव पोद्दार की पुत्री प्रियंका कुमारी चन्द्रमंडीह गांव निवासी खटमल पासवान के पुत्री करीना कुमारी चन्द्रमंडीह गांव निवासी कपिल पासवान की पुत्री आरती कुमारी परांची पंचायत के सिरमनडीह गांव निवासी जमुना दास की पुत्री नीतू कुमारी सिमरिया गांव निवासी बासुदेव ठाकुर की पुत्री ज्योति कुमारी को चंदन सिंह फाउंडेशन के द्वारा उपहार स्वरूप बक्सा तकिया गद्दा बर्तन कुर्सी टेबल बेडशीट सहित अन्य सामग्री दी गई इस मौके पर फाउंडेशन के सदस्य सोनु पांडेय अजय सिंह गौतम पांडेय राजू राम पंकज चौधरी, अभय पासवान अभिषेक कुमार उर्फ गोलू हर्ष नारायण सिंह गोलू यादव सहित अन्य मौजूद थे

## चंदन सिंह फाउंडेशन के द्वारा श्राद्धक्रम के लिए खाद्य सामग्री का किया गया सहयोग

**चकाई जमुई चुन्ना कुमार दुबे**

चकाई प्रखंड अंतर्गत पकरी एवं बसमता गांव में मृतक के परिजनों को श्राद्धक्रम के लिए खाद्य सामग्री का सहयोग चंदन सिंह फाउंडेशन के द्वारा किया गया परांची पंचायत के पकरी गांव निवासी गुड़िया देवी पति अशोक दास का निधन सड़क दुर्घटना में बीते 1 मार्च को हो गई थी घटना की सूचना मिलते ही फाउंडेशन के सदस्य उनके आवास पहुंचकर श्राद्धक्रम के लिए खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया इसके अलावा सरौन पंचायत के बसमता गांव निवासी हेमलाल दस की मौत बीमारी के चलते हो गया था जिसके श्राद्धकर्म के लिए उनके परिजनों को फाउंडेशन के वरीय सदस्य अनिल सिंह द्वारा आटा आलू रिफाइंड तेल नमक देकर सहयोग की गई

## फुल्लीडुमर थाना की पुलिस चोन्हावथान गांव से एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर थाना की पुलिस रविवार को संध्या गश्ती के दौरान चोन्हावथान गांव से एक केस में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है फुल्लीडुमर थाना के पुलिस पदाधिकारी से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष आलोक कुमार के नेतृत्व में सहायक थाना अध्यक्ष बलबीर विलक्षण एवं पुलिस जवानों के सहयोग से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़े ही नाटकीय अंदाज में चोन्हावथान गांव के एक फरार वारंटी के घर छापेमारी कौ छापेमारी के दौरान पुलिस ने चोन्हावथान गांव के फरार वारंटी केशो राय, पिता स्वर्गीय उगन राय को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है वहीं गिरफ्तार व्यक्ति की सोमवार को फुल्लीडुमर अस्पताल में कोविड जांच के बाद पुलिस अभिरक्षा में बांका कोर्ट भेज दिया गया है

## बेरोजगारी की चादर में लिपट गया एक और युवक

**दैनिक शुभ भास्कर (संवाददाता- विवेक चौबे)**

गढ़वा : जिले का एक और युवक बेरोजगारी की चादर में लिपट गया। घटना है जिले के कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत लमारी कला पँचायत के पतहरिया गांव की। उक्त गांव निवासी रामेश्वर पांडेय के 44 वर्षीय पुत्र रंजन पांडेय की मौत हो गई। घटना रविवार की अहले सुबह तकरीबन 3 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रंजन पांडेय गुजरात के भावनगर नामक स्थान पर एक माह पूर्व लोकल कम्पनी में मजदूरी करने गया था, जहां सेंट्रिंग का काम चल रहा था। बीते शनिवार की रात वह अपनी पत्नी से 10:30 बजे से 11:00 बजे तक वीडियो कॉल पर बात किया। इसके बाद वह खाना खा कर साढ़े 11 बजे सो गया। जब वह पेशाब करने उठा तो गिर गया, जिससे बर्तन हिलने की आवाज आई। कमरे में सो रहे अन्य मजदूर जगे तो देखा कि रंजन बोल नहीं पा रहा था। उसका हाथ-पांव भी नहीं काम नहीं कर रहा था। संभवतः लकवा का प्रभाव था। तब उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरी ओर रंजन की मौत संदेहास्पद स्थिति में होना प्रतीत हो रहा है। इस गुत्थी को सुलझाना मुश्किल लग रहा है। चुकी रंजन के साथ उसके कमरे में तेलिया बांध के विष्णु प्रजापति, पतहरिया के लालू शर्मा व रकसही गांव निवासी प्रसाद यादव का दामाद धर्मेंद्र यादव भी था। जब रंजन ने अपनी पत्नी से बात की और उसने अपने शरीर में कोई बीमारी का लक्षण होना नहीं बताया और एक घण्टे बाद ही उसकी तबियत बिगड़ गई, जिससे स्पष्ट होता है कि दाल में जरूर काला है, प्रशासनिक जांच से ही दूध का दूध और पानी का पानी हो पाएगा। मृतक अपने पीछे पत्नी अमिता देवी, दो पुत्र व एक पुत्री को छोड़ चला, जिसमें 16 वर्षीय आयुष, 14 वर्षीया वंदना व 12 वर्षीय शिवम शामिल हैं। रंजन ही केवल एक कमाऊ व्यक्ति था। जो अपने पूरे परिवार का पालन-पोषण करता था। इस घटना से घर-परिवार व गांव में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सोमवार की देर रात शव आने की संभावना है। सवाल यह कि झारखण्ड सरकार बेरोजगारों के प्रति बिल्कुल भी जागरूक नहीं है। रोजगार के लिए युवा अन्य प्रदेश में मजदूरी करने जा रहे हैं, जहां मजदूरों की मौत हो जा रही है। आखिर कब तक गढ़वा के मजदूर अपनी जिंदगी से हाथ धोते रहेंगे। सरकार क्यों नहीं कुछ कर रही है, जिससे मजदूरों को अपने राज्य में ही काम करने का मौका मिल सके।

## जिप सदस्य विश्वजीत दीपंकर ने रामचंदा गांव में चौपाल का फीता काटकर किया उद्घाटन

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड के ग्राम पंचायत कैथा अंतर्गत रामचंदा गांव में सोमवार को जिला परिषद सदस्य विश्वजीत दीपंकर ने षष्ठम वित्त योजना अंतर्गत नव मरम्मती चौपाल का फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर विधिवत उद्घाटन कियोवहीं उद्घाटन के मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री दीपंकर ने कहा कि क्षेत्र का चौमुखी विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है आगे उन्होंने कहा कि चुनाव के समय वो इसी चौपाल पर बैठाकर विकास की चर्चा की थौ यह नया चौपाल निर्माण उसी विकास का प्रतीक है कम संसाधन में भी क्षेत्र के विकास एवं लोगों के सुख दुख में सदा साथ रहने की भी बात भी उन्होंने अपने संबोधन में कहौ वहीं चौपाल उद्घाटन के मौके पर जयद्रथ कुमार, डॉ सत्यजीत कुमार, मंटून राय, गीतेश कुमार, गुलाब यादव, रामरूप मांझी, रोहित शर्मा, परमेश्वर मांझी, ब्रह्मदेव मांझी, विकास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे

## बेलहर गैस गोदाम के पास बाइक और कार की टक्कर, युवक बुरी तरह हुआ जख्मी

**दैनिक शुभ भास्कर बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित/बांका**

बेलहर थाना क्षेत्र के बेलहर बाजार के समीप दादा एचपी गैस एजेंसी शीतला स्थान के पास कार और बाइक की जोरदार टक्कर से युवक बुरी तरह जख्मी हो गया है। जानकारी के अनुसार लालमटिया गांव निवासी मुकेश कुमार यादव जो सब्जी बेचने बाइक से संग्रामपुर जा रहा था, तभी बेलहर के समीप एक कार अनियंत्रित अवस्था में बाइक से टकरा गई। जिससे लालमटिया गांव निवासी मुकेश कुमार यादव बुरी तरह जख्मी हो गया है ।वहीं स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी का इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलहर लाया गया ।जहां इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया। उधर बाइक और कार दोनों बुरी तरह जख्मी अवस्था में पुलिस ने कब्जे में लेकर थाना लाया गया।

# आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाने वाले को सरकार सहयोग देगी बीडीओ

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मेहसी,पू०च०।**

राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान, निसबड एवं कौशल विकास उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में कोविड से प्रभावित प्रवासी नागरिकों के आजीविका संवर्धन हेतु 15 दिवसीय उद्यमी प्रशिक्षण सामाजिक शोध एवं विकास केंद्र कार्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है ।प्रशिक्षण के क्रम में आज प्रतिभागियों को क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत सीप बटन उद्योग, मुर्गी पालन, रेडीमेड गारमेंट्स, टेलरिंग ,किराना व्यवसाय, श्रृंगार सामग्री, स्वीट हाउस सहित अन्य प्रतिष्ठानों का भ्रमण कराया गया ।प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों को प्रखंड परिसर मेहसी के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा गया कि आप लोग लगन के साथ जो चीजें आपको सिखाई जा रहे हैं, उसे सीखें और आत्मनिर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाए। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग और बैंक से संबंधित सभी प्रकार के सहयोग आप सभी को प्राप्त कराने का प्रयास करूंगा। आज के विजिट प्रोग्राम को संस्थान के अध्यक्ष अमर द्वारा हामिद रजा के नेतृत्व में प्रस्थान किया गया ।ज्ञातव्य हो कि राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान, निसबड एवं कौशल विकास उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से यह आयोजन गत 25 फरवरी 2023 से आरंभ हुआ है जो 16 मार्च तक संचालित किया जाएगा। इस अवसर में प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, हामिद रजा, मेहसी प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष राकेश पाठक, मुखिया कौशल कुमार सिंह, मुखिया महेंद्र राम, मुस्ताक आलम सहित नेयाज अहमद, शशि कुमार, कहकशा कुलसुम, दुर्गा कुमारी, संदीप कुमार, सुनंदा कुमारी, मनीष कुमार, अभय कुमार सिंह, सुनीता कुमारी, चंदा कुमारी, सावन कुमार, प्रिंस कुमार, सलोनी संस्कार, रेणु देवी, सोनी देवी, पुष्पांजलि कुमारी, सिकिन्द्र माझी, मनीषा कुमारी, मोहम्मद सरफुद्दीन अंसारी, बेबी यासमीन सहित करीब 90 प्रशिक्षणार्थी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिलेभर के सीएचओ का प्रशिक्षण आयोजित

**शुभ भास्कर क्राइम रिपोर्टर शशांक मणि त्रिपाठी मोतिहारी,पू०च०।**

राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को सदर अस्पताल स्थित आरटीसी के सभागार में 20 प्रखंडों के चयनित सीएचओ के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषय में अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजीत रॉय ने बताया कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सीएचओ का प्रशिक्षित होना जरूरी है। तभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर आने वाले संभवित टीबी के मरीजों की पहचान , जाँच व इलाज हो पाएगा । उन्होंने बताया कि तीन दिनों तक प्रशिक्षण चलाया जाएगा।, आज के प्रशिक्षण में आदापुर, अरेराज, बंजरिया, बनकटवा, चकिया, छौड़ादानो, चिरैया, ढ़ाका, घोड़ासहन के सीएचओ शामिल हुए हैं। प्रशिक्षक अरविंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि ओपीडी में पहुंचने वाले सर्दी-खांसी मरीजों के बलगम की सीबीनॉट जांच अवश्य कराएं। जांच के उपरांत पाजिटिव पाए जाने पर तत्काल उपचार शुरू करें। जिले के सभी प्रखंडों के अस्पतालों में यक्ष्मा बीमारी की जाँच व दवा निःशुल्क उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सरकार व स्वास्थ्य विभाग ने 2025 तक यक्ष्मा के उन्मूलन का लक्ष्य रखा है, जिसके तहत समय समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है।अरविंद कुमार व अन्य प्रशिक्षकों ने बताया कि कभी-कभी टीबी के चार लक्षण मिलते हैं। जैसे कफ,बुखार , वजन घटना , रात में पसीने आना । इन सभी लक्षणों के होने पर टीबी की जांच की जाती है। पहले से दवा खाए मरीजों के बलगम की सीबी नट से जांच की जाती है। सही जाँच द्वारा ही एमडीआर का भी पता चलता है। उन्होंने बताया कि टीबी शरीर के कई हिस्सों में हो सकता है।जैसे छाती, फेफड़ों, गर्दन, पेट आदि। टीबी का समय पर जांच होना ,एवं चिकित्सकों की देख रेख में इलाज के साथ पूरी दवा का सेवन बहुत ही आवश्यक होता है। तभी हम इस गंभीर बीमारी से बच सकते हैं।मौके पर डॉ सुनील कुमार, डॉ संजीव, जिला यक्ष्मा केंद्र के अरविंद कुमार, पोषण योजना प्रभारी ललित कुमार, जपाइगो की जिला प्रतिनिधि डॉ छाया मंडल, सभी सीएचओ व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नाला बीआरसी में एफएलएन पांचवें चरण के चार दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी नाला (जामताड़ा)**

झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत नाला बीआरसी में चल रहे एफ एल एन- 03 के चार दिवसीय प्रशिक्षण का सोमवार को विधिवत समापन हुआ। मालूम हो कि प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी की देखरेख व पर्यवेक्षण में किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक रविकांत शर्मा ,तरुण कुमार गण, सोमनाथ तिवारी तथा ओम प्रकाश प्रसाद के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। चौथे दिवस विशेष समापन प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों के द्वारा बच्चों को मनोरंजक ढंग से गणित पढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया कि गणित में बच्चों को मूर्त वस्तुओं, फ्लास कार्ड, गतिविधि, खेल आदि के द्वारा गणित की अवधारण को इस तरह पढायेंगे कि बच्चे उसको अच्छी तरह से समझ लें। प्रशिक्षकों के द्वारा बताया गया कि लेशन प्लान का प्रेजेंटेशन 5 पी मॉडल आधारित होगा। जिसमें बच्चे को ईएलपीएस मॉडल पर आधारित वस्तुओं को सर्वप्रथम अनुभव कराकर ,फिर उनसे गतिविधि या खेल खेलाकर उसको गणित के कठिन अवधारणा को क्लियर करेंगे,फिर प्रेक्टिस कराकर प्रॉब्लम सोल्भ करने को देंगे। इस अवसर पर मुकेश कुमार सिंह, मनोज मुर्मू, तपन कुमार मंडल, सहदेव मरांडी, उत्तम कुमार लायेक, जय कांत तिवारी, इंदु झा, राजेन्द्र गोरांई, अर्जुन गोरांई, विजय कुमार नंदी, मृदुल कांति माजी, शिखा रानी मंडल, एलबिनाथ किस्कु, पल्लव कुमार नायक, संजीव कुमार मिश्र, देवेन्द्र सिंह सरदार, स्वपन कुमार मंडल, रोशन कुमार ,खगेंद्र नाथ घोष , चन्द्र शेखर महतो, वैद्यनाथ पाल,मो० आजाद अंसारी, विमल कुमार सिंह, दीनबंधु दास, धृतेश्वर मुर्मू प्रमोद तांती, गणेश चन्द्र मंडल, मिलन मंडल ,गोरेन्द्र कुमार, बासुकीनाथ पाल, हरदेव यादव ,अनिता महतो, विजेश्वर प्रसाद मेहता, राकिया बीबी, मदन चन्द्र राणा बबीता कुमारी मुर्मू ,प्रफुल्लित पुर्ती , उज्ज्वल कुमार दे, मिहिर कुमार यादव, सोनाराम हेंब्रम ,देवनारायण उरांव, मोहित कुमार यादव, तपन कुमार कविराज, नीरूपम महतो, पार्वती टूडु, बाबूधन टूडु,छोटका मुर्मू, भास्कर सिंह, कृपासिंधु घोष,मागाराम दास, सरोज कुमार मुर्मु,वृंदावन महतो ,उत्तम कुमार घोष, उत्तम कुमार लायेक ,अमजद मियां सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## दो बालकों को उनके भावी माता-पिता को सौंपा गया

**शुभ भास्कर कार्यालय प्रभारी प्रमोद कुमार मोतिहारी,पू०च०।**

प्रभारी जिला पदाधिकारी द्वारा विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के दो बालकों को उनके भावी माता-पिता को सौंपा गया ।बालक सोहन कुमार(काल्पनिक नाम) उम्र-05 माह को देवघर के एक दम्पत्ति को प्री-एडॉप्शन में दिया गया। बालक के भावी पिता अनिर्बान सेन गुप्ता एक इंस्योरेंस कम्पनी में कार्य करते हैं, वही भावी माता अनन्या सेनगुप्ता गृहिणी है ।दूसरा बालक शुभम कुमार(काल्पनिक नाम) माह जून-2022 में हीं प्री-एडॉप्शन में नैनीताल जा चुका था। वही प्रभारी जिला पदाधिकारी द्वारा उसके एडॉप्शन का अंतिम आदेश पारित करते हुये उसे उसके माता-पिता गीता राणा निगम एवं दिलीप निगम को सौंपा गया ।विदित हो कि यह जिले का पहला मामला है जब जिलाधिकारी के स्तर से दत्तक ग्रहण का अंतिम आदेश पारित किया गया है ।विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में वर्तमान में 0-6 वर्ष के आयुवर्ग के अभी 12 शिशु आवासित है।

# एसडीओ ने केसरिया बीएलओ के साथ की बैठक

**शुभ भास्कर प्रखंड रिपोर्टर सुरेन्द्र यादव चकिया -पू०च०।**

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर केसरिया नगर पंचायत के मतदाता सूची के विखंडन की कवायद शुरू हो गई है। इसी को लेकर सोमावर को एसडीओ एसएस पांडे ने अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में केसरिया नगर पंचायत में आने वाले बीएलओ के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान एसडीओ ने कहा की 1 जनवरी 2023 के आधार पर बिहार विधानसभा का अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची का वार्ड वार विखंडिकरण करना है। जिसे आगामी 13 से 23 मार्च तक मतदाता सूची को वार्ड वार बनाने का निर्देश दिया। साथ हीं कहा की मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 5 अप्रैल को किया जाएगा। दावा आपत्ति 5 से 18 अप्रैल तक लिया जाएगा जबकि 3 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। वहीं एसडीओ ने अधिसूचना जारी कर कुल 11 वार्डों के लिय तीन अधिकारीयों को वार्ड वार रिवाइजिंग आथॉरिटी अधिकारी नियुक्त किया है। केसरिया बीडीओ अमित कुमार को वार्ड 1,2,3,4 व सीओ प्रवीण कुमार सिन्हा को वार्ड 5,6,7,8 तथा बीडीओ कल्याणपुर अरविंद कुमार सिंह को वार्ड 9,10,11 का रिवाइजिंग आथॉरिटी अधिकारी नियुक्त किया। ज्ञात हो कि केसरिया नगर पंचायत में कुल ग्यारह वार्ड में चुनाव होना है। मौके पर चकिया बीडीओ अब्दुल क्यूम केसरिया कार्यपालक पदाधिकारी समीर कुमार कल्याणपुर सीओ विजय राय के अलावा बीएलओ सहित अन्य मौजूद थे।

## शून्यकाल में विधायक ने सड़क निर्माण की मांग की

**दैनिक शुभ भास्कर देवघर प्रखंड संवाददाता**

सोमवार को विधानसभा सत्र के शून्यकाल के दौरान देवघर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक नारायण दास ने देवघर के मुख्य सड़क रोहिणी से कपसिया बिरनियाँ बाघमारी होते हुए जीतपुर पथ,जो काफी जर्जर अवस्था में है ।साथ ही उक्त पथ पर वर्तमान में चलना मुश्किल है। और बरसात में किचड़मय हो जाता हैं। उसे देखते हुए विधायक ने इस सड़क के निर्माण के लिए अपने विधानसभा सत्र के दौरान सरकार से मांग किया है।

## भाजपा कुंडहित मंडल अध्यक्ष सजल ने परीक्षा को ले दी शुभकामनाएं

**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा) में**

सोमवार को भाजपा कुंडहित मंडल अध्यक्ष सजल दास ने सालुका स्थित अपने आवास में एक प्रेस बयान जारी कर राज्य में मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा देने वाले छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने प्रेस बयान में छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए भयमुक्त होकर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा केवल आपकी शैक्षणिक योग्यता की परीक्षा नहीं है, बल्कि यह आपकी शांति, स्थिरता और साहस की भी परीक्षा है कृपया पूरे साहस के साथ ये परीक्षा दे और इसमें उत्तीर्ण हो तथा अपने गुरुजनों के साथ साथ अपने राज्य का भी नाम रोशन करें। साथ ही कहा कि आप लोग अच्छे ढंग से परीक्षा दीजिए मैं आप लोगों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। उल्लेखनीय है कि मंगलवार से पूरे राज्य में झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक तथा इंटर की परीक्षा प्रारंभ हो जाएगी।

## किसानों एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच ट्रैक्टर व पंपसेट का किया गया वितरण

**दैनिक शुभ भास्कर सुष्मिता कुमारी नाला ( जामताड़ा)**

भूमि संरक्षण कार्यालय के द्वारा सोमवार को प्रखंड परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के बीच ट्रैक्टर तथा किसानों के बीच पंपसेट वितरण किया गया। इस अवसर पर बीडीओ आकांक्षा कुमारी, प्रखंड प्रमुख कलावती मुर्मू ,20 सूत्री अध्यक्ष उज्जवल भट्टाचार्य ,विधायक प्रतिनिधि वासुदेव हांसदा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के कर कमलों द्वारा एसएसजी ग्रुप की महिलाओं तथा किसानों के बीच पंपसेट एवं ट्रैक्टर वितरण किया गया। मालूम हो कि इस क्रम में 80% सब्सिडी में ट्रैक्टर तथा 90% सब्सिडी में पंपसेट किसानों के बीच वितरण किया गया ।बताया जाता है कि सूचीबद्ध किसानों के बीच 26 पंप सेट का वितरण किया गया । इस दौरान भाल जुड़िया आजीविका महिला ग्राम संगठन तथा राख आजीविका महिला ग्राम संगठन के बीच 2 ट्रैक्टर प्रदान किया गया। मौके पर बीपीएम अमीर हेम्ब्रम, जेएसएलपीएस के सीसी संजय चक्रवर्ती, भूमि संरक्षण विभाग के एप एस बबलू मुर्मू के अलावे सप्लायर सौरभ टिबरेवाल, युद्ध पति घोष सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा लाभुक मौजूद थे।

## खसरा-रूबेला टीकाकरण को लेकर प्रखंड सभागार में बैठकआयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)**

सोमवार को प्रखंड सभागार में खसरा-रुबैला टीकाकरण को लेकर एक बैठक बीडीओ श्रीमान मरांडी के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ के अलावे डॉ मंजुला मुर्मू,एसएमओ डॉ अनमोल सिंहा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डां नेपाल हेम्बरम, शशीभुषण आदि उपस्थित थे। इस दौरान डॉ मंजुला मुर्मू ने बताया 09 से 15 वर्ष तक आयुवर्ग के सभी बच्चों को खसरा रुबैला टीकाकरण करना है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विद्यालय एवं आंगनवाडी केन्द्र से सहयोग लेना है। बताया कि इस आयुवर्ग के बच्चें को आंगनवाडी केन्द्र में तथा प्राथमिक विद्यालय में पाये जाते है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सेविका एवं विद्यालय के सचिव से सहयोग लेना है। मौके पर बीडीओ ने बच्चो को जागरुक करने के लिए प्रभात फेरी, रैली आदि का आयोजन करने का निर्देश दिया। उन्होने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम सुन्दर भगत तथा बाल विकास परियोजना के कर्मियों को क्षेत्र में प्रभाव फैलाने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार करने की बात कही। ताकि 09 से 15 वर्ष आयुवर्ग के एक भी बच्चे टीकाकरण से छुट न जाय। मौके पर उक्त अधिकारी के अलावे प्रभारी बीपीएम सलिम खान, बीईईओ राम सुंदर भगत, महिला पर्यवेक्षिका गीता देवी, एस्थेर रानी हेम्बरम, लीलाबती मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## श्री श्री रामचरितमानस 5 दिवसीय यज्ञ को कलश यात्रा आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर मनीष बरणवाल जामताड़ा**

सोमवार को करमदाहा शिव मंदिर प्रांगण,देवलबाड़ी में श्री श्री रामचरित मानस 5 दिवसीय यज्ञ के लिए कलश यात्रा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा वरीय नेता वीरेंद्र मंडल उपस्थित थे ।इस भव्य कलश यात्रा के साथ करमदाहा शिव मंदिर प्रांगण,देवलबाड़ी में पांच दिवसीय श्री श्री रामचरित मानस यज्ञ का शुभांरभ हो गया। यह महायज्ञ पांच दिनों तक चलेगी ,17 मार्च को महायज्ञ की पूणार्हुती ,मूर्ति विसर्जन और भंडारे के साथ ही यज्ञ का समापन होगी ।इस दौरान विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन होगा ।भाजपा वरीय नेता वीरेंद्र मंडल ने कहा कि दुखिया मंदिर में आयोजित श्री श्री रामचरितमानस पंच दिवसीय यज्ञ में अपने तन मन और सामर्थ्य के हिसाब से धन देकर इस महायज्ञ को सफल बनाएं एवं अपनी अपनी भूमिका का निर्वहन करें ।यह हम सभी के लिए बड़े ही गर्व की बात हैं की प्रतिवर्ष यज्ञ समिति के द्वारा मंदिर प्रांगण में यज्ञ का आयोजन किया जाता हैं, ओर इसी निमित इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम उत्साह और भक्तिपूर्ण माहौल में श्री श्री रामचरित मानस पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं ।मौके पर मुख्य रूप से संजय ओझा,कुबेर सिंह, सुबास मंडल,श्याम सुंदर मंडल, वीरू महतो,वरुण मंडल,तपन मंडल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बाल विकास परियोजना कार्यालय नहीं खोला जाता है समय पर

दरभंगा सदर प्रखंड मुख्यालय सहित अंचल, आरटीपीएस काउंटर, ई किसान भवन ,मनरेगा भवन, बीआरसी भवन सहित बाल विकास परियोजना में पदाधिकारी को नियमित निरीक्षण के अभाव में पदाधिकारी कि मनमौजी की वजह से आमजन परेशान हैं और इसका असर सीधा सरकार की योजना पर पड़ रहा है। बता दे कि जिला मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर सदर विकास परियोजना अवस्थित है जहां सीडीपीओ कार्यालय भगवान भरोसे चल रहा है। सोमवार को सीडीपीओ कार्यालय सुबह 11बजकर 7 मिनट पर खोला गया। ऐसा स्थिति अक्सर देखने को मिलता है। वहीं कृषि कार्यालय का भी यही हाल है वहां भी पदाधिकारी नजर नहीं आते हैं समय पर कार्यालय नहीं खोला जाता है। कार्यालय के पदाधिकारी को देखने के लिए किसान तरस गए हैं कई किसान बताया कि प्रभारी कृषि पदाधिकारी को देखे हुए कई माह हो गया कब आते हैं कब जाते हैं पता ही नहीं चल पाता है। वही सबसे बड़ा लापरवाही बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय सदर का है जहां एक सुबह 11 बजे के बाद पदाधिकारी, कर्मी कार्यालय आते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर ऐसी स्थिति सदर बाल विकास परियोजना का कब सही होगा। जबकि सीडीपीओ निभा कुमारी दरभंगा शहरी सहित दरभंगा ग्रामीण के प्रभार में भी है। अगर कोई सेविका, सहायिका सहित अन्य व्यक्ति कोई कार्य के लिए सीडीपीओ से मिलना हो तो बड़ा मुश्किल होता है मिलना। इस समस्या पर प्रभारी सीडीपीओ निभा कुमारी से दूरभाष पर बात करने की कोशिश किया गया पर उनके द्वारा सरकारी मोबाइल पर फोन रिसीव नहीं किया गया।

# असामाजिक तत्वों ने भालपट्टी पंचायत सरकार भवन में की तोड़फोड़

दरभंगा सदर प्रखंड क्षेत्र के भालपट्टी पंचायत के वार्ड संख्या 6 स्थित पंचायत सरकार भवन में असामाजिक तत्वों ने भवन में की तोड़फोड़। बता दें कि इसकी जानकारी सोमवार को मुखिया विनोद साहू को मिला वहीं मुखिया ने की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सौरभ एवं भालपट्टी ओपी को दिया। वहीं मुखिया विनोद साहू ने बताया कि सोमवार को सूचना मिला कि पंचायत सरकार भवन में कई बड़े-बड़े भिंडी लेटर को तोड़ दिया गया है। जब वहां गया तो काफी नुकसान देखने को मिला और छत पर नशीली पदार्थ भी पाया गया। इसको लेकर अज्ञात लोगों के खिलाफ भालपट्टी ओपी में आवेदन दिया जाएगा। वही देर रात्रि पंचायत सरकार भवन पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है जिसको लेकर कभी भी बड़ी घटना घटने की संभावना है। वहीं वार्ड संख्या 6 के वार्ड सदस्य प्रेम लाल मंडल ने बताया कि यह घटना शनिवार की ही देय रात्रि की है क्योंकि रविवार को पंचायत सरकार भवन बंद था और जानकारी नहीं मिल पाया। वही सोमवार को इसकी जानकारी मिला जब पंचायत सरकार भवन में देखा गया तो काफी सामान को तोड़ दिया गया था असामाजिक तत्वों के द्वारा और कई जगह पर नशीली पदार्थ भी देखने को मिला। इसको लेकर अज्ञात लोगों पर भालपट्टी ओपी को आवेदन देकर मामला दर्ज कराया जाएगा। वही बताया कि अगर समय रहते इस पर पहल नहीं किया गया तो और भी बड़ी घटना घट सकता है पंचायत सरकार भवन में। वहीं मुखिया ने बताया कि अब इसको चारदीवारी को और ऊंचा किया जाएगा और सौंदर्य करण करके एक गार्ड उपलब्ध कराया जाएगा

## कुंडहित वन प्रक्षेत्र कार्यालय में रेंज कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन, डीएफओ हुए शामिल

**दैनिक शुभ भास्कर मोहन मंडल कुंडहित(जामताड़ा)**

सोमवार को वन प्रक्षेत्र कार्यालय में रेंज कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला वन पदाधिकारी अजिंक्य देवीदास मुख्य रूप से उपस्थित थे। कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डीएफओ ने अधिकारियों एवं कर्मियों को स्थानीय लोगों के साथ समन्वय स्थापित कर वनों की रक्षा करने का निर्देश दिया। वही उन्होंने सभी को विभाग से जुड़े कार्यो की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत के क्रम में उन्होंने बताया कि प्रत्येक महीना में रेंज कॉन्फ्रेंस जिला मुख्यालय में होता है लेकिन इस महीना में रेंज कॉन्फ्रेंस का आयोजन कुंडहित वन प्रक्षेत्र कार्यालय में रखा गया है। रेंज कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी को मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने कहा कि आए दिन आग लगी की घटना प्राय घटित हो रही है जिसको लेकर रेंजर, वनरक्षी एवं वन कर्मियों को निर्देशित किया गया एवं मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने अगलगी की घटना को लेकर ग्रामीणों से मदद करने की अपील की। कहा कि हमारे पास ब्लोअर, कटर आदि आग बुझाने के संसाधन उपलब्ध है। इसकी सहायता से हम लोग आग पर काबू पाते हैं। मौके पर रेंजर रामचंद्र पासवान, वनरक्षी दुर्गा किस्कू, जाफर मियां, सपन पंडित, नारायण मुर्मू, पुलक कुमार माल, रामेश्वर हांसदा एंव काफी संख्या में कुंडहित के पशु रक्षक उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय यज्ञ को लेकर तैयारी संपूर्ण, आज 251 कन्याओं द्वारा कलश में जल भरकर यज्ञ स्थल पहुंचेंगे

**शुभ भास्कर रिपोर्ट प्रशांत मंडल**

पाकुड़ /लिट्टीपाड़ा प्रखंड में 14 मार्च से तीन दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में किया जाएगा। जिसकी सम्पूर्ण तैयारी स्थानीय जन सहयोग से हो गई है। हवन कार्यक्रम की उत्साह में प्रखण्ड वासी मगन हो गए। सम्पूर्ण प्रखण्ड क्षेत्र का वातावरण भक्तमय हो गया है।कार्यक्रम के पहले दिन 251 कन्याओ के द्वारा जोबोडीह नदी से कलश में जल भर यज्ञ स्थल पर पुरोहितो द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ स्थापित किया जाएगा।वही यज्ञ स्थल पर दो हजार स्कुवाईर फीट में बने 9 हवन कुंडो में 15 मार्च को हरिद्वार समेत कई स्थानों से पहुंचे पुरोहितो के द्वारा गायत्री भक्तो को वैदिक मंत्रोचारण के साथ हवन करवाएगें।15 एवं 16 मार्च को यज्ञ प्रवचन एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।जिसकी सम्पूर्ण तैयारी कर लिया गया है।यज्ञ को लेकर लिट्टीपाड़ा समेत सम्पूर्ण प्रखण्ड क्षेत्र में चहल पहल बढ़ गयी है और वातावरण भक्तिमय हो गया है।

## मामूली विवाद में किताजोड और कूड़ापांडा एक ही समुदाय दो पक्ष आपस में ही भिड़े किया पथराव

शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत - पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कित्ताजोड़ और कूड़ापाड़ा में होली में रंग लगाने और जाति सूचक गाली देने से एक ही समुदाय के दो पक्ष हुए विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है, मौहल्ले वालों ने कई बार आपसी संवाद कर,कई बैठक कर स्थिति को संभालना चाहा लेकिन नतीजा कुछ भी नही निकला,विवाद बढ़ते बढ़ते रविवार शाम से लेकर रात तक एक ही समुदाय के दो पक्षों में आपसी पथराव होने लगे, मौके पर नगर थाना पुलिस अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंची, पुलिस के द्वारा दोनो पक्षों के लोगों क समझाने की कोशिश भी की गई लेकिन उग्र भीड़ के पथराव से एएसआई उपेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए उनके सिर में पत्थर लगने से काफी चोट आई है,डॉक्टर के द्वारा दो टांके भी लगाए

गए है। मोहल्ले में हुआ विवाद थाना पहुंचा जिसमे दोनो गुटों के उग्र भीड़ ने नगर थाना के सामने मुख्य सड़क भी पथराव किए और थाना परिसर में ,दोनो गुटों के तरफ से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे थे,घटना की सुचना मिलते ही मौके एसडीपीओ अजीत कुमार विमल नगर थाना पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली और लोगों को समझा बुझा कर उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया, कूड़ा पाड़ा के वार्ड मेंबर ने लिखित आवेदन शिकायत नगर थाना को दी है।एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने दोनो पक्षों के लोगों को समझा बुझा कर माहौल को शांत कर दोनो मोहल्ले के महिला एवं पुरुष को पुलिस की सुरक्षा में घर पहुंचाया और कुछ पुलिस बल को रात भर दोनो मोहल्ले के लोगों की सुरक्षा हेतु मोर्चे पर तैनात किया है। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र में दो समुदाय आपस मैं भिड़ गए। और एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लग रहे हैं। होली में रंग डालने को लेकर आपसी विवाद हुआ था जिसकी पंचायती आज वार्ड कमिश्नर के घर में होनी थी। पंचायती करने के लिए दोनों गुटों के लोग वार्ड कमिश्नर के घर गए वहीं शराब के नशे में दोनों गुटों में पुनः लड़ाई हो गई और भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस अपने दल बल के साथ कितजोड़ पहुंची और भीड़ को कंट्रोल किया। वर्तमान में दोनों पक्षों के लोग थाना में अपना अपना आवेदन दे रहे हैं जो दोषी होंगे उसे पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## चार महीने से डीलर ने नहीं दिया राशन, ग्रामीणों ने उपायुक्त को दिया आवेदन

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

पाकुड़ सदर प्रखंड के माल पहाड़ी पंचायत अंतर्गत बिसनपुर पाइप पाड़ा खपराजोला सहित कई गांव के ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है पीडीएस डीलर द्वारा कार्ड धारियों को चार महीने से राशन नहीं दिया जा रहा है ग्रामीणों का कहना है कंप्यूटर में सामान रखकर रसीद निकाल लिया जाता है जिससे सभी कार्ड धारी सैकड़ों की तादाद में समाहरणालय पहुंचकर उपायुक्त वरुण रंजन को दिया आवेदन राशन कार्ड पर अंकित करने व अंगूठा लगवाने और राशन नहीं देने की शिकायत की है। ग्रामीणों ने कहा कि जन वितरण प्रणाली के दुकानदार की ओर से ग्रामीणों को चार माह का राशन नहीं दिया गया है वहीं राशन की मांग करने पर जहां जाना जाओ कुछ नहीं होगा कि धमकी दिया जाता है। राशन कार्डधारियों ने कहा कि चार माह से राशन नहीं मिलने से हमलोगों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। हमलोग काफी गरीब लोग हैं। राशन के सहारे दो वक्त का भोजन किसी तरह मिल पाता है। ऐस में डीलर की मनमानी से हमलोग परेशान हैं। ऐसे में हमलोग क्या करें। ग्रामीणों ने डीसी से राशन दिलाने की गुहार लगाई है।

## किशनगंज जदयू जिला कार्यालय कबीर चौक किशनगंज में जदयू पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक

**दैनिक शुभ भास्कर किशनगंज संवाददाता अब्दुल जब्बार**

किशनगंज जदयू जिला कार्यालय कबीर चौक किशनगंज में जदयू पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक जदयू जिलाध्यक्ष पूर्व मंत्री नौशाद आलम की अध्यक्षता में आज सम्पन्न हुई।बैठक में जदयू प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कोचाधामन मुजाहिद आलम, जदयू प्रमंडलीय प्रभारी माननीय पूर्व विधान पार्षद भूमि पाल राय सहित जदयू विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं पार्टी पदाधिकारियों ने भाग लिया। शीर्ष पार्टी नेतृत्व के निर्देश अनुसार आगामी 07 अप्रैल को बिहार के सभी अनुमंडलों में भीम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। जिसमें दलित एवं महादलित समाज के लोगों की अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी होगी।

किशनगंज जिला में चकला पंचायत के चकला गांव में महिला समाख्या भवन में भीम संवाद आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में माननीय भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भाग लेंगे।13 अप्रैल की संध्या आंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर सभी पंचायतों में अम्बेडकर के तैलीय चित्र के सामने द्वीप प्रज्वलित कर संविधान निमार्ता डा भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी एवं डा भीमराव अम्बेडकर के योगदान के बारे में लोगो को बताया जायेगा।14 अप्रैल को सभी पंचायतों में भीम चौपाल का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कई कमिटियों का गठन किया गया है। कार्यक्रम में जदयू प्रदेश महासचिव प्रहलाद सरकार, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बलराम दास, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एहतेशाम अंजुम, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती जानकी सिन्हा,डा नजरूल इस्लाम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दानिश एकबाल,हरिहर पासवान, नजरूल हक सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## देश आर्थिक गुलामी की ओर बढ़ रहा है:तारिक अनवर

कटिहार। कदवा पंचायत भवन में कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक कांग्रेस को पंचायत एवं बूथ अस्तर पर संगठित करने के उद्देश्य से सम्पन्न हूई। बैठक के मुख अतिथि कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव तारिक अनवर थे। बैठक अद्यक्षता पूर्व विधान पार्षद प्रत्याशी सुनील कुमार यादव ने की।बैठक को संबोधित करते हुए तारिक अनवर ने कहा आज देश आर्थिक गुलामी की ओर बढ़ रहा है।मोदी सरकार अड़ानी जैसे पूंजीपतियों की कठपुतली बनकर रह गए हैं।गरीब और गरीब होते जा रहे हैं।ऐसे समय में कांग्रेस को मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कांग्रेस गुळ पदाधिकारियों व पंचायत स्तर पर कमेटियां गठित करने का निर्देश दिया। बैठक में बी के ठाकुर, दिलीप विश्वास,संजय सिंह, शहनवाज खान, रिंकु मिश्रा, मो नैयर , मो सलीम, संजय भगत, किशोर यादव , आशीष सिंह , दीपिका आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पाकुड़ शहर पुराना सदर अस्पताल में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सहीयाओ के साथ बैठक आयोजित की गई

**शुभ भास्कर संवाददाता पंकज भगत**

पाकुड़ शहर के पुराना सदर अस्पताल में मौसमी बीमारी की रोकथाम को लेकर सहीयाओ के साथ बैठक आयोजित की गई जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य कार्मियों की टीम ने घर-घर जाकर लोगों को मौसमी बीमारियां जैसे खसरा डेंगू, मलेरियां, स्वाइन फ्लू, चिकनगुनिया एवं स्क्रब टाइफाइड जैसे रोगों से सचेत रहने संबंधी जानकारियां दी। डॉ. के के सिंह ने बताया कि स्वाइन फ्लू, डेंगू, खसरा मलेरिया, चिकनगुनिया, स्क्रबटाईफस के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए एएनएम, सहियाओ सहित स्वास्थ्य कार्यकर्ता को सम्मिलित कर बनाई गई टीमों ने घर-घर जाकर लोगों को इन बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा इसी को लेकर नगर स्थित पुराना सदर अस्पताल परिसर में सोमवार को आयोजित किया गया।इसके तहत

गांव-गांव जाकर लोगों को मौसमी बीमारी खसरा टाइफाइड चिकनगुनिया आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मौसमी बीमारियों के बचाव हेतु चिकित्सा विभाग द्वारा रोग होने से रोका जा सकता है। निदेर्शः सावधानी रखें व एहतियात बरतें स्वास्थ्य दलों द्वारा लोगों को मौसमी बीमारियों से बचने के लिए विशेष एहतियात बरतने की सलाह दी गई। गंदगी भरे क्षेत्रों में रह रहे लोगों को बताया कि वह अपने घरों के आसपास पानी जमा ना होने दें। वहां पर बने हुए गड्ढों में मिट्टी डालकर उन्हें सही करवाएं। घरों के आसपास बनी हुई नालियों में जला हुआ तेल या केरोसिन आदि डालें ताकि लार्वा ना पनप सके। घरों के आसपास पुराने टायर, कबाड़ व वह स्थान जहां बारिश का पानी जमा हो उन्हें खाली करवाकर साफ करवाएं। घरों में काम आने वाले मटकों के नीचे वाले बर्तन, गमले, फूलदान आदि के पानी को समय-समय पर खाली करते रहें। कूलर, फ्रीज के पीछे की ट्रे, घर के बाहर रखी पानी की टंकी व परिंडों को भी नियमित अंतराल में साफ करते रहते की जानकारी दी गई। इसके अलावा प्रचार-प्रसार सामग्री भी दी गई।

## भागलपुर की क्षेत्रीय बैठक में कटिहार की सर्वाधिक उपस्थिति रही

कटिहार। भारतीय जनता पार्टी के सात जिला स्तरीय क्षेत्रीय बैठक भागलपुर में आयोजित की गई। जिसमें कटिहार जिला के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष मनोज राय के साथ सभी जनप्रतिनिधि जिला के पदाधिकारी मोर्चा के अध्यक्ष की सर्वाधिक उपस्थिति रही। जिसको लेकर क्षेत्रीय बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े एवं संगठन महामंत्री भिखूभाई दिलसानिया , प्रतिपक्ष नेता विजय सिन्हा ने जिला अध्यक्ष मनोज राय का अंग वस्त्र भेट कर उन्हें बधाई दिया। साथ-साथ कटिहार जिला के संगठनात्मक एवं शक्ति केंद्र स्तर पर संगठन को मजबूती एवं समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं को और सशक्त एवं मजबूत बनाकर चुनाव जीतने के लिए बूथ स्तरीय कई कार्यक्रमों को करने को कहा। भागलपुर में आयोजित क्षेत्रीय बैठक में उपमुख्यमंत्री तार किशोर प्रसाद,विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल, कोढा विधायक कविता

पासवान, प्राणपुर विधायक निशा सिंह, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी ,पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, पूर्व विधायक विभाष चौधरी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो,जिला प्रभारी प्रफुल्ल रंजन वर्मा, तल्लू बास्की ,जिला के महामंत्री वीरेंद्र यादव, राम नाथ पांडे दिलीप बर्मा उपाध्यक्ष बवन झा, कैलाश सिंह, दिनेश्वर मंडल,शोभा जयसवाल, राजकुमार राय ,छाया तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार मालाकार, मंत्री धर्मनाथ तिवारी, रवि आजाद, मुकेश पोद्दार, प्रेम प्रकाश, शांति जयसवाल, कोषा अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव,किसान मोर्चा अध्यक्ष शिव शंकर सिंह, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष इफ्तखार राय, मनोज झा, अरुण सिंह ने भाग लिया।

## टीएसएस मूल ने सरकार से दो-दो हाथ करने के लिए की बैठक: डॉ0 मनोज

कटिहार। जिला मुख्यालय अवस्थित हरिशंकर नायक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिलाध्यक्ष डॉ मनोज देव की अध्यक्षता मे आपातकालीन बैठक हुई सम्पन्न।इस मौके पर डॉ० देव एवम्-शिवकिशोर ने कहा कि सरकार टीईटी शिक्षकों के साथ योगदान काल से ही भेदभाव करती आ रही है।

इस भेदभाव को पदार्फाश करने के लिए तथा अपने हक अधिकार को छीनकर लेने के लिए 17 मार्च को पटना के गर्दनीबाग में होने वाली टीएसएसमूल के महाधरना में शामिल होने तथा 10 सूत्री मांग पर गहन मंथन, चिंतन करते हुए पटना जाने के लिए संघीय नेताओं ने इस बैठक में जिले के कोने कोने से आकर अपने-अपने विचार सुझाव देकर सरकार के दो नीति और टेट शिक्षकों के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैया तथा एनआईओएस से प्रशिक्षित शिक्षकों को वेतन कटौती की साजिस का पदार्फास करना है। शिक्षिकाओं को

31 मार्च2019 तक में ही प्रशिक्षित मानवाने के साथ दस सूत्रीय मांग को लेकर पटना के गर्दनीबाग मे शांतिपूर्ण एकदिवसीय महाधरना में शामिल होने पर चर्चा हुई। इस मौके पर जिलाध्यक्ष व प्रदेश वरीय सचिव डॉ०मनोज कुमार देव के साथ जिला महासचिव शिवकिशोर यादव,सोशल मीडिया प्रभारी श्रीमती सुधा कुमारी, जिला वरीय सचिव दीपक कुमार, कदवा प्रखंड के उपाध्यक्ष राज प्रियदर्शी, मनिहारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान, आदि गणमान्य पदधारियों के अलावे रविंद्र कुमार, अवधेश कुशवाहा, राहुल कुमार आदि संघीय नेता मौके पर मौजूद थे।इन सब में जन आक्रोश खुली आंखों से देखने को मिली और बिहार सरकार से दो-दो हाथ करने के लिए कमर कसने का वादा किया।

## 'पानी के लिए सबसे अधिक हत्या बिहार में', BJP विधायक के सवाल पर भड़के मंत्री विजेंद्र यादव

**रिपोर्ट : स्वेता कुमारी पटना:** होली के बाद एक बार फिर से सोमवार को बिहार विधानमंडल का बजट सत्र शुरू हुआ. पहले दिन अलग-अलग मुद्दों को लेकर सदन के अंदर और बाहर विपक्ष का हंगामा देखने को मिला. वहीं, विपक्ष के कई सवालों से सरकार के मंत्री असहज दिखे. बीजेपी विधायक संजय सरावगी ने बिहार में पानी के लिए हत्या का मामला उठाया. जिस पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि सूबे में 112 हत्याएं हुईं हैं. पानी के लिए बिहार में सबसे अधिक हत्याः सत्र के आठवें दिन नल जल योजना को लेकर सवाल उठाते हुए संजय सरावगी ने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी इस योजना की तारीफ करते नहीं थकते हैं, लेकिन इसके बावजूद आए दिन पानी के लिए लोग एक-दूसरे के खून के प्यासे हो जाते हैं. उन्होंने कहा कि देश में एक साल के अंदर पानी के लिए 265 जानें गईं हैं,

जिनमें से सिर्फ बिहार में 112 लोगों की हत्या हुई है. यह सरकार के लिए शर्मनाक स्थिति है. राज्य सरकार को बताना चाहिए कि आखिर क्यों पानी के लिए इतनी जानें जा रही हैं. इसे रोकने के लिए आखिर सरकार ने क्या प्रयास किए हैं. 112 लोगों की पानी के लिए हत्याः बीजेपी विधायक के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री विजेंद्र यादव ने कहा कि ये सच है कि पानी के लिए बिहार में एक साल में 112 लोगों की हत्या हुई है लेकिन इस मामले में बिहार अव्वल है, इसे नहीं माना जा सकता. उन्होंने कहा कि जब तक पूरा आंकड़ा सही से नहीं देखेंगे, इस बारे में कुछ नहीं कह सकते. मंत्री के कहने पर संजय सरावगी ने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला भी दिया. "सरकार ने भी पानी के लिए मौत की बात को स्वीकारा है, क्योंकि यह आंकड़ा सरकारी है. राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो की ओर से यह आंकड़ा जारी किया गया है. जो राज्य सरकार आंकड़ा भेजती है, उसे ही यह जारी करती है. उसमें सरकार ने जो जवाब दिया है, उसमें 2019 में पूरे देश में 90 हत्या जल के कारण हुई है, जिसमें 44 बिहार में हुई. 2020 में पूरे देश में 118 हत्या हुई है, जिसमें 39 बिहार में. 2021 में 67 हत्या हुई है पूरे देश में और बिहार में 29"- संजय सरावगी, विधायक, बीजेपी

## जनता दरबार में समस्याओं का किया समाधान

**कटिहार।** नगर निगम कार्यालय में हर सोमवार को लगने वाला जनता दरबार में नगर निगम की महापौर उषा देवी अग्रवाल के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया।जनता दरबार में नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न लोगों की समस्याओं का निदान किया। लगभग 40 फरियादी ने महापौर के समक्ष रखा। अपना समस्या 40 फरियादियों में सबसे ज्यादा होल्डिंग टैक्स, आवास योजना एवं सफाई के लिए लोगों ने महापौर को जनता दरबार के माध्यम से अपनी समस्याओं को बताया। सभी समस्याओं का समाधान महापौर द्वारा विभागीय लोगों को बुलाकर सभी की समस्याओं का निदान कराया गया। कुछ समस्या का निदान के लिए लिखित कार्यवाही महापौर उषा देवी अग्रवाल के द्वारा की गई है। जिसके समाधान के लिए जल्द कार्रवाई की जाएगी। महापौर द्वारा लगातार जनता दरबार में लोगों की समस्याओं को सुन रही है। और उनका निपटारा त्वरित कर रही है।

## तेज प्रताप यादव के घर चोरी में नया ट्विस्ट, आरोपी कलाकार का दावा- फीस मांगने पर मंत्री ने FIR करा दी

रिपोर्ट : स्वेता कुमारी पटना : राजद सुप्रीमो लालू यादव के बड़े बेटे और नीतीश सरकार में मंत्री तेज प्रताप यादव के सरकारी आवास से पांच लाख चोरी होने के मामले में अब नया ट्विस्ट आ गया है। यूपी के वृंदावन से आए जिन कलाकारों पर चोरी का आरोप लगा है, उनका कहना है कि पारिश्रमिक का 60 हजार रुपये बकाया मांगने पर उनपर मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। बता दें कि यूपी के वृंदावन से कलाकारों की टोली होली का कार्यक्रम प्रस्तुत करने पटना आई थी। मंत्री तेज प्रताप के निजी सचिव मिसाल सिन्हा की शिकायत पर सचिवालय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। दीपक कुमार सहित छह कलाकारों को आरोपित बनाया गया। हालांकि दीपक कुमार ने मामले को झूठा बता रहे हैं। उन्होंने बताया है कि

पारिश्रमिक का बकाया 60 हजार रुपये मांगने पर उनपर मुकदमा दर्ज करा दिया गया। गौरतलब है कि होली में कार्यक्रम के लिए दीपक कुमार सहित छह कलाकारों को वृंदावन से पटना बुलाया गया था। उन्होंने पटना में कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। नौ मार्च की देर रात कलाकारों को पर्यावरण मंत्री के सरकारी आवास तीन स्ट्रैंड रोड पर ठहराया गया था। मंत्री के निजी सचिव मिसाल सिन्हा ने पुलिस को दी लिखित शिकायत में कहा है कि इसी बीच सभी कलाकार बिना बताए फरार हो गए। बाद में पता चला कि आवास से पांच लाख रुपये का सामान गायब है। 10 मार्च की सुबह फोन कर दीपक कुमार से गायब सामान के बारे में पूछा गया। दीपक और उनके साथी मंत्री के मोबाइल पर फोन कर उन्हें धमकी दे रहे थे। वहीं दीपक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के लिए 70 हजार रुपये तय हुआ था। सिर्फ 10 हजार रुपये उन्हें मिले। बकाया बाद में देने की बात कहकर कलाकारों को पटना जंक्शन पर ट्रेन में बिठा दिया गया। उन्होंने चोरी नहीं की है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।